* नगर संस्करण । पेज : 12 | 12.11.2023 | रविवार | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, अमावस्या संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 121 | khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

शुभकामना एवं सूचना

प्रकाश पर्व दीपावली पर आदिदेव श्री गणेश और मां महालक्ष्मी की पूजा को लेकर खबर मन्त्र दफ्तर और प्रेस 12 नवंबर को बंद रहेगा। अतः अखबार का अगला अंक पाठकों को 14 नवंबर को मिलेगा।
तमाम पाठकों, विज्ञापन दाताओं, शुभेच्छुओं, हॉकर और एजेंट बंधुओं को खबर मन्त्र परिवार की ओर से दीपावली की ढेरों शुभकामनाएं। -प्र.

न्यूज डायरी

नक्सली रविंद्र दस्ते का सक्रिय सदस्य धराया

रांची/लोहरदगा। लोहरदगा पुलिस ने भाकपा माओवादी संगठन के रीजनल कमांडर और 15 लाख के इनामी रविंद्र गंझू दस्ते के सक्रिय सदस्य आकाश नगेसिया उर्फ समेश्वर नगेसिया को रांची रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। एसपी हरीश बिन जमां ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई हुई है।

बोकारो में अंधाधुंध फायरिंग, एक घायल

बोकारो। शनिवार की सुबह शहर गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। सुबह लगभग 8 बजे बाइक सवार दो अपराधियों ने सेक्टर 4 से सेक्टर 9 जाने वाले में रोड में बड़े खटाल के पास गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। उन्होंने बुलेट सवार सेक्टर 9 महुआर बस्ती निवासी शंकर रवानी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी, जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया है।

ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास पहुंचे रांची

रांची। ओडिशा का राज्यपाल बनने के बाद पहली बार रघुवर दास रांची पहुंचे। जहां एयरपोर्ट पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया गया। साथ ही प्रशासन ने ओडिशा के राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

गिरिडीह : दो हादसों में दो की मौत, तीन घायल

गिरिडीह। शनिवार को दो सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य घायल हो गये। बगोदर सरिया रोड के अंबाडीह मोड़ पर गैस सिलेंडर लदे ट्रक के कार में टक्कर मारने से एक की मौत और तीन घायल हो गये। वहीं मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिहोडीह के पास अज्ञात ट्रक ने मनोज राम के पिता सरयू राम को रौंद दिया।

गहना आभूषण

सोना (बिक्री) : 57,000 रु./10 ग्राम
चांदी : 75,000 रु./प्रति किलो

रामनगरी में त्रेता युग जैसा नजारा

फिर बना रिकार्ड, 25 लाख दीयों से अयोध्या जगमग

- गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की टीम ने की 24,59,000 दीपक की गणना

एजेंसी

अयोध्या। भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में 7वें दीपोत्सव पर योगी सरकार का अपना पुराना रिकॉर्ड टूट गया। सरयू के किनारे राम की पैड़ी से जुड़े 51 घाटों पर 22 लाख 23 हजार दिये जले और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना। भगवान राम की नगरी रोशनी से नहा उठी। होलोग्राफिक लाइट के जरिए महर्षि वाल्मीकि की राम की कथा सुनायी गयी। 24 लाख दियों को जलाने के लिए 1 लाख 5 हजार लीटर सरसों तेल का इस्तेमाल किया गया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सरयू तट पर पहुंचकर मां सरयू की आरती भी उतारी। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल समेत विश्व के 41 देशों के 61 प्रतिनिधि भी इस खास पल के गवाह बने। जलाये गये 2459000 दीपक का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की टीम ने गणना की।

सीएम योगी ने अयोध्या के राम की पैड़ी से देश और प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभमानाएं दी। साथ ही कहा अयोध्या को वैश्विक मान्यता दिलाना ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है। योगी ने कहा, भगवान श्रीराम द्वारा आसुरी शक्तियों के अंत के संकल्प की पूर्ति का उल्लास है दीपोत्सव। हमारा प्रयास होना चाहिए कि दीपोत्सव का ये पर्व देश के हर गरीब और वंचितों के जीवन में नयी खुशहाली लेकर आये। उन्होंने कहा कि अयोध्या को वैश्विक मान्यता दिलाना ही पीएम मोदी का विजन है।

अयोध्या में साल 2017 से हर साल दीपोत्सव किया जाता है। सीएम योगी ने इस परंपरा की शुरुआत करायी थी। अयोध्या पहुंचने के बाद सीएम योगी रामकथा पार्क में पहुंचे। पुष्पक विमान रूपी हेलीकॉप्टर से भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण उतरे। वनवास के बाद नगर में लौटे भगवान राम का सीएम ने राजतिलक किया। सीएम ने उतारी आरती उतारी।

पहला सेमीफाइनल भारत बनाम न्यूजीलैंड 15 को

मुंबई में मत चूको चौहान

वर्ल्ड कप 2023

- दूसरा सेफा कोलकाता में अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच 16 को
- खिताबी भिड़ंत 19 को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में



एजेंसी

कोलकाता। वर्ल्ड कप 2023 में भारत, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बाद न्यूजीलैंड सेमीफाइनल में पहुंचनेवाली चौथी टीम बन गयी। पाकिस्तान प्रतियोगिता से बाहर हो गया। शानदार फार्म में चल रही भारतीय टीम बिना कोई मैच गंवाये 16 अंकों के साथ पहले ही सेमीफाइनल में पहुंची है। शनिवार को पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो गया। आइसीसी ने सेमीफाइनल का शेड्यूल जारी कर दिया है। पहले सेमीफाइनल में भारत की भिड़ंत न्यूजीलैंड से होगी। भारत के लिए 2019 के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से मिली हार का बदला चुकाने का मौका है। भारतीय टीम के प्रदर्शन को देख लोगों को उम्मीद है कि भारत इस बार बदला जरूर लेगा। वर्ल्ड कप 2023 का पहला सेमीफाइनल भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जायेगा। ये मैच 15 नवंबर को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होगा। (शेष पेज 11 पर)

झगड़े में बीच-बचाव करने पहुंची महिला की पिटाई, मौत

रांची। रातू थाना क्षेत्र के हुरहुरी बाड़ी टोला में आपसी विवाद में हुई मारपीट के बीच बचाव में गयी महिला की लाठी से मार हत्या कर दी गयी। पुलिस के अनुसार शुक्रवार देर रात महिला के देवर टुलगु और भतीजा पंकज के बीच विवाद हो गया। दोनों लड़ने लगे। इस दौरान बचाव में आयी महिला बिरसी देवी (67) को सिर में चोट लग गयी। उसे आनन-फानन में रिम्स लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने जारी किया पार्टी का संकल्प पत्र

भोपाल। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र 'संकल्प पत्र' जारी करते हुए कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर लाड़ली बहना योजना की लाभार्थियों को पक्के मकान का लाभ दिया जायेगा और प्रत्येक परिवार में कम से कम एक रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे।

पीएम का खूंटी दौरा : एसपीजी ने संभाला मोरचा

10 आइपीएस समेत 2000 जवान देंगे अभूतपूर्व सुरक्षा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। पीएम मोदी 15 नवंबर को खूंटी दौरे पर आयेंगे। यहां से वे भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू जाकर उनकी जन्मतिथि पर उन्हें नमन करेंगे। इसके अलावा पीएम मोदी एक और कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम से पूर्व शनिवार को एसपीजी ने हेलीपैड और सभा स्थल का निरीक्षण किया। एसपीजी ने उन सभी मार्गों का भी निरीक्षण किया, जिन स्थलों से पीएम का काफिला जायेगा। डीसी लोकेश मिश्रा के अलावा एसपी अमन कुमार सहित डीएसपी और अन्य पदाधिकारी भी एसपीजी की टीम के साथ थे। एसपीजी से लेकर राज्य पुलिस मुख्यालय मिलकर दोनों कार्यक्रम स्थलों में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम कर रही है। (शेष पेज 11 पर)

दो हेलीपैड बनाये जायेंगे

एसपीजी के निर्देश के अनुसार दो जगहों पर हेलिपैड बनाया गया है। पीएम के दौरे को देखते हुए झारखंड प्रशासनिक सेवा के 45 अधिकारियों की विधि-व्यवस्था संभालने के लिए प्रतिनियुक्ति की गयी है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है। 10 अधिकारी अपर समाहर्ता, 15 अधिकारी एसडीओ व 20 अधिकारी कार्यपालक दंडाधिकारी स्तर के हैं। सभी को खूंटी जिला में दंडाधिकारी की शक्ति दी गयी है। वे खूंटी उपायुक्त के नियंत्रण में कार्य करेंगे। मंच से हेलीपैड तक जाने के रास्ते को जोन पांच में रखा गया है। यह जोन नो मैंस लैंड की तरह होगा। इस रास्ते पर किसी को आने की इजाजत नहीं होगी।

अगले माह राज्य में सरकारी नौकरियों की बहार

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। दिसंबर महीने तक झारखंड में बड़े पैमाने पर सरकारी नियुक्तियां होंगी। सिर्फ शिक्षा विभाग में 35 हजार लोगों की भर्ती होगी। हेमंत सरकार के चार साल पूरे होने पर इन्हें नियुक्ति पत्र मिलने की संभावना है। इन नियुक्तियों में प्राइमरी सहायक आचार्य से लेकर पीजीटी शिक्षक शामिल हैं। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन की परीक्षा और आयोजित हो चुके परीक्षाओं के रिजल्ट दिसंबर से पहले संपन्न कर लेने को कहा गया है। झारखंड लोक सेवा आयोग और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को इस संबंध में निर्देश जारी कर चयन प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा गया है। शिक्षा सचिव के रवि कुमार के अनुसार नियुक्ति की प्रक्रिया लगातार चल रही है। 2016 के हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के जरिये चल रहा नियुक्ति अब अंतिम चरण में है। इसी तरह 3120 पीजीटी शिक्षकों की परीक्षा का भी परिणाम घोषित होते ही नियुक्ति की जायेगी।

नियुक्ति पत्र बांटने की तैयारी

हेमंत सरकार 29 दिसंबर को अपने कार्यकाल का 4 साल पूरा करने जा रही है। इस मौके पर सरकारी विभागों के खाली पदों को भरने के लिए राज्य में चल रही नियुक्ति परीक्षा को पूर्ण कर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटने की तैयारी की गयी है। सरकार को उम्मीद है कि जिस तरह से हाल के दिनों में विभिन्न पदों के लिए विज्ञापन निकाली गई हैं उसमें यदि चयन प्रक्रिया पूरी हो जाती है तो करीब 50000 नियुक्तियां सरकारी विभागों में होगी। इससे कर्मचारियों की कमी के कारण प्रभावित हो रहे कामकाज से राहत मिलेगी।

पुरुषोत्तम एक्स. पर गिरा हाईटेंशन तार, दो मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। परसाबाद स्टेशन के पास शनिवार को धनबाद-गया रेलखंड पर ओवरहेड तार गिरने से पुरी-नयी दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस बड़े हादसे की शिकार होने से बच गयी। हालांकि हादसे में दो लोगों की जान चली गयी। ट्रेन जैसे ही कोडरमा के परसाबाद स्टेशन के पास पहुंची रेलवे की ओवरहेड तार उस पर गिर गयी। ओवरहेड तार टूट कर ट्रेन पर गिरने से पूरी ट्रेन में करंट दौड़ गया। ट्रेन में अफरातफरी मच गयी। एक यात्री ने सूझबूझ से चेन पुलिंग कर दी। जिस कारण बड़ा हादसा टल गयी। तत्काल बिजली बंद कर दी गयी जिससे दोनों रेलवे लाइन पर परिचालन कई घंटे ठप रहा। हादसे के बाद दोनों लाईन जाम हो जाने के कारण वंदे भारत भी घंटों खड़ी रही। (शेष पेज 11 पर)

भाजपा इडी व सीबीआइ का ले रही सहारा: कांग्रेस

जयपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव (संचार) एवं सांसद जयराम रमेश ने राजस्थान विधानसभा आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पास कोई मुद्दा नहीं होना एवं गलत प्रचार करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह चुनाव में जनता का जनादेश पाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) एवं केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और ध्रुवीकरण का सहारा ले रही है।

भाजपा ही आदिवासियों की सच्ची हितैषी : शाह

परिवारवाद का बीज बोने वाली कांग्रेस का सफाया तय

एजेंसी

मनावर (एमपी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित ने कहा कि भाजपा ही आदिवासियों की सच्ची हितैषी पार्टी है और इसने आदिवासियों के हित में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किये हैं। श्री शाह ने इस अवसर पर आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा का स्मरण करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने ही 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जयंती गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है और इस दिन पूरे देश में व्यापक आयोजन किये जायेंगे।

उन्होंने आरोप लगाया कि कई दशकों तक सत्ता में रहने वाली कांग्रेस ने आदिवासियों का उपयोग सिर्फ वोट बैंक के रूप में किया। उनके हित में कदम नहीं उठाये। आदिवासियों के हित में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने नौ वर्षों के दौरान किये। यहां तक कि भाजपा ने इसी वर्ग से आने वाली महिला को राष्ट्रपति बनवाने का मार्ग भी प्रशस्त किया। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की ओर से आदिवासियों के हित में उठाये गये कदमों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि दिवाली के बाद परिवारवाद का बीज बोने वाली कांग्रेस का सफाया हो जायेगा। श्री शाह, मध्यप्रदेश के धार जिले के मनावर में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा, बाह्य सुरक्षा और अन्य मुद्दों का भी जिक्र किया और कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ नरेंद्र मोदी सरकार ने नौ वर्षों के दौरान इन सभी मोर्चों पर मजबूती से कदम उठाए हैं। भाजपा ने जो भी कहा है, वो करके दिखाया है। चाहे वह धारा 370 से जुड़ा मसला हो या फिर अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से संबंधित मुद्दा हो। उन्होंने कहा एमपी में बीस वर्षों पहले कांग्रेस के शासन में क्या स्थिति थी, यह सबको पता है। 20 सालों में भाजपा ने इस राज्य को विकसित राज्यों की श्रेणी में ला दिया। (शेष पेज 11 पर)



स्कूली शिक्षा सचिव ने सभी डीएसइ-डीएसओ को लिखा पत्र

स्कूलों में ऐसी व्यवस्था करें कि चुनाव के समय कोई परेशानी न हो : के रवि कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव के रविकुमार ने राज्य के सभी डीइओ-डीएसइ को पत्र लिखकर चुनाव से पहले स्कूलों में न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान राज्य के अधिकांश मतदान केंद्र सरकारी विद्यालयों में होती है। ऐसे में सभी स्कूलों में न्यूनतम सुविधाएं जैसे रैंप, विद्युत संयोजन, पीने का पानी, अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था, फर्नीचर आदि व्यवस्था रहना जरूरी है, ताकि, मतदान कर्मियों और मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

विद्यार्थियों को भी सुविधा का मिले भरपूर लाभ

स्कूली शिक्षा सचिव ने अपने लिखे पत्र में कहा है कि स्कूलों में यह सुविधायें तत्काल उपलब्ध करायें ताकि, विद्यार्थियों व शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी परेशानी न उठाना पड़े। सचिव ने निर्देश दिया है कि स्कूलों में सारी व्यवस्था दुरूस्त कर इससे संबंधित प्रतिवेदन 30 नवंबर तक उपलब्ध करायें।

बतायें- स्कूलों में सहायक शिक्षक के कितने पद

शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक कैलाश मिश्रा ने राज्य के तमाम सरकारी स्कूलों में कार्यरत सहायक शिक्षकों और उनके स्वीकृत बल की जानकारी मांगी है। यह जानकारी उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के आलोक में मांगी गयी है। उन्होंने यह जानकारी तीन दिनों के भीतर मांगी है। साथ ही यह भी कहा है कि तय समय के भीतर जानकारी नहीं दी गयी तो उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना मानी जायेगी।

विभाग का दावा : नहीं होगी बिजली की कमी, सेंट्रल एक्सचेंज से ली गयी बिजली

दीपावली को लेकर अलर्ट मोड में जेबीवीएनएल बिजली आपूर्ति में गड़बड़ी हो तो करें शिकायत

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। दीपावली के दौरान निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के लिए बिजली विभाग अलर्ट मोड में है। दीपोत्सव के दौरान बढ़ते बिजली लोड को देखते हुए विभाग ने तैयारी पूरी करने का दावा किया है। झारखंड ऊर्जा वितरण निगम लिमिटेड के अनुमान के मुताबिक, सामान्य दिनों की तुलना में दीपावली के दौरान राज्य भर में बिजली की खपत बढ़ जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए सेंट्रल एक्सचेंज से मांग पूरी करने की व्यवस्था पहले ही कर ली गई है। जेबीवीएनएल के महाप्रबंधक ऋषि नंदन के अनुसार, दीपावली पर बड़े उद्योग बंद रहने के कारण बिजली लोड बढ़ने की उम्मीद कम है बावजूद सेंट्रल एक्सचेंज से पर्याप्त बिजली लेने की व्यवस्था की है। राजधानी रांची की बात करें तो यहां सामान्य दिनों की तुलना में दीपावली की रात बिजली का लोड 20 से 25 मेगावाट तक बढ़ जाता है। रांची क्षेत्र के महाप्रबंधक पीके श्रीवास्तव ने कहा है कि बिजली पर्याप्त उपलब्ध है और दीपावली में लोगों को निर्बाध बिजली उपलब्ध करायी जायेगी।

व्हाट्सएप नंबर और कंट्रोल रूम में करें शिकायत

दीपावली के दौरान बिजली से संबंधित कोई भी शिकायत होने पर विभाग के व्हाट्सएप नंबर और कंट्रोल रूम पर शिकायत दर्ज करायी जा सकती है। विभाग के अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने को कहा गया है। ट्रांसफार्मर से संबंधित कोई भी शिकायत या कोई आपातकालीन सूचना संबंधित जोन के अधिकारियों को दी जा सकती है। विभाग ने एक कंट्रोल रूम बनाया है, जिसमें बिजली कर्मियों की टीम मौजूद रहेगी। व्हाट्सएप नंबर शिकायत ग्रुप नंबर 9431135862 पर भी जानकारी दी जा सकती है।

इस पर करें कॉल
9431135862

ट्रांसफार्मर जलने की आ रही शिकायत

दीपावली के कारण पहले से जले ट्रांसफार्मरों की मरम्मत को लेकर विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही हैं, जिसमें अधिकारियों के साथ-साथ आम नागरिक भी शामिल हैं। झारखंड बिजली वितरण निगम आश्वासन दे रहा है कि इसे जल्द ही ठीक कर लिया जायेगा। शनिवार को भी रांची क्षेत्र के अंतर्गत अधिकारियों के पास ऐसी शिकायतें आती रहीं और टीम भेजने का आश्वासन दिया गया। महाप्रबंधक पीके श्रीवास्तव के मुताबिक ट्रांसफार्मरों की कोई कमी नहीं है, ट्रॉली ट्रांसफार्मर से लेकर सामान्य ट्रांसफार्मर तक विभाग के पास पर्याप्त मात्रा में हैं। ऐसे में जहां से भी शिकायतें आ रही हैं, उनका जल्द से जल्द समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके बावजूद दीपावली के दौरान यदि कोई तकनीकी बाधा आती है तो उसे दूर कर लिया जाएगा।

चाईबासा के सदर हॉस्पिटल में 4.42 लाख से बनेगा कैदी वार्ड

रांची। चाईबासा सदर अस्पताल में 4 लाख 42 हजार 600 रुपये की लागत से कैदी वार्ड (महिला और पुरुष) का निर्माण कराया जायेगा। इसे लेकर प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गयी है। वहीं वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य स्कीम के तहत कैदी वार्ड के निर्माण के लिए 2 लाख 21 हजार 300 रुपये का आवंटन किया गया है। राज्य के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह के आदेश पर राशि आवंटित की गयी है। आवंटित राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी सिविल सर्जन पश्चिमी सिंहभूम डॉ साहिर पाल होंगे। वहीं राशि के नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे।

मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने जारी किया आदेश

आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार अभियान को लेकर 15 आइएएस को दिया गया जिलों का प्रभार

प्रतिनियुक्त अधिकारी उपायुक्त और उप विकास आयुक्तों का करेंगे मार्गदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य सरकार ने 15 नवंबर से शुरू होनेवाले आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की निगरानी एवं अनुश्रवण के लिए राज्य के 15 भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी को जिलों का प्रभारी नियुक्त किया है। इसके तहत राज्य के पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का को पूर्वी सिंहभूम, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह को रांची और धनबाद, पथ निर्माण सचिव सुनील कुमार को बोकारो, लातेहार, उच्च शिक्षा सचिव राहुल पुरवार को गोड्डा का प्रभार दिया गया है। वहीं खाद्य आपूर्ति सचिव अमिताभ कौशल को कोडरमा और गिरिडीह, पेयजल स्वच्छता सचिव मनीष रंजन को देवघर और जामताड़ा की जिम्मेवारी

दी गयी है। जबकि श्रम नियोजन विभाग के सचिव राजेश कुमार शर्मा को साहिबगंज, कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीकी को पश्चिम सिंहभूम और सिमडेगा का प्रभार सौंपा गया है।

इसी प्रकार कर्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो को सरायकेला खरसावां और चतरा, जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार दुमका की कमान संभालेंगे। परिवहन सचिव कृपानंद झा को पलामू और गढ़वा, खेल सचिव मनोज कुमार को खूंटी, वाणिज्यकर सचिव विप्रा भाल को लोहरदगा, ग्रामीण विकास विभाग के प्रभारी सचिव चंद्रशेखर को गुमला और उद्योग सचिव जितेंद्र कुमार सिंह को हजारीबाग और रामगढ़ जिला का प्रभारी बनाया गया है। सभी पदाधिकारी जिले की उपायुक्त और उप विकास आयुक्त को मार्गदर्शन भी देंगे। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय में विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

राप्रसे के 45 अधिकारियों की मजिस्ट्रेट की शक्ति के साथ खूंटी में प्रतिनियुक्ति

अधिकारियों को मिली दंडाधिकारी की शक्ति, कार्मिक ने जारी किया आदेश

पीएम का खूंटी दौरा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 15 नंवबर को खूंटी जिले के दौरे को देखते हुए झारखंड प्रशासनिक सेवा के 45 अधिकारियों को विधि-व्यवस्था संभालने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर रांची होते हुए खूंटी जायेंगे। पीएम के दौरे को लेकर 13 नवंबर से 15 नवंबर तक अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति रहेगी। पीएम के दौरे को लेकर जिन अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, उन्हें खूंटे जिले में प्रतिनियुक्ति के दौरान दंडाधिकारी की शक्ति दी गयी है। वह खूंटी उपायुक्त के नियंत्रण में कार्य करेंगे। कार्मिक विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है।

इन अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति : अनंत कुमार, जेम्स सुरीन, रंजीत लोहरा, महेंद्र कुमार, संजय पांडेय, अजय कुमार साय, कुंदन कुमार, धीरेंद्र कुमार सिंह, मुमताज अंसारी, राज महेश्वरम, कपिल कुमार, मो .जहुर आलम, पंकज कुमार रवि, राजेश कुमार साहू, अशोक कुमार, तेज कुमार हस्सा, किस्टो कुमार बेसरा, मुकेश कुमार बाउरी, दयानंद कार्जी, मनोज कुमार, मो .शफीक आलम, शेखर कुमार, संजीव कुमार, निर्भय कुमार, गोपाल कृष्ण कुंवर, मोहम्मद अनिष, खाखा सुशील कुमार, राजेंद्र प्रसाद सिंह, नारायण राम, विनोद राम, सुमित प्रकाश, दुर्गा कुमार, सतेन्दर महतो, नवीण .भूषण कुल्लु, दीपक कुमार दूबे, कुमार कनिष्क, ओम प्रकाश बड़ाईक, प्रवीण रोहित कुजूर, चंद्रशेखर कुणाल, श्रेयांस और जितेंद्र कुमार गुप्ता।

झारखंड में दिवाली पर दो घंटे पटाखे जलाने की ही इजाजत

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (जेएसपीसीबी) के एक अधिकारी ने बताया कि दिवाली की रात पटाखे जलाने के लिए निर्देश जारी किया है। लोग रविवार रात आठ बजे से 10 बजे तक दो घंटे के लिए आतिशबाजी कर सकते हैं। जेएसपीसीबी के एक अधिकारी ने बताया कि इसी तरह की अनुमति गुरुपर्व, छठ, क्रिसमस और नव वर्ष पर दी जाएगी, लेकिन अवधि अलग हो सकती है।

जेएसपीसीबी के सदस्य सचिव वाई के दास ने कहा कि गुरुपर्व पर इच्छुक लोग रात 8 बजे से 10 बजे तक पटाखे जला सकते हैं। वहीं, छठ पर यह अवधि सुबह 6 बजे से 8 बजे तक और क्रिसमस तथा नये साल पर रात 11.55 बजे से 12.30 बजे तक होगी। श्री दास ने कहा कि झारखंड के सभी जिलों के शहरी इलाकों में हवा की गुणवत्ता अच्छी से लेकर संतोषजनक श्रेणी में है। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में 125 डेसिबल से कम क्षमता वाले पटाखों की बिक्री की अनुमति दी गई है। जेएसपीसीबी ने अपने आदेश में कहा कि दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और वायु प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण अधिनियम, 1981 की धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस योजना से मरीजों को पैथोलॉजिकल जांच में मिलेगी राहत

लोहरदगा के सदर हॉस्पिटल में 1.44 करोड़ रुपये से बनेगा इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। लोहरदगा जिले के सदर हॉस्पिटल में एक करोड़ 44 लाख 6 हजार 900 रुपये की लागत से इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब की स्थापना की जायेगी। वित्त वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर स्कीम के तहत यह लैब बनेगा। स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव अरुण कुमार सिंह ने इसकी स्वीकृति दे दी है। योजना का कार्यन्वयन पीएम आयुष्मान भारत मिशन के अधीन भारत सरकार एवं राज्य सरकार के बीच किये गये एमओयू के तहत होगा। लैब बनने से मरीजों को पैथोलॉजिकल जांच कराने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

सांकेतिक तस्वीर

किस मद में खर्च होगी कितनी राशि
सिविल वर्क: 4349947
प्लंबिंग वर्क: 1070632
इलेक्ट्रिकल वर्क: 213396
एचवीएसी वर्क: 1397874
लैब इक्विपमेंट: 4898935

राज्य योजना मद से 19 लाख होगा खर्च

केंद्र प्रायोजित योजना के इतर योजना पर होने वाले व्यय की शेष राशि 19 लाख 6 हजार 900 रुपये का वहन राज्य योजना के मद से किया जायेगा। इस आवंटित राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी लोहरदगा उपायुक्त होंगे।

आइओसी टर्मिनल के आसपास आतिशबाजी पर रहेगा प्रतिबंध

रांची। दीपावली में आतिशबाजी को लेकर सुरक्षा संबंधी कारणों को लेकर से इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने खूंटी में स्थानीय प्रशासन से दिशा-निर्देश साझा किया है। आईओसीएल के जीएम के आग्रह को देखते खूंटी जिला प्रशासन ने चेतावनी जारी कर कहा है कि आईओसीएल के टर्मिनल के आसपास आधा किलोमीटर के दायरे में आतिशबाजी प्रतिबंध रहेगा। इस दायरे में रॉकेट पटाखे नहीं जलाए जाएंगे। खूंटी आईओसीएल टर्मिनल (विपणन प्रभाग) परिसर को झारखंड राज्य के अधिसूचना से प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है।

न्यूनतम तापमान में गिरावट शुरू,राज्य में बढ़ने लगी ठंड

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड के कई जिलों में न्यूनतम पारा 20 डिग्री से नीचे जाने के साथ ही ठंड का एहसास तेज हो गया है। रात को ठंड बढ़ने से लोगों ने गर्म कपड़े का इस्तमाल करना शुरू कर दिया है। बाजार में गर्म कपड़ों खासकर जैकेट, वीनचिटर, हाफ स्वेटर आदि की बिक्री भी शुरू हो गयी है।

इधर आज दीपावली के दिन झारखंड का मौसम साफ रहेगा। हालांकि, आंशिक बादल छाये रह सकते हैं। इससे मौसम सुहाना रहेगा। इस दिन अधिकतम तापमान 27 से 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15 से 17 डिग्री सेल्सियस

रह सकता है। मौसम केंद्र के प्रभारी अभिषेक आनंद के अनुसार, अभी कुछ दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा। बारिश की उम्मीद नहीं है। दिन में धूप ठीक-ठाक रहने की उम्मीद है।

पिछले 24 घंटे की बात करें तो राज्य में मौसम शुष्क रहा। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 15.0 डिग्री सेल्सियस रामगढ़ में दर्ज किया गया।

झारखंड के सरकारी कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले अगले साल बन रहा छुट्टियों का गजब संयोग

कुल 33 दिन छुट्टियां

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। वर्ष 2024 में झारखंड में छुटियों का गजब संयोग बन रहा है। इससे राज्य सरकार के कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले हो गई है। इसकी शुरूआत 26 जनवरी से शुरू होगी। छुट्टी की अधिसूचना कार्मिक विभाग ने जारी कर दी है। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि वर्ष 2024 में अंकित पर्व, अवसरों पर राजपत्रित अवकाश घोषित किये जाते हैं। अंकित तिथियों को कार्यपालक आदेश के तहत झारखंड सरकार के अधीन सभी कार्यालय एवं राजस्व कार्यालय बंद रहेंगे। वहीं चांद के दृष्टिगोचर होने के अनुसार मुस्लिम त्योहारों के लिए निर्धारित अवकाश की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है। जारी अधिसूचना के अनुसार राज्य सरकार के अधीन सचिवालय एवं संलग्न कार्यालयों में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह प्रणाली और क्षेत्रीय कार्यालयों में छह दिवसीय कार्य सप्ताह प्रणाली पूर्ववत लागू रहेगी। अगले साल कई छुटियां शुक्रवार और सोमवार को पड़ रही है। ऐसे में उन्हे लगातार तीन दिनों की छुट्टी का लाभ मिलेगा। इसी तरह कई छुट्टियां गुरुवार और बुधवार को पड़ रही है। इस स्थिति में एक या दो दिन का आकस्मिक अवकाश ले लेने पर वे एक साथ चार या पांच दिनों की छुट्टी का लाभ उठा सकेंगे।

झारखंड वरीय न्यायिक सेवा के प्रवर कोटि और सुपर टाइम स्केल पद नये सिरे से तय

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राज्य सरकार ने झारखंड वरीय न्यायिक सेवा के प्रवर कोटि सेलेक्शन ग्रेड एवं अधिकाल वेतनमान सुपर टाइम स्केल के पदों के संविभाजन कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के पारित आदेश और झारखंड हाइकोर्ट के अनुशंसा के आलोक में एक जनवरी 2020 के प्रभाव से झारखंड वरीय न्यायिक सेवा के पदों के संविभाजन का प्रावधान किया गया है। इसके तहत प्रवर कोटि सेलेक्शन ग्रेड में पदों की संख्या संवर्ग बल का 35 प्रतिशत, अधिकाल वेतनमान सुपर टाइम स्केल पदों की संख्या संवर्ग बल का 15 प्रतिशत किया गया है। एक जनवरी 2020 से तिथिवार संविभाजान वरीय न्यायिक सेवा संवर्ग के कुल पदों की संख्या 220, प्रवर कोटि में संविभाजन पदों की संख्या संवर्ग के कुल 81 पद, अधिकाल वेतनमान में संविभाजित पदों की संख्या 35 किया गया है। इस संबंध में 18 अक्टूबर की कैबिनेट की बैठक में स्वीकृति दी गयी थी।

घेराव करने निकले शिक्षकों को पहले पुलिस ने रोका, वार्ता के बाद छोड़ा

टेट पास पारा शिक्षकों ने झामुमो दफ्तर घेरा विनोद पांडेय के आश्वासन के बाद निकले

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। पिछले 80 दिनों से आंदोलनरत टेट पास पर शिक्षक शनिवार को हरमू स्थित झामुमो कार्यालय घेराव करने निकले लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इस पर टेट पास शिक्षक नाराज हो गए और सरकार के विरोध में नारेबाजी करने लगे। इसके बाद टेट पास शिक्षकों का दल प्रमोद कुमार के नेतृत्व में पार्टी के महासचिव सह राज्य समन्वय समिति के सदस्य विनोद पांडेय से मिला। प्रदेश इकाई के 10 सदस्यों के समक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव विनोद पाण्डे से शिक्षकों की सकारात्मक वार्ता हुई। विनोद पाण्डे ने शिक्षकों से स्पष्ट कहा है कि टेट पास पारा शिक्षकों के वेतनमान की मांग पूरी होगी। इसके लिए जल्द ही उनकी बातों को राज्य सरकार तक पहुंचायेंगे।

तय कार्यक्रम के अनुसार घेराव को निकले थे शिक्षक : बताते चलें कि झामुमो कार्यालय घेराव का इनका पहले से ही कार्यक्रम तय था। उसी के तहत शनिवार को शिक्षक झामुमो कार्यालय घेरने निकले थे। इस मौके पर टेट पास शिक्षकों ने कहा कि सरकार ने उन्हें सहायक शिक्षक का दर्जा तो दिया लेकिन वेतनमान नहीं दिया, जबकि टेट पास पारा शिक्षक, सहायक शिक्षक बनने की सभी आहर्ता को पूरा करते हैं। ऐसे में वे लगातार आंदोलन कर रहे हैं, ताकि सरकार उनकी बातें मानने को विवश हो जाये।



राजभवन के समक्ष दे रहे धरना

टेट पास पारा शिक्षक वेतनमान की मांगों को लेकर राजभवन के पास धरने पर हैं। वह, समय-समय पर कुछ न कुछ गतिविधियां करते रहते हैं। टेट पास शिक्षकों ने दुर्गा पूजा भी राजभवन के पास धरना देते हुए बिताया था और अब दीपावली भी यहीं मना रहे हैं। इनका कहना है कि सरकार जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं करेगी, तब तक यह धरना से नहीं हटेंगे। सरकार ने चुनाव से पहले वेतनमान लागू करने का वादा किया था और अपने वादे से अब ही मुकर रही है।

घेराव कार्यक्रम में इनकी रही सहभागिता

मौके पर प्रमोद कुमार मिथिलेश उपाध्याय, झरीलाल महतो, मीना कुमारी, दशरथ ठाकुर, महेश मेहता, संजय मेहता, सिमाता घोषाल, मनोज शर्मा, मुख्तार अंसारी, सज्जाद अंसारी, नफीस अख्तर, विष्णु यादव, कलीमुदीन अंसारी, चुन्नु साहा, इशरत प्रवीण, रुखसारा, बिन्दु कुमारी, पुष्पा कुमारी, दिपीका साहु, रीना कुमारी, विजय साहु, छोटु कुमार, सरफराज, मो मुस्ताक, मो हसन, नफीस अंसारी, घनश्याम कुमार, साह हुनैन अंसारी, अरविन्द कुमार, जितेन्द्र कुमार, कालीचरण शाहदेव, प्रकाश यादव, कैलाश यादव, युगेश साव, कौशल कुमार दांगी, कामदेव राणा, अनिल प्रियदर्शनी, विजय यादव, दिनेश लोहरा, हीरालाल महतो, संजय दांगी, मनीष कुमार पाण्डे, कमलेश यादव, दिलीप यादव, प्रमोद कुमार गुप्ता, ललन यादव, उमेश यादव, किशोर यादव, जयपाल तुरी, गजेन्द्र गिरी, संजीत प्रसाद, काजिम अंसारी, शंभु प्रसाद साहु, अनुल अंसारी, जितेन्द्र यादव, विनोद साहु, रामलाल पासवान, शशिकांत यादव, इंद्रदेव यादव और आशेश्वर गंझु आदि उपस्थित थे।

धरती आबा बिरसा मुंडा केवल आदिवासी समाज ही नहीं, देश के भी है गौरव

भाजपा ने आदिवासी समाज का किया सम्मान : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को चाईबासा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 15 नवंबर को होने वाले खूंटी दौरे को लेकर भाजपा पश्चिम सिंहभूम जिला द्वारा आयोजित तैयारी बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा और पार्टी की सरकार जनजाति समाज के कल्याण के लिए समर्पित है। भाजपा ने आदिवासी समाज को हमेशा सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य का गठन अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को किया। अटल जी ने केंद्र में अलग आदिवासी मंत्रालय बनाया। संथाली जनजाति भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल किया। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में मोदी सरकार ने जनजाति समाज का स्वाभिमान और सम्मान बढ़ाते हुए कई ऐतिहासिक कार्य किये। आज देश में पहली बार केंद्रीय कैबिनेट में 8 आदिवासी मंत्री हैं। देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद महामहिम राष्ट्रपति को जनजाति समाज की बेटी द्रौपदी मुर्मू सुशोभित कर रही हैं।

...उस जेल परिसर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बना दिया राष्ट्रीय स्मारक

श्री मरांडी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी समाज ही नहीं देश के गौरव हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके जन्मदिन 15 नवंबर को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस घोषित किया। भगवान बिरसा मुंडा ने जिस जेल में अपनी शहादत दी उस जेल परिसर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय स्मारक बना दिया। उन्होंने कहा कि इस बार का जनजाति गौरव दिवस झारखंड के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय होगा, जब पहली बार कोई प्रधानमंत्री भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु में स्वयं उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे, नमन करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 60 वर्षों तक देश में राज्य किया लेकिन जनजाति समाज कांग्रेस पार्टी केवल वोट बैंक के नजरिए से आदिवासियों को देखती रही। उनके सर्वांगीण विकास पर कोई ध्यान नही दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अंत्योदय के संकल्प को पूरा करने के लिए आदिवासी, दलित पिछड़े, वंचित समाज के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। बाबूलाल ने कहा कि झारखंड की जनता प्रधानमंत्री जी को सुनने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही है।

स्पीड न्यूज

सामर्थ्य ने रिक्शा कालोनी के बच्चों में बांटी दीप सामग्री

जमशेदपुर। सामर्थ्य वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर आदित्यपुर स्थित रिक्शा कॉलोनी में , बच्चों के बीच में पटाखा फुलझड़ी - छुर-छुरी एवं जुबली पार्क स्थित निक्को पार्क घूमने के लिए टिकट प्रदान किया गया। संस्था की अध्यक्ष पल्लवी दीप ने इन सामग्रियों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि निक्को पार्क घूमना हर एक बच्चों की चाहत होती है उसी को ध्यान में रखते हुए इन्हें टिकट प्रदान किया गया है। करीब 40 बच्चों के बीच में सामान का वितरण करते हुए उन्हें सुरक्षित दीपावली मनाने का तरीका बताया गया। पटाखे और मिठाई पा कर बच्चे काफी खुश हुए।

श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में प्रकाश उत्सव की धूम

जमशेदपुर। आदित्यपुर स्थित श्री नाथ पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने हर्षोउल्लास के साथ दीपावली का त्यौहार मनाया। इस अवसर में प्रधानाचार्य श्री संजय कुमार सिंह एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित हुए। विद्यालय के सी सी ए ग्रुप की सीनियर कोऑर्डिनेटर श्रीमती रश्मि कुमारी , जुनियर कोआडिनेटर रिंकी महतो समस्त शिक्षक - शिक्षिकाओ ने मिलकर सभी वर्ग हाउस के छात्र -छात्राओं के लिए प्रतियोगिताएं रखीं । जैसे कक्षा नर्सरी ,एल के जी, यु के जी के छात्रों के लिए रंग भरना,प्रथम, द्वितीय के लिए चित्रकला, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम के लिए तोरण बनाना । षष्ठ , सप्तम एवं अष्टम के लिए सुंदर एवं आकर्षक दीया सजाना नवम दशम ,एकादश एवं द्वादश के लिए रंगोली' सभी बच्चों ने जोश ,उत्साह और उमंग के साथ कार्यक्रमों में भाग लिए और अपनी कला को प्रदर्शित किए। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य द्वार, सभागार एवं परिसर को सुंदर रंगोली से सजाया गया। विद्यालय के चेयरमैन श्री सुखदेव महतो ने कहा कि यह उत्सव वास्तव में अंधकार को दूर कर प्रकाश फैलाने के लिए अर्थात अज्ञानता को दूर कर ज्ञान को प्रसारित करना है । लोगों को हरित दीपावली अर्थात प्रदूषण मुक्त एवं प्राकृतिक वस्तुओं से निर्मित वस्तुओं से त्योहार मनाना चाहिए ताकि प्रकृति को शुद्ध और स्वछ बनाए रखे।

आनंद मार्ग ने 2 घंटे में कराया 10 यूनिट रक्तदान

जमशेदपुर। आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं बायोशैस ने 2 घंटे रक्त दान शिविर का आयोजन किया 10 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। बायोशैस के राहुल , विक्रम दास , दीपक सरदार, तन्मय कुमार ,सागर प्रसाद एवं आनंद मार्ग के सुनील आनंद ने सहयोग किया ।मानव कल्याण के लिए रक्तदान एवं दूसरी तरफ गदरा आनंद मार्ग जागृति में लगभग 50 फलदार पौधा गदरा के लोगों के बीच वितरित किया गया जो कि पृथ्वी कल्याण के लिए है।

मित्र हेल्दी ह्यूमैनिटी ने गांव के बच्चों के साथ मनायी दिवाली

जमशेदपुर । सामाजिक संस्था मित्र हेल्दी ह्यूमैनिटी ने शनिवार को छोटी दिपावली का त्योहार अपने गोद लिये गांव सनातनपुर में मनायी। वहां रहने वाले परिवार और बच्चों के साथ खुशियां बांटी और उनके बीच उपहार का वितरण किया। इस मौके पर अतिथि के रूप में गोविंदपुर के थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह, जिला परिषद पारितोष सिंह मौजूद थे। इस मौके पर सभी परिवार को दीपावली का गिफ्ट, मिठाईयां दी गयी . वहीं गांव के बच्चों के बीच पटाखा और चॉकलेट का वितरण किया गया। संस्था की सचिव स्मिता ने बताया कि संस्था की ओर से विक्रम सिंह, सुमुखी और श्रद्धा ने सभी परिवार के लिए दीपावली का उपहार तैयार किया। इस मौके पर थाना प्रभारी अमित सिंह ने गांव के सभी लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। साथ ही सभी को सेफ दीपावली मनाने की बात कही। वहीं जिला परिषद सदस्य पारितोष सिंह ने कार्यक्रम की काफी सराहना करते हुए गांव के लोगों को सेफ दीपावली मनाने की बात कही। इस मौके पर सामाजिक संस्था मित्र हेल्दी ह्यूमैनिटी की सचिव स्मिता कुमारी, ऋतिक राज, आदर्श वर्मा,राज, शुभम मंडल, आदित्य रंजन समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

आंध्र भक्त श्री राम मंदिरम बिष्टुपुर में बनी 3000 वर्ग फुट में भगवान श्रीराम की रंगोली

रंगोली को देखने उमड़ी भक्तों की भीड़, देखकर भाव विभोर हुए

रंगोली कलाकार विवेक मिश्रा व टीम का किया गया अभिनंदन

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। शनिवार को आंध्र भक्त श्री राम मन्दिरम बिष्टुपुर के प्रांगण में 3 हजार वर्ग फुट की भगवान राम जी की विशाल रंगोली बनाई गई है, मंदिर प्रांगण में भगवान राम की भव्य रंगोली की पुरोहितों ने दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना किया एवं मुख्य अतिथि विधायक सरयू राय जी ने रंगोली के समक्ष नारियल तोड़कर अनावरण किया।

इसके पूर्व विधायक सरयू राय के मंदिर आगमन पर मंदिर कमिटी ने पारंपरिक तरीके से उनका भव्य स्वागत किया एवं मंदिर कमिटी के महासचिव दुर्गा प्रसाद शर्मा ने करतल ध्वनि के बीच अंग वस्त्रम प्रदान कर उनका अभिनंदन किया। इसके बाद भगवान राम की भव्य रंगोली बनाने वाले कलाकार विवेक मिश्रा एवं उनके टीम को विधायक सरयू राय ने अंग वस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में उपस्थित राम भक्तो को संबोधित करते हुए सरयू राय ने कहा कि भगवान श्रीराम जब लंका के राजा रावण का वध कर पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ अयोध्या वापस लौटे तो उस दिन पूरी अयोध्या नगरी दीपों से जगमगा रही थी। भगवान राम के 14 वर्षों के वनवास के बाद अयोध्या आगमन पर दिवाली मनाई गई थी इस पवित्र अवसर पर आंध्र भक्त श्री राम मन्दिरम द्वारा भगवान राम का रंगोली बनाना अदभुत है मंदिर कमिटी को साधु वाद प्रदान करता हूं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंदिर कमेटी के महासचिव दुर्गा प्रसाद शर्मा ने कहा कि इस तरह के भव्य रंगोली बनाना कोई साधारण काम नहीं था।

इस कठिन साधना को विवेक मिश्रा एवं उनके टीम के सदस्यों ने मंदिर कमेटी के साथ मिलकर पूरा किया है जिसके लिए मैं मंदिर कमेटी की ओर से उनके कला की अत्यंत सराहना करता हूं रंगोली के निर्माण में सहयोग करने वाले तमाम सदस्यों को मैं अपनी ओर से धन्यवाद देता हूं। इस अवसर पर मंदिर कमेटी की ओर से महासचिव श्री दुर्गा प्रसाद शर्मा, उपाध्यक्ष वाई श्रीनिवास राव, महेश राव, चंद्रशेखर राव, कोतुर श्रीनू प्रकाश राव पी कुमार, बी के राव सहित कई भक्त उपस्थित थे।

कुम्हार समाज के बनाये मिट्टी के दीयों की करें खरीदारी : रघुवर दास

दीपों की रोशनी एवं रंगबिरंगी लाइट से जगमगाया सिदगोड़ा सूर्य मंदिर धाम
11 हजार देशी घी के दीपक व आतिशबाजी कर मनाया गया दीपोत्सव

श्रीराम मंदिर,सिदगोड़ा में दीपोत्सव मनाते ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास।

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर दीपावली की रौनक में रंग गयी है। रोशनी के पर्व दीपावली की पूर्व संध्या पर सूर्य मंदिर परिसर में अयोध्या की तर्ज पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सूर्य मंदिर व आसपास के क्षेत्र को रंगबिरंगी लाइटों से सजाया गया है। शनिवार को सूर्य मंदिर समिति की ओर से श्रीराम मंदिर प्रांगण व पूरे मंदिर परिसर में 11 हजार देशी घी के दीये जलाए गए। इस दौरान ओडिशा राज्य के राज्यपाल रघुवर दास मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। राज्यपाल रघुवर दास ने मंदिर समिति के सदस्यों के संग दीपक जलाकर दिपावली की खुशियां साझा की। इस दौरान हजारों की संख्या में जले दीपों से पूरा मंदिर परिसर जगमग नजर आया। चारों तरफ दीप ही दीप नजर आ रहे थे और ऐसा लगा कि अमावस्या की काली रात को दीपों की रोशनी ने पूर्णिमा की रात में बदल दिया। जैसे-जैसे शाम ढलती गई वैसे-वैसे दीपक भी सुनहली रंगत के साथ जगमगा उठे। इस दौरान ठण्डी हवाएं भी कई बार नन्हें दीपों का इम्तहान ले रही थी, परंतु मंदिर परिसर एवं छठ घाट में सजे ग्यारह सौ दीपक एक कतार में एक समान रूप से डटे हुए थे।

ओडिसा के राज्यपाल रघुवर दास ने मंदिर परिसर में पहला दीपक जलाया और धीरे धीरे दीपों की सुंदर कतार सज गयी। इस विशेष अवसर पर महिलाओं ने कई सुदंर रंगोली बनाकर दीपक सजाए। वहीं, उपस्थित मंदिर समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने दीपक सजाकर एवं शानदार आतिशबाजी कर खुशियां मनाई। इससे पहले, महामहिम राज्यपाल रघुवर दास ने मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल ओडिशा राज्य के राज्यपाल रघुवर दास ने जमशेदपुर सहित झारखंड वासियों को दीपावली एवं लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की शुभकामनाएं व्यक्त कर सभी के सुख-समृद्धि और संपन्नता की कामना की। उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के अभियान को आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए कुम्हार द्वारा निर्मित मिट्टी के दीये सहित स्थानीय उत्पादों के अधिक से अधिक प्रयोग में लाकर गरीब वर्गों की दीपावली खास और खुशहाल बनाने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, सूर्य मंदिर कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, संजीव सिंह, लक्ष्मीकांत सिंह, अखिलेश चौधरी, अमरजीत सिंह राजा, रूबी झा, शैलेश गुप्ता, शशिकांत सिंह, प्रेम झा, कंचन दत्ता, कृष्ण मोहन सिंह, प्रमोद मिश्रा, देवेंद्र सिंह, गुंजन यादव, दिनेश कुमार, मिथिलेश सिंह यादव, राकेश सिंह, कुलवंत सिंह बंटी, टुनटुन सिंह, सुशांत पांडा, बबुआ सिंह, खेमलाल चौधरी, ज्ञान प्रकाश, संतोष ठाकुर, सुरेश शर्मा, बबलू गोप, संदीप शर्मा बौबी समेत बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित थे।

खबर एक नजर में

कदमा में चला चीनी उत्पादों का बहिष्कार करने का अभियान

जमशेदपुर। खादी ग्रामोद्योग आयोग के सदस्य मनोज कुमार सिंह एवं स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्रीय संगठक अजय उपाध्याय के नेतृत्व में कदमा बाजार में स्वदेशी उत्पादों के उपयोग एवं चीनी वस्तुओं के बहिष्कार हेतु जनसंपर्क अभियान चलाया गया। यह अभियान विगत सात दिनों से जमषेदपुर महानगर के अलग-अलग बाजार और मोहल्लों में चल रहे हैं। स्वदेषी जागरण मंच के कार्यकर्ता कदमा बाजार में भ्रमण कर दुकानदारों एवं आमलोगों के बीच पर्चा वितरित स्वदेषी उत्पाद उपयोग करने के लिये आग्रह किये तथा स्वदेषी अपनाओ देष बचाओ, चीन का जो यार है देष का गद्दार है इत्यादि नारे लगाये। कार्यकर्ता हाथों में चीनी वस्तुओं का बहिष्कार करें, स्वदेषी अपनायें-देष बढ़ायें, का प्लेकार्ड भी हाथों में लेकर चल रहे थे। इस अवसर पर स्वजाम के राष्ट्रीय परिशद सदस्य मनोज कुमार सिंह ने कहा कि जिस प्रकार सरहद से देष के जवान हमारी सुरक्षा में दिनरात तत्पर हैं उसी प्रकार हमें अपनी आर्थिक संप्रभुता के लिये तत्पर रहना होगा। हमें लोकल के प्रति वोकल होकर उसे ग्लोबल बनाना होगा तभी देष आर्थिक प्रगति की राह पर और तेजी से आगे बढ़ेगा। चीन आज दुनिया के अनेक देषों को आर्थिक रूप से अपने मकड़जाल में लेकर वहां उनकी जमीन, खदान हड़प रहा है और मनमाना षर्तों को लाद रहा है। भारत का भी चीन के साथ व्यापार घाटा लगातार बढ़ रहा है और उसी मुनाफा से चीन हमारे देष की सीमाओं पर और अंतर्राश्ट्रीय स्तर पर भारत के खिलाफ लगातार साजिषें रच रहा है। इसलिये हमारा दायित्व बनता है कि हम अपने त्योहारों में और रोममर्रा के जीवन में चीनी वस्तुओं का परित्याग करें और ज्यादा से ज्यादा स्थानीय और देश में बने वस्तुओं का उपयोग करें। मनोज सिंह ने कहा कि आज ऑनलाईन व्यापार से देष का खुदरा व्यापार समाप्त हो रहा है रोजगार खत्म हो रहे हैं इसलिये हमें ज्यादा से ज्यादा खरीददारी बाजार जाकर परंपरागत स्थानीय दुकानदारों से करना चाहिए। जनसंपर्क अभियान में स्वदेशी जागरण मंच जिला संयोजक राजपति देवी, प्रांत सहप्रचार प्रमुख अमित मिश्रा, राजाराम, केपी चौधरी, विकास साहनी, हिमांशु जी, संजय कुमार, संजीत प्रमाणिक, दुर्गा सैनी, वंदना साहू, शारदा सिंह इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ढापु तालाब छठ घाट का विधायक मंगल कालिंदी ने किया निरीक्षण

जमशेदपुर। जैसे-जैसे लोक आस्था के महा पर्व छठ पूजा नजदीक आ रही है उसे देखते हुए विधायक मंगल कालिंदी विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर रहे हैं और जायजा ले रहे हैं। इसी कड़ी में आज जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के जमशेदपुर प्रखंड गदड़ा फकिर टोला स्थित ढापु तालाब में छठ घाट निर्माण हेतु झामुमो नेता बिस्वजीत भगत और बिरजु पात्रो जी के नेतृत्व में चल रहे साफ सफाई कार्य का निरीक्षण करने विधायक मंगल कालिंदी पहुंचे और वास्तव स्थिति से अवगत होते हुए कुछ दिशा निर्देश भी दिए। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने बताया कि छठ पूजा आने से पहले कार्य पूरा हो इसके लिए झामुमो कार्यकताओं द्वारा तेजी से कार्य किया जा रहा है। मौके पर झामुमो नेता मनोज यादव, विकास स्वर्णकार, राकेश सिंह, मुन्ना चौधरी आदि स्थानीय लोग उपस्थित थे।

विधायक संजीव ने बड़ौदा घाट, कुसुम घाट पत्थर घाट का किया निरीक्षण

जमशेदपुर। छठ पर्व को मध्यनजर रखते हुए पोटका विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार अपने पूरे टीम एवं पंचायत प्रतिनिधियों के साथ दो पहिया वाहन से बागबेड़ा बडौदा घाट पुलिया, खरकाई नदी, कुसुम घाट, पत्थर घाट सहित आसपास के क्षेत्र का सघन दौरा किए। इस दौरान विधायक संजीव सरदार त्वरित कार्रवाई करते हुए सर्वप्रथम बागबेड़ा बडौदा घाट स्थित पुलिया के समीप कई महीनो से पड़े हुए कचरो का ढेर को जेसीबी के माध्यम से हटाने का कार्य किए और स्थानीय लोगों के आवागमन के रास्ता को प्रारंभ करवाए। तत्पश्चात खरकाई नदी के आसपास कचरो के अंबार को हटाने के लिए जुस्को के महाप्रबंधक कैप्टन धनंजय मिश्रा, बीडीओ सच्चिदानंद महतो एवं अंचल पदाधिकारी मनोज कुमार को त्वरित कार्य करने का निर्देश दिए। इसके अलावे छठ घाटों में गोताखोर, नाव, लाइट, बैरिकेटिग, छठव्रतधारी महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की भी व्यवस्था करने का निर्देश दिए ताकि छठव्रतधारी को छठ करने में किसी भी प्रकार का दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े। विधायक को जुस्को के महाप्रबंधक कैप्टन धनंजय मिश्रा, प्रखंड विकास पदाधिकारी सच्चिदानंद महतो, एवं अंचल पदाधिकारी मनोज कुमार ने सोमवार से नदी किनारे सारे घाटो का साफ सफाई प्रारंभ करने का बात कहे है।

हेमकुंड पब्लिक स्कूल में मना दीपोत्सव

जमशेदपुर। जमशेदपुर गोलमुरी स्थित हेमकुंड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने दीप जला कर अपने सपनो का भारत बनाने का संकल्प लिया। हेमकुंड पब्लिक स्कूल मे माय ड्रीम माय इंडिया कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम मे विद्यालय के बच्चों ने दीप जला कर अपने सपने को पुरा कर देश हित मे कार्य करने का संकल्प लिया। विद्यालय के निदेशक और राज्य पर्वेक्षण बोर्ड के सदस्य पारस नाथ मिश्रा ने सर्वप्रथम दीप जला क'कार्यक्रम की शुरूआत की। पारस नाथ मिश्रा ने कहा की युवा हमारे देश के भविष्य है उनके सपने पूरे होने से देश का भविष्य उज्जवल होगा। दीपावली के शुभ अवसर पर प्रण लेना एक शुभ संकेत है। हेमकुंड पब्लिक स्कूल के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम मे सारे विद्यार्थी और शिक्षक उपस्थित थे और सभी ने दीप जला कर भारत को महान देश बनाने का संकल्प लिया।

विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनायी गयी दीपावली

जमशेदपुर। विवेकानन्द इन्टरनेशनल स्कूल में उत्साह से दीपावली के त्यौहार को मनाया गया। स्कूल में रंगोली, कार्ड मेकिंग, दीया सजाने, . पोस्टर , दिवाली घर , कन्दील इत्यादि की। प्रतियोगिता रखी गई थी। बच्चों ने विभिन्न थीम, .जैसे, सेव गर्ल चाइल्ड, सोशल मीडिया का प्रभाव, अंग दान, मंडला आर्ट जैसे थीम। पर बेहतरीन रंगोली प्रस्तुत किये। अन्य सभी प्रस्तुतियाँ भी प्रशंसनीय रहीं। मुख्य अतिथि के रूप मे आजाद नगर थाना प्रभारी मिथिलेश कुमार, विशिष्ट अतिथि के रूप में शान्ति समिति के महासचिव मुख्तार आलम खान तथा सैमसुन निशा थे। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को पुरस्कार दिये तथा अपने भाषण में उनकी सराहना की। अतिथियों का स्वागत प्रधानाध्यापिका डा निधि श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का संचालन लतिका तथा नाजिया ने किया। धन्यवाद ज्ञापन नाजिया द्वारा किया गया।

श्रीनाथ कॉलेज के विद्यार्थियों ने दिवाली गिफ्ट बांटे

जमशेदपुर। आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन के एनएसएस के स्वयं सेवकों ने दीपावली के अवसर पर स्थानीय उत्क्रमित विद्यालय, न्यू कॉलोनी में जाकर वहां के बच्चों के बीच दीपावली के अवसर पर अपने हाथों से बने घरौंदे का वितरण किया। शिक्षक गणेश महतो के दिशा निर्देश पर विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे तथा आकर्षक घरौंदे का निर्माण किया। इस कार्यक्रम में दीवाली घर बनाओ प्रतियोगिता भी आयोजित हुई।

अर्पण ने सुदूर ग्रामीणों के संग मनाई दीपावली

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था अर्पण द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बोड़ाम प्रखंड के ब्रजपुर गांव में दीपावली के पावन अवसर पर दिवाली एवं काली पूजा हेतु दीया-बाती, तेल, खोई, हाथी घोड़ा मिठाई, पूजन सामग्री एवं बच्चों के लिए नये गर्म कपड़े, पटाखे, मिठाईयां एवं कई प्रकार के सामानों के गिफ्ट पैकेट उपहार स्वरूप प्रदान करके खुशीयां बांटी। इस नेक कार्य को सफल बनाने में संस्था के पप्पू राव, जुगुन पांडे,महेश मिश्रा, तरनप्रीत सिंह खनूजा,बिबाश मजुमदार, प्रिंस सिंह, विक्रम ठाकुर,मनीष सिंह, सरबजीत सिंह टोबी, सौरव चटर्जी,बिट्टू मिश्रा, सुमन गुप्ता, दीपक सिंह,विकाश गुप्ता, धीरज चौधरी, मोहन दास,शेखर मुखी, बिट्टू मुखी,मनोज मुखी, सुदेश मुखी, राजू कुमार, कन्हैया प्रशाद, सुभम, समर झा,राशपाल, रामा राव, सूरज चौबे, प्रसंजित, सूरज यादव,सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

शहीद सैनिकों के परिवार से मिले पूर्व सैनिक

शहीद मनोज कुमार के परिवार को दिवाली गिफ्ट देते परिषद के सदस्य।

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। विगत 6 वर्षों से जिला प्रशासन की तरफ से जिले के सभी शहीद परिवारों को दिवाली के पूर्व संध्या पर दीपावली का उपहार एवं सम्मान प्रदान किया जाता था। इस वर्ष भी पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभूम के प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से संपर्क कर इस कार्यक्रम को अयोजित कराने का आग्रह किया था। परंतु जिला प्रशासन की तरफ से कोई पहल न होता हुआ देखकर परिषद ने स्वयं शहीद परिवारों को उपहार देने का वीणा उठाया और आज जिला महामंत्री दिनेश सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बिष्टुपुर स्थित शहीद मनोज कुमार की पत्नी सुनीता कुमारी कीताडीह स्थित शहीद किशन दुबे की माता जगमाया देवी, बागबेड़ा स्थित शहीद जितेंद्र कुमार की पत्नी दुर्गावती देवी एग्रीको में शहीद श्रीनिवास राव की पत्नी पद्मा राव एवं बालीगुमा स्थित शहीद लेफ्टिनेंट कमांडर मनोरंजन के पिता सेवानिवृत्ति सूबेदार नवीन जी को दीपावली का उपहार भेंट किया। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से सुशील कुमार सिंह अशोक श्रीवास्तव सतनाम सिंह हंसराज सिंह हरेंदु शर्मा अजय कुमार एवं मिथिलेश कुमार सिंह शामिल थे।

ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने ओल्ड एज होम में रह रहे लोगों के साथ छोटी दिवाली मनायी

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। शनिवार को छोटी दिवाली के अवसर पर ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्यों ने डिमना स्तिथ फुरिडा ओल्ड एज होम में रह रहे लोगों के साथ उनके बीच दीपावली का शुभ त्योहार मनाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के तौर पर बोडम थाना के ऑफिसर इंचार्ज धनंजय बैठा एवं नेशनल कमिटी के जनरल सेक्रेटरी सैयद मनसूर आलम खास तौर से उपस्थित थे।इस कार्यक्रम में ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के प्रेसिडेंट मतिनुल हक अंसारी,मानगो निगम निगम के ब्रांड एंबेसेडर मुख्तार आलम खान, हाजी अयूब अली, फिरोज अशालम, शाहिद परवेज,नादिर खान, ताहिर हुसैन, साजिद परवेज, मो फिरोज आलम, आजादनगर थाना पीस कमेटी के मो मोइनुद्दीन अंसारी ने उपस्थित होकर वहां रह रहे लोगों के साथ त्योहार मनाया जो परिवार से दूर और अपनो को साथ इस अवसर पर नहीं है।

मुख्य अतिथि धनन्जय बैठा ने ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा इस तरह के कामों की सराहना की और कहा जो लोग अपनी मां को इस तरह इस उम्र में अकेला छोड़ देते है जब के एक मां अपना पूरा परिवार पालती है। अवसर पर खुशी मनाई।

1001 दीये जला कर लक्ष्मीनारायण बिरला मंदिर ने मनाया दीपोत्सव

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। शनिवार को भारतीय जनतंत्र मोर्चा एवं गोलमुरी केबुल टाउन के स्थानिय निवासियों द्वारा केबुल टाउन स्थित निमार्णाधीन लक्ष्मीनारायण (बिड़ला) मंदिर में दीपोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्र के विधायक सरयू राय उपस्थित हुए। उपस्थित भाजमो कार्यकर्ताओं व अन्य लोगो ने 1001 दीप प्रज्वलित कर मंदिर को रौशन किया और मंदिर में पटाखे जलाकर बड़े हर्षोल्लास के साथ दीपोत्सव मनाया। सरयू राय ने कहा की बिड़ला मंदिर निर्माण का कार्य किसी कारणवश वर्ष 1995 में रुक गया था। हम लोगो ने संकल्प लिया है की मंदिर का जीर्णोद्धार करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजमो केंद्रीय उपाध्यक्ष राम नारायण शर्मा, जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, महासचिव कुलविंदर सिंह पन्नु, उपाध्यक्ष एम चन्द्रशेखर राव, मंजु सिंह, अमित शर्मा, कैलाश झा, असीम पाठक, अनिकेत सावरकर, प्रकाश कोया, राजेश प्रसाद, काकोली मुखर्जी, रंजिता राय, किरण सिंह, शंकर कर्मकार, दुर्गा राव, महेश तिवारी, कन्हैया ओझा, सुशील खड़का, निशांत सिंह सहित अन्य सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

चिन्मया विद्यालय,साउथ पार्क में धूमधाम से मना इंटर स्कूल आर्टिस्ट फेस्ट रेनबो

डीएवी बिष्टुपुर बना ओवर ऑल चैम्पियन

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। शनिवार बिष्टुपुर साउथ पार्क स्थित चिन्मया विद्यालय में इंटर स्कूल आर्टिस्ट 'रेनबो 'का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के लगभग 13 विद्यालयों के 250 बच्चों ने भाग लिया। इस फेस्ट में शहर के प्रतिष्ठित कलाकार अर्जुन दास मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उक्त अवसर पर नटराज कला केंद्र चौगा ईचागढ़ के कलाकारों द्वारा आकर्षक तथा मनोरंजक छऊ नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में फन विथ क्ले, मास्टर स्ट्रोक, स्टोन आर्ट, ब्रश मैजिक, एक्रेलिक बो, फेस पेंटिंग, लाइव स्टडी तथा फ्रूट एंड वेजिटेबल आर्ट आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडली में अशोक माइति, अनूप सिंह तथा बिप्लब राय जी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य से सभी प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते हुए शुभ कामना दी तथा विद्यालय के इस प्रयास की प्रशंसा की। उन्होंने छऊ नृत्य के कलाकारों को विशेष धन्यवाद दिया। रेनबो फेस्ट के आयोजन में विद्यालय के आर्ट टीचर तमाल सेन गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही, साथ ही विद्यालय की प्राचार्या, सभी शिक्षक गण तथा विद्यालय कार्यकारिणी समिति के सदस्यों का भरपूर सहयोग था। रेनबो फेस्ट के ओवरऑल चैंपियन का श्रेय डी ए वी बिस्टुपुर को जाता है।

अन्य परिणाम इस प्रकार है

1. फन विथ क्ले-प्रथम जिसको स्कूल साउथ पार्क और श्रीनाथ पब्लिक स्कूल
2. द्वितीय चिन्मय विद्यालय साउथ पार्क
3. तृतीय डी ए वी. बिस्टुपुर

मास्टर स्ट्रोक-प्रथम ए आई डब्ल्यू सी एकेडमी ऑफ एक्सीलेंस
द्वितीय -डी ए वी बिस्टुपुर
तृतीय जे एच तारापुर
ब्रश मैजिक-प्रथम जे पी .एस बारीडीह
द्वितीय-डी ए वी बिस्टुपुर
तृतीय-ए आई डब्ल्यू सी एकेडमी
एक्रेलिक बो -प्रथम आर एम एस सोनारी
द्वितीय-डी ए वी बिस्टुपुर
तृतीय जुस्को स्कूल कदमा
फेस पेंटिंग-जुस्को स्कूल कदमा प्रथम

स्पीड न्यूज

नयी तकनीक युक्त खुला शानवी ब्यूटी पार्लर : प्रथम महापौर

मेदिनीनगर। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रजक परिवार द्वारा शानवी ब्यूटी पार्लर, जय भवानी संघ चौक के समीप उदघाटन किया। मौके पर प्रथम महापौर ने कहा कि अब हमारे शहर में भी अच्छे-अच्छे पार्लर खुलने लगे हैं। जहां बड़े शहरों के तर्ज पर नई तकनीकी के साथ लड़कियों के लिए सुरक्षित सजावट की सुविधाएं उपलब्ध है जिससे स्किन रिएक्शन से बचा जा सकता है। इसी कड़ी में आज यह पार्लर का खुलना अच्छी पहल है। लगन के समय में सारे पार्लर व्यस्त रहते शादी के लिए मेरी बहनों, बच्चियों को सजने में काफी दिक्कत होता था ऐसे पार्लर खुलने से यह कमियां दूर होगी। इस अवसर पर संस्था की मालकिन पिंकी कुमारी रजक, शिव कुमार मिश्रा, मेयर प्रतिनिधि सुनील, कुंदन वर्मा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

मृतक के परिजनों से मिले पांकी विधायक, सहयोग का दिया भरोसा

तरहसी पलामू। पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड तरहसी के ग्राम मिसिरपतरा निवासी कृष्णा यादव के छोटे पुत्र सुनील कुमार उम्र 22 वर्ष पिछले सप्ताह सड़क दुर्घटना में इलाज के दौरान कल रात रांची रिम्स अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई थी। घटना की जानकारी मिलने पर पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता मृतक परिवार के घर पर पहुंचकर इस दुख की घड़ी में ढाढ़स बंधाया व सांत्वना दिया। सभी परिवार जवान बेटे की मौत पर दहाड़ मार कर रो रहे थे। विधायक ने परिजनों को हर संभव मदद और सरकारी लाभ दिलाने का भरोसा दिलाया। साथ ही इस घटना पर दुख व्यक्त किया है।

बीडीएम इंटरनेशनल स्कूल चेड़ाबार में मनाया गया चौथा वार्षिक उत्सव

चैनपुर पलामू। प्रखंड अंतर्गत चेड़ाबार स्थित भुवनेश्वर दूबे मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल ने अपना चौथा वार्षिकोत्सव मनाया। मौके पर मुख्य अतिथि पलामू जिला सीआरपीएफ के पुलिस उप निरीक्षक पंकज कुमार शामिल थे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने छात्रों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि छात्र उच्च अंक लाने के लिए फास्ट रिडिंग, फास्ट राईटिंग एवं फास्ट कैलकुलेटिंग पर ध्यान दें। कार्यक्रम में छोटे छोटे छात्रों ने नृत्य, गीत एवं नाटक के द्वारा उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विद्यालय के निदेशक अशोक दूबे ने कहा कि हमारा प्रयास है कि हम ग्रामीण क्षेत्र में भी शहरी परिवेश की शिक्षा दी जाए। विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के सार्वजनिक विकास के लिए अनेक प्रकार के प्रतियोगी कार्यक्रम और खेलकूद का आयोजन किया जाता है। प्राचार्य विवेक तिवारी ने कहा कि विद्यालय में प्रशिक्षित शिक्षकों के द्वारा छात्रों को शिक्षा दी जाती है ताकि छात्रों का चहुमुखी विकास हो सके। कार्यक्रम में पटना से आए जादूगर पी के सिंह के द्वारा बच्चों का भरपूर मनोरंजन किया गया। मौके पर विद्यालय की ट्रस्टी श्रृंखला दुबे एवं अवधेश दुबे मनोज दुबे, दिनेश दुबे, इतिशा आर्य,आकाश कश्यप, मुकेश तिवारी, अभय कुमार, आलोक कुमार, श्वेता कुमारी, ज्योति कुमारी, अमृता कुमारी, नीतू कुमारी एवं अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद थे।

28 कब्रिस्तानों की घेराबंदी का कार्य प्रगति पर, 20 कब्रिस्तानों की मिली स्वीकृति

हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के 28 कब्रिस्तानों की घेराबंदी का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। क्षेत्र के 20 और कब्रिस्तानों की घेराबंदी कार्य की स्वीकृति कल्याण विभाग से मिली है। इस संबंध में हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र के विकास में शुरू से ईमानदारी के साथ काम किया है। उन्होंने कभी किसी को कम या ज्यादा तरजीह नहीं दी है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने इस कार्यकाल में 28 कब्रिस्तानों की घेराबंदी कार्य की स्वीकृति दिला कर उसपर कार्य शुरू कराने का काम किया है। गुरुवार को क्षेत्र के 20 कब्रिस्तानों की घेराबंदी व सुंदरीकरण कार्य को स्वीकृति दिलाने का काम किया है। उन्होंने बताया कि हरिहरगंज में तीन, पिपरा में एक, हुसैनाबाद में नौ, हैदरनगर में पांच व मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र में दो कब्रिस्तान शामिल है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद इतना कब्रिस्तानों की घेराबंदी का कार्य किसी ने किया है तो बताए। उन्होंने कहा कि वह सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं। विवाह मंडप बनवाने के साथ निकाह भवन का भी निर्माण कराया। मंदिर और मस्जिद दोनो धार्मिक स्थलों को पक्की सड़क से जोड़ने का भी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर अभी भी किसी कब्रिस्तान की चहारदीवारी बाकी है या सुंदरीकरण की जरूरत है, तो वहा के ग्रामीण मिलकर अनुसंशा करा सकते हैं। विधायक ने कहा कि एनसीपी सबका ख्याल रखती है।

छठ घाट पर व्रतधारियों को उपलब्ध कराया जायेगा हर संभव सुविधा : डॉ ईश्वर सागर



बिश्रामपुर (पलामू)। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी और नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने शनिवार को शिव छठ घाट पर साफ सफाई का जायजा लिया। जेसीबी मशीन लगाकर नदी को साफ करने, लाइट व्यवस्था को दुरुस्त करने सहित कई दिशा निर्देश नप कर्मियों को दिया। इस दौरान छठ पूजा समिति ने डॉ चंद्रवंशी और दानिश हुसैन को बुके व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर चंद्रवंशी ने कहा कि छठ घाट पर व्रतधारियो के हर सुविधा का ख्याल रखा जायेगा। दानिस हुसैन ने कहा कि नगर प्रशासन अपनी ओर से सभी छठ घाटों की साफ सफाई करा रहा है। सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय ने बताया कि छठ महापर्व के दिन वाराणसी के पंडितों द्वारा घाट पर गंगा आरती कराया जायेगा। छठ पूजा समिति के अध्यक्ष विजय पेंटर ने बताया कि छठ महापर्व को लेकर व्यापक तैयारी चल रही है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, मैनेजर जितेंद्र सिंह, सुभाष हेंब्रम, दीपक चंद्रवंशी, राजू प्रसाद केशरी, संजर साह, रामचंद्र साव, अमित सोनी, बिहारी लाल गुप्ता, जितेंद्र बहेलिया, गोलू गुप्ता, राजा सोनी, सतेंद्र, अवधेश सोनी, मनोज कुमार, सत्यम सोनी सहित पूजा समिति के कई लोग मौजूद थे।

केतात स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में लगा खेल उपकरण

बिश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर प्रखंड के केतात स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में छात्रों के लिए खेल उपकरण लगाया गया। यह खेल उपकरण पंचायत निधि से विद्यालय प्रबंधन को उपलब्ध कराया गया था। खेल उपकरण का उद्घाटन शनिवार को मुखिया संजू चौबे, वरीय वार्ड सदस्य अरविंद चौबे व प्रधानाध्यापक मनोज द्विवेदी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर मनोज द्विवेदी ने पंचायत प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर सुनील चौबे,प्रबंध समिति अध्यक्ष सुभाष चौबे, संजीत कुमार चौबे, अनंत चौबे, निहालचंद राम, पूनम देवी, आरती कुमारी, रीना कुमारी, अमरेंद्र कुमार, रामलाल चौधरी, विनोद मंडल, अनुपम चौबे, रंजित कुमार, अर्चना कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

आखिर कब तक मेन्टेन करेंगी प्रथम मेयर!

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। ऐसा कम देखा जाता है कि अपने पद से हटने के बाद भी अपने क्षेत्र को सुसज्जित एवं सुव्यवस्थित रखने के लिए एक जनप्रतिनिधि अपने निजी खर्च से पैरलर निगम चला रही हो। यह कार्य और कोई नहीं मेदनीनगर शहर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर निभा रही है। आज शहर की खूबसूरती में चार चांद लगा रहे सर्वोत्तर चर्चित चाहे गांधी उद्यान का रखरखाव हो या फिर मरीन ड्राइव का रखरखाव, चाहे रोड डिवाइडर में लगे पौधों की देखरेख हो या मेयर के निजी खर्च से लगे ओवर ब्रिज एवं डिवाइडर पर तिरंगा लाइट, चाहे मेयर द्वारा लगाया गया जगह-जगह सीमेंटेड बेंच का मेंटेनेंस हो या फिर चौक चौराहा में लगा वर्टिकल गार्डन का मेंटेनेंस, चाहे फिर मोहल्ले में बच्चों को खेलने के लिए लगे मल्टीप्ले स्टेशन की देखरेख इन सभी चीजों के लिए अरुणा शंकर द्वारा चार माली, दो इलेक्ट्रीशियन, पानी टैंकर के साथ पौधों में पानी पटाने हेतु ड्राइवर, लेबर एवं दो दो सुपरवाइजर निगम क्षेत्र के खूबसूरती को बनाए रखने के लिए प्रतिदिन सुबह 7:00 जो निकल जाते है जो शाम 5:00 बजे तक कार्यरत रहते तभी गर्मियों में भी शहर हरा भरा नजर आता रहा है। प्रथम महापौर ने दुख जाहिर करते हुए कहा कि मैं अभी किसी पद पर ना होते हुए भी यथासंभव निगम क्षेत्र को सजाने सवारने एवं कई प्रमुख योजनाओं पर निगम का ध्यान आकृष्ट करने का कार्य नित्य करती हूं। साथ में जहां-जहां शहर के कुछ लोगों द्वारा एक सुनियोजित ढंग से चीजों को तोड़ी जाती है त्वरित उसको अपनी टीम द्वारा ठीक कराने का भी काम करती लेकिन कब तक? यह शहर मेदनीनगर वासियों का है मैं तो मात्र माध्यम रही, मेंटेन हम सबों को मिलकर करना है जिसमें प्रशासन की भी उतनी ही सहभागिता होनी चाहिए तभी शहर सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित रहेगा। लगातार इन दिनों डिवाइड का लाइट एवं प्लांट तोड़े जाने पर दुख व्यक्त की और कहा कि महात्मा गांधी मार्ग का चौड़ीकरण जिसका प्राक्कलन बना हुआ है तत्काल करें एवं रोड के बीच में ताड़ पेड़ को कटवाए अन्यथा बड़ी घटना होगी।

विधायक ने पांकी और तरहसी में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया उदघाटन

माटी व मातृभूमि की रक्षा के लिए हैं संकल्पित : डॉ मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता

पांकी/तरहसी। पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने पांकी प्रखंड के पंचायत नौडीहा, बहेरा में लक्ष्मी पूजा एवं धनतेरस के शुभ अवसर पर संस्कृति कार्यक्रम का उदघाटन किया। इस दौरान पुजा कमेटी के सदस्यों ने फूल माला शौल और चुनरी देकर सम्मानित किया। विधायक ने कमेटी को 25 हजार रूपये का सहयोग राशि दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के आयोजक को सहयोग राशि प्रदान करने से कमेटी के पदाधिकारियों का मनोबल बढ़ता है। इधर डॉ मेहता ने प्रखंड तरहसी के ग्राम धुमा में लक्ष्मी पूजा एवं धनतेरस के शुभ अवसर पर आयोजित सांस्कृति कार्यक्रम का भी फीता काटकर उदघाटन किया। विधायक ने इस कमेटी को 15000 रूपये का सहयोग राशि दिया। मौके पर डॉ मेहता ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से हमारी माटी और मातृभूमि संस्कृति की याद ताजा हो जाती है। जिस प्रकार कलियुग में राम नाम का स्मरण ही जीवन की मुक्ति व सदगति का आधार है ठीक उसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हमारी संस्कृति का धरोहर है। उन्होंने कहा कि माटी और मातृभूमि की रक्षा के लिए संकल्पित है। क्षेत्र की जनता जनार्दन ने मुझे आशीर्वाद देकर मेरे ऊपर जो विश्वास किया है उस पर सौ फीसडी खरा उतरने का काम किया हूं और आगे भी करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र अन्य विधानसभा क्षेत्र से अव्वल रहे इसी उदेश्य व संकल्प के साथ आपकी सेवा में तत्पर हूं। इस मौके पर पूजा समिति के पदाधिकारी सदस्यों सहित काफी संख्या में संगीतप्रेमी और ग्रामीण उपस्थित थे।

जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान में छात्रावास भवन का होगा निर्माण

एक करोड़ 95 लाख की लागत से बनने वाले भवन की रखी गई आधारशिला

चारदीवारी का निर्माण भी किया जायेगा

खबर मन्त्र संवाददाता

निर्माण कार्य का शिलान्यास करते अतिथि।

बिश्रामपुर (पलामू)। रेहला स्थित जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान में एक करोड़ 95 लाख की लागत से छात्रावास भवन व चारदीवारी का निर्माण किया जायेगा। जिसका शिलान्यास शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने शिलापट्ट का अनावरण कर किया। चंद्रवंशी ने कहा कि नया छात्रावास भवन बन जाने से शिक्षक प्रशिक्षकों को सुविधा होगी। वहीं चारदीवारी निर्माण से संस्थान सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। शिलान्यास समारोह का संचालन भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने किया। मौके पर वरीय भाजपा नेता शुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, पंकज कुमार लाल, किरण शर्मा, इदरीश हवारी, तीर्थराज पाठक, इसरार हवरी, अमरेश तिवारी, प्रमोद दीक्षित, दीपक तिवारी, डॉ वी पी शुक्ला सहित कई लोग मौजूद थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कई बीएलओ पर्यवेक्षकों का वेतन रोकने का दिया निर्देश

समीक्ष बैठक में बिना सूचना के अनुपस्थित रहे सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने शनिवार को समाहरणालय के दूसरे तल्ले के सभागार में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी बीएलओ सुपरवाईजर एवं सभी कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ बैठक कर मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत अबतक किये गये कार्यों की समीक्षा की।

सर्वप्रथम उन्होंने बिना अनुमति के बैठक में अनुपस्थित रहे सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिये साथ ही इस विषय पर निर्वाचन विभाग से पत्राचार करने की भी बात कही।

वहीं बीएलओ पर्यवेक्षक जो बिना सूचना के बैठक में अनुपस्थित है उनको निलंबित करने की बात कही। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने विशेष कैंप के दौरान कौन-कौन सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी बूथ पर गये इसकी जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने बीएलओ पर्यवेक्षकों से उनके द्वारा उनके किस बूथ पर कितना प्रपत्र 6 का कलेक्शन हुआ है इसकी विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

उन्होंने सभी से कहा कि निर्वाचन बेहद ही महत्वपूर्ण प्रक्रिया होती है जिसमें सबसे अहम हेल्थी रोल का है ऐसे में इस कार्य में शिथिलता बरतने वाले पर्यवेक्षकों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अहर्ता तिथि 1 जनवरी 2024 के आधार पर सभी योग्य युवक-युवतियों का का वोटर कार्ड बनाया जाना है इसे हर हाल में पूर्ण करें। उन्होंने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कोबीएलओ सुपरवाईजर व बीएलओ के साथ समय-समय पर बैठक करने हेतु निर्देशित किया।

मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु समेत अन्य उपस्थित थे।

विश्रामपुर सेवा भारती ने श्रमदान कर छठ घाट का किया साफ सफाई

विश्रामपुर (पलामू)। समाजसेवी संस्था बिश्रामपुर सेवा भारती ने स्थानीय शिव छठ घाट पर श्रमदान कर साफ सफाई किया। श्रमदान का नेतृत्व संस्था के अध्यक्ष विजय पांडेय ने किया। संस्था के सदस्यों का हौसला बढ़ाने हेतु विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन ने भी झाड़ू थामा और सफाई अभियान में शामिल हुए। मौके पर विजय पांडेय ने कहा कि छठ महापर्व आस्था और स्वच्छता का प्रतीक है। सेवा भाव के साथ संस्था के पदाधिकारी और सदस्य छठ घाट की सफाई कर रहे हैं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, समाजसेवी विजय कुमार रवि, राजेश मार्शल, अमित कुमार चौधरी, बिहारी लाल गुप्ता, डॉ चंदासी, आगम दास, मुकेश चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

माइनिंग एरिया में ड्रोन से निगरानी

उपायुक्त ने जिला खनन टास्क फोर्स का किया बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में शनिवार को जिला खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें टास्क फोर्स के कुछ सदस्य एनआईसी के सभागार से जुड़े। वहीं उपायुक्त रंजन ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। इस बैठकमें अवैध माइनिंग को शून्य करने की दिशा में उपायुक्त ने बड़ा निर्णय लेते हुए तीनों एसडीओ को उनके क्षेत्र अंतर्गत खनन बहुल एरिया में ड्रोन से निगरानी करने को लेकर निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिला से सभी को ड्रोन सससमय उपलब्ध करा दिया जाएगा। इसके अलावे उपायुक्त ने कहा कि सभी अंचलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि वैध माइनिंग भी तय एरिया में ही किया जाये। बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को सभी अनुमंडल पदाधिकारी, वन प्रमंडल पदाधिकारी, सभी सीओ व थाना प्रभारी के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध खनिज परिवहन में लिप्त वाहन एवं उनके मालिकों पर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही थाना प्रभारी को अवैध खनन और भंडारण के मामलों में प्राथमिक दर्ज करने की बात कही।

महायज्ञस्थल में आज होगा दीपोत्सव

मेदिनीनगर। राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के तत्वाधान 21 नवंबर से 28 नवंबर तक आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में दीपावली के शुभ अवसर पर रविवार को भव्य दीपोत्सव मनाई जाएगी। इस संबंध में महायज्ञ समिति के प्रवक्ता सह राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय (लक्की) व महायज्ञ समिति के मिडिया प्रभारी अवधेश शुक्ला व अजीत पाठक ने बताया कि दीपोत्सव के लिए भव्य तैयारी की गई है और इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना है। उन्होंने बताया कि दीपोत्सव में दीप प्रज्वलित कर पूरे यज्ञ मंडप को सजाया जाएगा। यज्ञ मंडप में की जा रही विद्यूत सज्जा विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान महायज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक अर्जुन पाण्डेय (गुरु पाण्डेय) संरक्षक कृष्ण कांत चौबे, मनु प्रसाद तिवारी, प्रवीण सिंह, नवीन तिवारी, आशीष भारद्वाज, महायज्ञ समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, उपाध्यक्ष शैलेश तिवारी, शैलेश दूबे, विकास दूबे, चंदन तिवारी, गोपाल पाण्डेय, आनंद दूबे, दिलीप तिवारी, विशाल पाण्डेय, बिट्टू दूबे, विक्कू शुक्ला, शंभु सिंह, बब्लू पाण्डेय, वीरमणी पाण्डेय, सुनील पाण्डेय, विकास राजा, विक्रांत, गोरख पाठक, छोटू त्रिपाठी, संजय पाण्डेय व सतीश सहित सदस्य मौजूद रहेंगे।

पूर्वी जिला परिषद रीता देवी के प्रयास से दो गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर

पाटन पलामू। प्रखंड के पूर्वी जिला परिषद रीता देवी के प्रयास से महुलिया पंचायत के ग्राम चुरादोहर एवं तीतकी टांड मे 63 केवी के दो जगहो पर नए ट्रांसफार्मर लगाए गए। ग्रामीणों द्वारा लगातार बिजली की समस्या को लेकर परेशानी हो रही थी जिसे लेकर कृषि कार्य भी बाधित हो चुका था। ग्रामीणों द्वारा इस समस्या को लेकर रिता देवी को लिखित रूप से शिकायत की गई थी। समस्याओं को देखते हुए जिला परिषद प्रतिनिधि नंद यादव के पहल पर बिजली के दो नए ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। वहीं जिला परिषद का ग्रामीणों ने आभार प्रकट किया है।

दुर्घटना में दीपौआ स्कूल के प्रधानाध्यापक घायल

पाटन पलामू। बीते शाम करीब साढ़े छः बजे बाईक दुर्घटना में दीपौआ हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक पवन कुमार प्रजापति एवं पारस महतो गम्भीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार पवन प्रजापति एवं पारस महतो डालटनगंज से अपने ग्राम दीपौआ लौट रहे थे उसी दौरान किशुनपुर तरफ से तीव्र गति से आ रही स्कार्पियो से बचाव के क्रम में बाइक दुर्घटना ग्रस्त हो गई। यह घटना किशुनपुर एवं कुड़वा मोड़ के बीच गम्हेल स्थान के पास घटी। इस दुर्घटना में पारस का पैर टूट गया और प्रधानाध्यापक को अंदरुनी चोट लगी है। दोनों का इलाज चल रहा है।

भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी की आम सभा 17 को

मेदिनीनगर। भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी की आम सभा का आयोजन 17 नवंबर को टाउन हॉल में किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए रेड क्रॉस के सचिव डा सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि रेड क्रॉस के चुनाव कराने के लिए राज्यपाल सचिवालय एवं उपायुक्त से भी निर्देश प्राप्त हुआ था कि आम सभा की बैठक कराकर चुनाव की तिथि निर्धारित करने को कहा गया था। इस आलोक में आम सभा की बैठक पूर्व में 24 नवंबर को कराया जाना था जिसे रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष सह उपायुक्त के निर्देश पर तिथि परिवर्तन करते हुए 17 नवंबर को टाउन हॉल में आम सभा की बैठक की जायेगी। सचिव डा गुप्ता ने रेड क्रॉस के सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि 17 नवंबर को होनेवाली बैठक में 11 बजे पूर्वाह्न में पहुंचकर सफल बनायें।

बजाज पल्सर का एनआई 50 मोटरसाइकल हुआ लॉन्च

खबर मन्त्र संवाददाता

बिश्रामपुर (पलामू)। रेहला-बी मोड़ स्थित एम के बजाज शो रूम में शुक्रवार को बजाज मोटरसाइकल का एक नया मॉडल पल्सर एनआई 50 लॉन्च किया गया। इस नए मॉडल के मोटरसाइकल का लॉन्च वरीय समाजसेवी नंदलाल पांडेय और शो रूम के प्रो.गोपाल राम ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर पांडेय ने कहा कि रेहला जैसे छोटे जगह पर भी यह शो रूम ग्राहकों को बजाज मोटरसाइकल का हर मॉडल मुहैया करा रहा है जो कबीले तारीफ है। प्रो गोपाल राम ने एनआई 50 मॉडल मोटरसाइकल की विशेषता से ग्राहकों को अवगत कराया। बताया कि इस मॉडल की शो रूम कीमत एक लाख 18 हजार 701 रुपया है। इस शो रूम में फाइनेंस की भी सुविधा उपलब्ध है। मौके पर सरवर अंसारी, मुकेश पासवान, विकास कुमार, मुकेश चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

सीएम हेमंत सोरेन से मिले अविनाश देव

अविनाश ने सीएम से मिलकर दीपावली की दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। राजधानी रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में संत मरियम स्कूल के चेयरमैन सह झामुमो के वरिष्ठ नेता अविनाश देव ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें मिट्टी से बने दीये भेंट करते हुए दिवाली की बधाई दी। मुख्यमंत्री से मिलने के पश्चात अविनाश देव ने कहा की माननीय मुख्यमंत्री जी मिट्टी के दीये से बेहद प्रसन्न हुए और उन्होंने कहा की दिए सहित मिट्टी के अनेक कार्यों में संलग्न सभी लोगों के बेहतरी के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित है। मौके पर अविनाश देव ने कहा कि हम सभी को भी यह प्रयास करना चाहिए कि दीपावली सहित अनेक पर्वो में आस पास के कारीगरों द्वारा निर्मित वस्तु खरीदे ताकि उनके घर भी खुशियों से भर सके।

पूर्व सैनिक कार्यालय में कार्यपालक अधिकारी एवं नगर प्रबंधक का भ्रमण

खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद (पलामू)। नगर पंचायत के नव पदस्थापित कार्यपालक अधिकारी बिपुल शाहानी एवं नगर प्रबंधक नीजबुला अंसारी ने शनिवार को हुसैनाबाद स्थित पूर्व सैनिक कार्यालय का भ्रमण किया। पूर्व सैनिकों द्वारा दोनों अतिथियों को फुल माला, अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद उन्होंने पुर्व सैनिकों के साथ वीर जांबाज सैनिकों को नमन किया एवं प्रमंडलीय अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह के लड़का महेंद्र सिंह जो एके सिंह कालेज में कार्यरत थे उनका कल अकास्मिक देहांत हो गया था उनकी आत्मा की शान्ति की कामना किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेन्ट प्रेमतोष प्रसाद ने की और संचालन हवलदार सुधीर सिंह ने किया। जिला उपाध्यक्ष ने इस कार्यालय द्वारा की जा रहा रही सैन्य कार्यक्रम, क्षेत्र के सभी विभागों के पेंशन धारियों वीर नारीयों के समस्याओं का निदान, नवजवान बच्चों को सैन्य संबंधित शिक्षित करने जैसे कार्यों की जानकारी दी। संगठन के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने सभी क्षेत्रवासियों को दिपावली की शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक इस क्षेत्र के सभी दुःखी असहाय, वीर नारीयों के पेंशन, वृद्धा पेंशनधारकों के समस्याओं के आलावा नौजवान बच्चों को जागरूक करना सैनिकों जैसा देश प्रेम, समाज के जन कल्याण में सहभागिता निभाने जैसे गुणों से अवगत कराने का कार्य इस कार्यालय से की जा रही है। नगर प्रबंधक अंसारी ने सैनिकों की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि हम सब मिलकर ही समाज या किसी जन कल्याण को मुहिम तक पहुंचा सकते हैं जिसमें सैनिकों की सहभागिता अति सराहनिय है। नगर कार्यपालक अधिकारी बिपुल शाहानी ने कार्यालय द्वारा किये गई कार्यों को देखकर काफी प्रभावित हुए।

रोटरी स्कूल चैनपुर का प्रांगण रंगोली से सजा और भगवान भास्कर के गीतों से गुंजायमान हुआ परिसर

खबर मन्त्र संवाददाता

चैनपुर पलामू। दीपावली से पूर्व रोटरी स्कूल चैनपुर में रंगोली प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। जिसमे सीनियर और जूनियर वर्ग की छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया, जिसमें 100 से अधिक रंगोली बनाई। महापर्व छठ को ध्यान में रखते हुए सर्वव्यापी, सर्वप्रतिष्ठित भगवान भास्कर के सम्मान में विद्यालय परिसर छठ गीतों से गुंजायमान हुआ। इसके माध्यम से सभी के लिए मंगलकामना की गई जिससे कि सभी ऊजार्वान हों, उनका अंतस्थल प्रकाशमान हो। मौके पर विद्यालय प्रबंधन के द्वारा दीपावली समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के कर्मचारियों को विद्यालय प्रबंधन की से उपहार और दीपावली की मिठाइयां प्रदान की गई। विद्यालय के चेयरमैन रो अनुग्रह नारायण शर्मा रंगोली देख खुश हुए। उन्होने कहा कि हमारे विद्यालय के बच्चों में हुनर की कोई कमी नहीं है। इन्हे जिस कार्य में लगा दिया जाता है वे उसे कुशलतापूर्वक कर दिखाते है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। अनुग्रह नारायण शर्मा ने प्राचार्य अश्लीश कुमार पाण्डेय को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। प्राचार्य अश्लेष कुमार पाण्डेय ने दीपावली और छठ की बधाईयां देते हुए छात्र, अभिभावक, शिक्षक, शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों के लिए मंगल कामना किए। उन्होने कहा कि दीपावली का अयोजन सतयुग में हुए समुद्र मंथन से प्राकट्य लक्ष्मी की पूजा से प्रारंभ हुआ। यही कारण है कि इस दिन हम विघ्नहरण गणेश और लक्ष्मी जी की पूजा करते हैं। उन्होने यह भी कहा की भगवान भास्कर का संबंध किसी धर्म विशेष से नहीं है, ये सर्वव्यापी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की उप प्राचार्या रितुल मुस्कान, समन्वयक स्मिता सिंह, शिक्षक गौरी शंकर मिश्र, मनोज कुमार यादव, उमा कांत मिश्र, राहुल भारद्वाज, नम्रता पांडेय, रंजीत शर्मा, रामबरून देव, पूनम पांडे, सुषमा अग्रवाल, हर्षबाला, प्रिया पांडेय, नेहा तिवारी, आयुषी लाठ, एसबीपी गुप्ता, सुधीर कुमार सिंह, एन के शुक्ल प्रियांशु कश्यप, सोनी कुमारी, रंजीत कुमार का सहयोग सरहनीय रहा।

स्पीड न्यूज

बाल-भोज का आयोजन

चिरकुंडा। अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर चिरकुंडा नीचे बाजार विद्यालय परिसर में बाल दिवस व दीपावली के अवसर पर शनिवार को बाल-भोज का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चों(कक्षा नर्सरी से द्वादश) को भोजन कराया गया।बाल भोजन के अवसर पर स्कूल के सचिव निलय गढ़याण,विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार वर्मा,प्रकाश महतो आदि थे।

पूर्व सीआरपी को पितृ शोक

बोकारो/कसमार । पूर्व सीआरपी कसमर प्रखंड के छत्रु राम महतो के पिता जीनव राम महतो का निधन हो गया।वे एक सड़क दुर्घटना में रामगढ़ कैथा में बुरी तरह से घायल हुए थे। जिनका इलाज के दौरान रिम्स में निधन हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सहायक अध्यापक संघ की ओर से दुख प्रकट करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की गयी।सहायक अध्यापक संघ के बोकारो जिला अध्यक्ष संजय कुमार महतो ने दुख प्रकट करते हुए उसे परिवार को साहस और भारत देने का काम किया है। श्री महतो ने कहा है हुए एक कुशल अमीन थे। जो जाने माने इस क्षेत्र में अमीन के रूप में जाने जाते थे संवेदना व्यक्त करने वाले में मुख्य रूप से संजय कुमार महतो सुभाष चंद्र ठाकुर केदारनाथ महतो किषटु महतो विनोद रविदास गणेश महतो मुमताज अंसारी वही राम महतो राजाराम मांझी जमुना मांझी शिवनंदन महतो कुलेश्वर महतो शिवचरण महतो रूपा रानी मधुबाला आदि शामिल थे।

अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद ने धनबाद और गिरिडीह में मनाया स्थापना दिवस

धनबाद /गिरिडीह। शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद का स्थापना दिवस सह परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संस्थापक हृदय नारायण मिश्र का जन्मदिवस के शुभ अवसर पर धनबाद के कोटालडीह में विवेकानंद तिवारी के आवास परिसर और गिरिडीह के चिरकी मध्य विद्यालय पीरटांड़ में श्री मिश्रा के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सभी विद्यालय के छात्र-छात्राओं को मिष्ठान्न मिठाई बांटा गया।शनिवार को इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी, प्रधानाध्यापक,सहायक शिक्षक एवं सहायक शिक्षिका , कर्मचारी समेत 400 बच्चों को हिंदी राष्ट्रभाषा बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चन्द्र तिवारी ने बताया।मौके पर परिषद झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चन्द्र तिवारी, निर्भय दूबे, निर्मल कुमार दूबे, बबिता देवी,अर्जून मुर्मू, संजय हांसदा गिरीडीह जिला अध्यक्ष, चांदनी तिवारी गिरीडीह जिला उपाध्यक्ष, मोतीलाल त्रिवेदी, नरेश कुमार पाठक आदी उपस्थित हुए।

भारतीय मजदूर संघ झारखंड प्रदेश संगठन मंत्री एवं अध्यक्ष का ढोरी क्षेत्र का दौरा

बेरमो। भारतीय मजदूर संघ झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह तथा संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार का सीसीएल के ढोरी क्षेत्र का दौरा किया। ब्रजेश कुमार ने कहा कि आगामी 30 तथा 31 दिसम्बर 2023 को रांची में झारखंड प्रदेश भारतीय मजदूर संघ का दो दिवसीय अधिवेशन सम्पन्न होने जा रही है। इसी बाबत भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधि मंडल पूरे प्रदेश का दौरा कर रहे है उसी बाबत हमलोग ढोरी क्षेत्र में दौरा कर रहे है। सत्यनारायण सिंह ने कहा कि 3 नवंबर को रांची झारखंड सरकार के विरूद्ध में भारतीय मजदूर संघ के कार्यकताओं द्वारा एक विशाल धरना प्रदर्शन रैली का आयोजन कर झारखंड सरकार के समक्ष ठेका मजदूरों ,आंगनबाड़ी, सहिया आदि में कार्यरत मजदूरों को जो उचित मानदेय, सीएमपीएफ, पेंशन, बैंक से वेतन भुगतान आदि विषयों को लेकर झारखंड सरकार को भारतीय मजदूर संघ द्वारा ज्ञापन देने का कार्य किया गया है।हमारी माँगो को सरकार जल्द द्वारा निष्पादन नही किया गया है तो भारतीय मजदूर संघ आने वाले समय मे दिल्ली के जंतर-मंतर में धरना प्रदर्शन करने का कार्य करेगी। मौके पर सीसीएल सीकेएस कार्यकारी अध्यक्ष सह संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य रवीन्द्र कुमार मिश्रा, भारतीय मजदूर संघ बोकारो जिला मंत्री संत सिंह, क्षेत्रीय सचिव ढोरी विनय कुमार सिंह, कुलदीप, प्रमोद सिंह तथा ललन मल्लाह आदि उपस्थित रहे।

रक्षा काली मंदिर में 200 वर्षों से होती आ रही है काली पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता

गोविंदपुर । गोविंदपुर लाल बाजार स्थित मा रक्षा काली मंदिर में करीब 200 वर्षों से काली पूजा होती आ रही है। यहां की विशेषता यह है कि काली पूजा के दिन सूर्योदय के बाद ही प्रतिमा का निर्माण शुरू होता है । सूर्यास्त के पहले प्रतिमा बनाकर तैयार हो जाती है । रात में पूजा अर्चना के बाद अगली सुबह सूर्योदय के पहले माता की प्रतिमा का तालाब में विसर्जन किया जाता है। इस मंदिर में स्थापित माता के प्रति धनबाद गोविंदपुर के साथ-साथ दूरदराज के लोगों की भी बड़ी आस्था है । काली पूजा पर दूरदराज के लोग माता का दर्शन करने पहुंचते हैं । काली पूजा की रात यहां मेला सा दृश्य रहता है। करीब 200 पाठि की बलि चढ़ाई जाती है । पूजा अर्चना के बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरण होता है। आम दिनों में भी हर अमावस्या, मंगलवार और शनिवार को बड़ी संख्या में भक्तों का जुटान होता है। मां काली का प्रतिमा के निर्माण दशकों से दास परिवार के घर में होता रहा है। तारापद दास से होते हुए उनके पुत्र अतुल चंद्र दास के बाद अब यह परंपरा उनके पुत्र अभिजीत दास उर्फ राजा दास तक पहुंची है। इसी तरह बलियापुर के कारीगर उत्तम रक्षित पिछले कुछ वर्षों से माता की प्रतिमा बना रहे हैं ।इसके पहले भी दर्शकों से उनके पूर्वज प्रतिमा बनाते थे। दशकों पूर्व समाजसेवी डॉ एसएन चौधरी ने अपने पिता डॉ अनादि नाथ चौधरी की स्मृति में मंदिर का पुनर्निर्माण कराया था। हाल में राजा दास ने मंदिर की मरम्मत अपने स्तर से की है। पुजारी संतोष चक्रवर्ती उर्फ हेलू ठाकुर ने बताया कि भक्तों के सहयोग से काली पूजा को लेकर पंडाल बनाया गया है और लाइटिंग की व्यवस्था की गई है श्रद्धालुओं को परेशानी ना हो इसका भी प्रबंध किया गया है ।

बीएसएल कर्मियों का ऑनलाइन टूर मैनेजमेंट सुविधा का शुभारंभ

बोकारो । बीएसएल कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन टूर मैनेजमेंट सिस्टम शुरू किया जा रहा है जिसमें वे टूर रिक्वेस्ट आवेदन ऑनलाइन जमा करते हुए टूर एडवांस के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस नए ऑनलाइन सिस्टम का उद्घाटन 11 नवम्बर को ईडी (एफ एंड ए) सुरेश रंगानी तथा ईडी (पी एंड ए) राजन प्रसाद द्वारा किया गया। इस दौरान सीजीएम हरि मोहन झा सुजय कुमार ए बंकिरा तथा इस सिस्टम को विकसित करने से जुड़े टीम के सदस्य उपस्थित थे। फिलहाल बीएसएल कर्मी इस प्रणाली के माध्यम से ऑनलाइन टूर एडवांस के लिए आवेदन कर सकते हैं। टूर सम्पन्न होने के पश्चात टूर बिल जमा करने और टूर बिलों की प्रतिपूर्ति और सेटलमेंट के लिए मॉड्यूल भी इस प्रणाली के तहत विकसित किया जा रहा है। जल्द ही मेडिकल रेफरल से संबंधित टूर आवेदन की सुविधा भी इस प्रणाली में शामिल करने की योजना है।नव विकसित प्रणाली पूरी तरह से ऑनलाइन पारदर्शी एवं पेपरलेस है और कर्मी इससे रियल टाइम के आधार पर टूर और एडवांस की मंजूरी के बारे में अपडेट प्राप्त कर सकते हैं इस सिस्टम में कर्मचारियों के टूर का पुराना डाटा भी उपलब्ध रहेगा।

पंचेत जलाशय में डाला गया 12 लाख मछली का जीरा

मत्स्य जीवी सहयोग समिति को होगा आर्थिक लाभ : उप मत्स्य निदेशक

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। पंचेत जलाशय में शनिवार को मत्स्य विभाग की और से 12 लाख मछली का बच्चा डाला गया। इस मौके पर उप मत्स्य निदेशक, संजय कुमार गुप्ता, जिला मत्स्य पदाधिकारी, उषा किरण सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद थे।जिला मत्स्य पदाधिकारी उषा किरण ने कहा पंचेत जलाशय में भारतीय मेजर कार्प प्रजाति के 9 लाख 50 हजार और ग्रास कार्प प्रजाति के 2 लाख 50 हजार बच्चा डाला गया है। सभी की साईज अंगुलिका के आकार की है, जो तेजी से वृद्धि करेंगी।उप मत्स्य निदेशक ने कहा इस कार्यक्रम से पंचेत जलाशय में मछली की कमी नहीं रहेंगी। उन्होनें मत्स्य जीवी सहयोग समिति को आर्थिक लाभ होने की बात कही। पंचेत डैम में मछली पकड़कर बेचने के कार्य में समिति के सदस्य लगे हुए हैं। कई परिवारों का इससे भरन-पोषण होता है। अब मछली का बच्चा डालकर विभाग समिति को आर्थिक रूप से सबल बनाने का काम कर रही है। उन्होनें कहा पहले नदी नाले में मछली का प्रजनन होता था, उक्त जलाशयों में मछली अण्डा देती थी जो पानी के बहाव के साथ ईधर-उधर होते रहती थी। इससे सभी स्थान पर मछली मिलती थी। लेकिन आज नदी नाले सिमट गये हैं। पानी का बहाव रोकने के लिए चेकडैम सहित अन्य उपाय किये गये हैं। उन्होंने बताया कि तालाबों में बाहर का पानी बहुत कम मात्रा में आता है, इससे मछलियों की संख्या घटती जा रही है। पंचेत जलाशय से नित्य मछली पकड़ने का काम किया जाता है जिसकी भरपाई नहीं होने से कई परिवार के सामने रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो जायेगी। मत्स्य विभाग की ओर से मत्स्य अंगुलिकाओं के संचयन से मछली की कमी नहीं होगी। इस दौरान समिति सदस्यों को भी आवश्यक टिप्स दिये गये। जिला मत्स्य पदाधिकारी उषा किरण ने बताया कि दिनांक 09.11.2023 को धनबाद जिला अवस्थित मैथन जलाशय में उप मत्स्य निदेशक श्री संजय गुप्ता की उपस्थिति में संचयन समिति के माननीय सदस्यों के समक्ष 7.70 लाख आईएमसी एवं 2 लाख ग्रास कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं का संचयन कराया गया। वहीं दिनांक 10.11.2023 को धनबाद जिला अवस्थित मैथन जलाशय में द्वितीय चरण में संचयन समिति के माननीय सदस्यों के समक्ष 7.80 लाख क्टउ एवं 3 लाख ग्रास कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं का संचयन कराया गया।

बोकारो केवी1 के छात्रों ने विभिन्न राष्ट्रीय क्रीडा प्रतिस्पर्धा में जीती बाजी

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो । विभिन्न शहरों में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में केंद्रीय विद्यालय 1 बोकारो के छात्र अमित कुमार ने अंडर 14 रिले रेस प्रतियोगिता तथा बाधा दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। संगठन की ओर से उन्हें 23000 रुपए नगद राशि का पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। बालिका संवर्ग में सुनैना कुमारी ने 400 मीटर की बाधा दौड़ में प्रथम स्थान लाकर 10000 रुपए की पुरस्कार राशि अपने नाम की। भाला फेंक प्रतियोगिता में सन्नी कुमार ने 52 मीटर भाला फेंककर केंद्रीय विद्यालय संगठन में राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। इन्हें भी 10000 रुपए की नगद पुरस्कार राशि से पुरस्कृत किया गया। संकित कुमार ने रस्सी कूद प्रतियोगिता में दो दो पुरस्कार जीतकर कुल 13000 रुपए की राशि अपने नाम की। इन्होंने भी राष्ट्रीय स्तर में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। केवी 1 के इन छात्रों ने कुल 63000 रुपए की राशि अपने नाम की तथा राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त करने के साथ ही एसजीएफआई के लिए क्वालीफाई कर लिया। छात्रों को पुरस्कृत करते हुए प्राचार्य मनोज कुमार ने बताया कि खेल से शरीर स्वस्थ होता है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। उन्होंने विद्यालय के खेल शिक्षकों श्रीमती अन्नू सिंह तथा मकुेश कुमार को धन्यवाद दिया जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत से इतने छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान तक ले जाने में सफलता पाई। उपप्राचार्य संजय प्रसाद ने भी कहा कि जीवन में अध्ययन के साथ क्रीडा भी जरूरी है।

न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल फुसरो में सजीं रंगोली और मना दीपोत्सव

बेरमो। शनिवार को फुसरो के शास्त्रीनगर स्थित नयू दिल्ली पब्लिक स्कूल में बच्चों की रंगोली सजाओ एवं दीप जलाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस दौरान डायरेक्टर सुषमा सिंह व सचिव महारूद नारायण सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यहा रंगोली, दीया व कैंडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चो और अभिभावको ने आकर्षक रंगोली बनाकर दीप जलाया। बच्चों की बनाई रंगोली ने लोगों का मन मोह लिया। यहा त्योहार को साफ सफाई और सुरक्षा से मनाने का संकल्प लिया। श्रीमती सिंह ने प्रदूषण रहित दीपावली मनाने की अपील की। कहा कि दीपावली प्रत्येक व्यक्ति के हृदय में ज्ञान के प्रकाश को प्रज्वलित करने के लिए मनाई जाती है। यह पर्व अंधकार पर प्रकाश की विजय को दशार्ता है।प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों का हौसला बढ़ाती रही। उन्होंने कहा कि दीपावली हमारे जीवन में खुशियां भरती है। यह त्योहार आपसी रिश्तों को मजबूत करता है। महारुद्र नारायण सिंह ने कहा कि दीपावली मनाने के पीछे अनेक प्रकार की धारणाएं प्रचलित हैं। विद्या, धन और परिवार में खुशियों के लिए लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। खुशियां मनाने के लिए पटाखा छोड़ने की परंपरा तेजी से विकसित हुई। इससे न सिर्फ धन का अपव्यय होता है। बच्चों ने तेज आवाज के पटाखों को न फोड़ने का संकल्प लिया।

एसवीएम में बच्चों ने ली प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने की शपथ

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो । सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर 3 सी बोकारो में वरिष्ठ दीदी रंजना जी ने दीपावली के महत्व पर व्यापक प्रकाश डाला एवं इस उत्सव के पीछे की पौराणिक कथाओं से भी भैया बहनों को अवगत कराया। तदुपरांत प्राचार्य रण सुमन सिंह ने छात्रों से स्वस्थ एवं सुरक्षित दीपावली मनाने की अपील की। प्राचार्य ने कहा कि हम सभी मिलकर वातावरण को पटाखे आतिशबाजी के धुएं तथा बेतहाशा शोर से मुक्ति दिलाने का प्रयास करेंगे। पटाखों से निकलने वाली जहरीली गैस पर्यावरण को तो नुकसान पहुंचा ही रहे हैं साथ ही इससे आग लगने व शरीर को भी क्षति पहुंचने का खतरा बना रहता है। इस दिवाली पटाखों को ना कहकर हम प्रदूषण मुक्त त्योहार मना सकते हैं। अंत में वरिष्ठ आचार्य मनोज कुमार पाठक ने उपस्थित समस्त भैया बहनों सहित आचार्य बंधु भगनी को प्रदूषण मुक्त एवं स्वदेशी युक्त दीपावली मनाने के लिए शपथ ग्रहण कराया।

जनता श्रमिक संघ ने पीट वाटर के लिए जीनागोरा वर्कशॉप का गेट जाम किया

झरिया। जीनागोरा कांटा, जयरामपुर डिस्पेंसरी ,चक्की ,बागान धौड़ा में पानी पिछले एक महीने से बंद है जिससे लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। दुर्गा पूजा में ईस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ा।उस समय लोगों को लगा कि समस्या का समाधान हो जाएगा लेकिन महिना लग गया पानी की समस्या जस की तस बनीं हुई है। दीपावली में लोग सफाई पर विशेष ध्यान देते है तब भी पानी का व्यवस्था प्रबंधन नहीं किया। अगला सप्ताह हिन्दुओं का महान पर्व छठ आने वाला है। जिसमें साफ सफाई की विशेष जरूरत होती है पानी के अभाव में लोगों को छठ करना मुश्किल हो जाएगा।समय समय पर दूसरे संगठन के समर्थकों ने भी पानी के लिए रोड और कांटा बंद किया। प्रबंधन आश्वासन देकर जाम हटवा लेती है परन्तु पानी की व्यवस्था नहीं करती है।आज सुबह 8 बजे ही जनता श्रमिक संघ के समर्थकों ने जीनागोरा वर्कशॉप के गेट को जाम कर दिया। सूचना मिलते ही नोर्थ , साउथ ,जीनागोरा एकीकृत परियोजना के प्रबंधक डी के मांझी, अभियंता हिमांशु कुमार, तथा फोर मैन रंजन साहब जीनागोरा वर्कशॉप पहुंचे तथा नेताओं से बात किए। प्रबंधन ने प्रदर्शनकारियों से पानी चालू करने के लिए दो दिन का समय लिया है। दोनों पक्षों में सहमति बनी कि हर हाल में सोमवार को पानी चालू हो जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पानी सोमवार को चालू नहीं हुआ तो मंगलवार को पुनः अनिश्चित काल के लिए गेट जाम कर दिया जाएगा। जनता श्रमिक संघ के समर्थकों में छोटु सिंह, संजय यादव,पमपम मिश्रा, रामाधार सिंह, गोपाल चौधरी अनिल पासवान, शंभू पासवान इत्यादि उपस्थित थे।

पटाखा कांड के बाद जिला प्रशासन नहीं दिख रहा है गंभीर अफसरों की लापरवाही से कारोबारियों के है हौसले बुलंद

खबर मन्त्र संवाददाता

झरिया (धनबाद)। 31 वर्ष पूर्व 1992 के 25 अक्टूबर दीपावली के दिन शाम चार बजे झरिया सिंदुरिया पट्टी स्थित कल्लू पटाखा दुकान में भीषण आग लगी थी। इस हादसे में दो दर्जन से अधिक लोगों की मौत हुई थी। लगभग एक सौ से अधिक लोग जख्मी हो गये थे । हालांकि सरकारी आंकड़ों में मरने वालों की संख्या 29 व घायलों की संख्या 50 बताई गई थी। इस घटना की दास्तान स्थानीय लोग अभी भी भूल नहीं पाते । आश्चर्य की बात यह है कि घनी आबादी वाले क्षेत्रों में जिला प्रशासन की ओर से पटाखे की बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाई है।

बावजूद पटाखा व्यवसाय के लोग जिला प्रशासन को खुलेआम चुनौती देकर झरिया शहर के दुकानदार थोक और खुदरा भाव में झरिया शहर की घनी आबादी वाले इलाके बोरा पट्टी, बर्तन पट्टी, सब्जी पट्टी, खैनी पट्टी, ऊपर कुल्ही, लक्ष्मीनिया मोड़, बाटा मोड़, मेन रोड, गांधी रोड और झरिया-धनबाद रोड के किनारे दुकानों में धड़ल्ले से पटाखे बेच रहे हैं। झरिया चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमित साहू उर्फ दीपू ने बताया कि पटाखा कांड के बाद जिला प्रशासन गंभीर नहीं दिख रहा है।

अफसरों की लापरवाही से इससे जुड़े कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं और वे थोड़े से फायदे के लिए आम लोगों की जिंदगी को खतरे में डाल रहे हैं। शहर के कई इलाकों में बारूद का कारोबार तेजी से फलने फूलने लगा है। झरिया शहर बारूद की ढेर पर किसी तरह की लापरवाही हुई तो झरिया शहर में फिर एक बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसे भी दुकान हैं जिनके पास लाइसेंस नहीं है और झरिया शहर में एक ही लाइसेंस में तीन तीन दुकान चला रहे हैं। प्रशासन जांच करें और घनी आबादी में बेच रहे पटाखा दुकानों पर कार्रवाई करें।

स्वदेशी जागरण मंच द्वारा दत्तोपंत ठेंगरी की जयंती समारोह का आयोजन

बोकारो । स्वदेशी मेला कार्यालय सेक्टर 4 सिटी सेंटर में दत्तोपंत ठेंगरी जी का जयंती समारोह मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं एवं भारतीय मजदूर संघ के विनोद ने भी अपने विचार वक्तव्य किये। स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्रीय संयोजक अमरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भारतीय मजदूर संघ स्वदेशी जागरण मंच जैसी संस्थाओं के संस्थापक श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगडी ने वैश्विक आंदोलन का नेतृत्व करते हुए वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन का विरोध भी किया था। उनकी सोच का ही परिणाम था कि घोर कम्युनिस्ट उस समय के सुप्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉक्टर मधुकर बोकरे जो नागपुर विश्वविद्यालय के कुलपति भी हुआ करते थे ऐसे विचारक को स्वदेशी जागरण मंच का पहला संयोजक मनोनीत किया गया था। आज के इस माहौल में समय आ गया है कि विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार हो और स्वदेशी वस्तुओं खासकर अपने आसपास के बनी हुई वस्तुओं का अधिक से अधिक प्रयोग हम सब करें। कार्यक्रम में क्षेत्र संयोजक अमरेंद्र कुमार सिंह प्रांत के संपर्क प्रमुख अजय कुमार चौधरी प्रांत मेला प्रमुख दिलीप वर्मा भारतीय मजदूर संघ के विनोद कुमार जिला संयोजक कुमार संजय पीके सिन्हा ददन कुमार जयशंकर प्रसाद विनोद चौधरी नवीन सिन्हा आदि उपस्थित थे।

कार्यालय, नगर निगम हजारीबाग

आम सूचना

एदत् द्वारा सूचित किया जाता है नगर निगम हजारीबाग क्षेत्रान्तर्गत में स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली अभियान अन्तर्गत आम नागरिकों मे जागरूकता हेतु प्लास्टिक के प्रयोग को कम करने एवं पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों का प्रयोग करने हेतु आमजन https://pledge.mygov.in/swachh-diwali-shubh-diwali/ पर क्लिक कर स्वच्छता शपथ लेकर प्रमाण पत्र डाउण्लोड कर सकते है एवं पर्यावरण अनुकूल अनूठी दिवाली का 30 से 60 सेकेण्ड का विडियो https://drive.google.com/drive/folders/122i6W3iSTVHxFhxagQHEwY5QJZRkoDIK?usp=drive_link पर अपलोड एवं मो॰ 9835901896 पर विडियो वाहट्सप कर सकते है।

प्रशासक–सह– नगर आयुक्त
नगर निगम हजारीबाग

PR 311275 Urban Development and Housing(23-24).D

रंगोली, थाल सज्जा प्रतियोगिता में बहनों ने दिखाई प्रतिभा

खबर मन्त्र संवाददाता

बाघमारा। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बाघमारा में कक्षा षष्ठ से एकादश तक की बहनों ने रंगोली,थाल सज्जा एवं कलश सज्जा प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्य संतोष कुमार झा ने बहनों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा रंगोली, थाल सज्जा एवं कलश सज्जा प्रतियोगिता अपनी संस्कृति एवं सभ्यता को पहचानने का एक माध्यम है। विद्या भारती के विद्यालयों में इस प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित कर भैया-बहनों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से परिचित कराया जाता है। रंगोली प्रतियोगिता में बाल वर्ग से बहन शिवानी (अष्टम'स'), खुशी (अष्टम'ब'),सोनम (अष्टम'स') क्रमशः प्रथम ,द्वितीय और तृतीय रही, थाल सज्जा में बहन प्रियंका (नवम'अ'), प्राची (नवम'ब'), श्रुति कुमारी (नवम'ब') क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रही और कलश सज्जा में रागिनी एवं प्रिया (दशम'स'),आर्या कुमारी (दशम'अ'), प्राची एवं श्रुति कुमारी (दशम 'स') क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रही। प्रतियोगिता में सफल सभी बहनों को प्राचार्य महोदय संतोष कुमार झा, प्रभारी प्राचार्य संजय सिंह व अन्य आचार्यों एवं दीदी जी ने शुभकामनाएँ एवं बधाई दी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी दीदी जी का पूर्ण सहयोग रहा। दूसरी ओर बीसीसीएल के द्वारा हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले और द्वादश की बोर्ड परीक्षा में हिंदी विषय में सर्वाधिक अंक लाने वाले भैया-बहनों को भी बीसीसीएल के अधिकारियों द्वारा पुरस्कार स्वरूप उपहार,धनराशि व प्रमाण देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के कुल 21 भैया-बहनों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय प्राचार्य संतोष कुमार झा ने भैया-बहनों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ एवं बधाई दी।

समाहरणालय, गढ़वा (समाज कल्याण शाखा)
कार्यालय-जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा
Email-dcpsgarhwa@gmail.com

बाल कल्याण समिति, गढ़वा के आदेशानुसारः–

आम सूचना

नाम	:– पार्वती कुमारी, उम्र :– 5 वर्ष लगभग
लिंग	:– बालिका
माता का नाम	:– अज्ञात
पिता का नाम	:– अज्ञात
पता	:– अज्ञात
लंबाई	:– 3.5 फिट
बालिका का रंग	:–सावंला
पहनावा	:–निला रंग का फुल इनर एवं हाफ पैंट
हवाई चप्पल	:– लाल रंग

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त बालिका भवनाथपुर प्रखण्ड के झगडाखांड से प्राप्त हुई है, बालिका बाल कल्याण समिति में उपस्थापन के पश्चात समिति के संरक्षण में है। बालिका अपने माता–पिता का नाम एवं पता बताने में असमर्थ है।

अतः एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि माता/पिता/विधिक संरक्षक, संबंधित दस्तावेज /साक्ष्य के साथ बाल कल्याण समिति, गढ़वा/जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा/जिला समाज कल्याण कार्यालय, गढ़वा में सम्पर्क कर दावा प्रस्तुत कर सकते हैं, अन्यथा बाल कल्याण समिति, गढ़वा के द्वारा नियम संगत अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी, जिसके पश्चात् दावा मान्य नहीं होगा।

कार्यालय :– जिला समाज कल्याण कार्यालय, गढ़वा, जिला बाल संरक्षण इकाई,गढ़वा,
बाल कल्याण समिति, गढ़वा।
संपर्क नम्बर :– 9572372921,6200118854,7870520029.

विश्वासभाजन
जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR.NO.311262 Welfare (23-24):D

समय संवाद

किसी भी राज्य के विकास में उस प्रदेश के हर व्यक्ति का योगदान होता है। हम कतृज्ञ समाज है, हम पर्वतों और प्रकृति के हर तत्वों का योगदान और अहसान स्वीकार करते हैं। हमारा मूल स्वभाव ही विश्व के श्रेष्ठ आचरण संतोष के साथ जुड़ा है। आज विश्व के हर कोने से संसाधनों के उचित और सीमित उपयोग से पृथ्वी के अस्तित्व को जोड़ा जा रहा है। हमारे पूर्वजों ने तो इस बात को हजारों साल पहले समझा और उसे अपने जीवन में उतारा। हमने देश और दुनिया को जो संदेश दिया है उससे ही पृथ्वी के अस्तित्व को बचाने का रास्ता निकलता है। निश्चित तौर पर हम दुनिया के लिये एक विरासत है, हमें समझकर ही दुनिया बच सकती है।

मैं झारखंड हूं विकास ही मेरा ध्येय है

एनके मुरलीधर

मैं झारखंड हूं। 15 नवंबर 2000 को मेरा जन्म हुआ। मेरे जन्म दिन उल्लास और खुशी के साथ विरोध के शब्दों के बीच हुआ। मैं आंदोलन से जन्म लेने वाला राज्य हूं। आज जब मैं युवा हो चुका हूं और मैं यह नहीं कह सकता कि मेरी योग्यता नहीं थी कि मैं विकसित राज्य न बन सकूं। मेरे अदंर पूरे देश को ऊर्जा देने के लायक कोयला है, मैंने निजी क्षेत्र की दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में एक टाटा उद्योग समूह को पनपने और बढ़ने का धरातल तैयार किया है, एशिया का सबसे बड़ा लोहा उद्योग बोकारो प्लांट विकसित किया है,मदर इंड्रस्टीज के नाम से विश्व विख्यात हैवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन, सिंदरी का खाद कारखाना, जादूगोड़ा के यूरेनियम सहित पूरे देश का सबसे अधिक खनिज वाला राज्य हूं।

वर्ष 2000 के पहले मेरे पास एक राजनैतिक कारण था जब मैं कहता था कि बिहार राज्य का हिस्सा होने के कारण मेरे साथ अन्याय हो रहा है। राजनीति की क्षुद्र धारा में प्रवाहित होना मेरी मजबूरी थी, हर

सुविधा से मोहताज था ऐसा पूरी तरह से नहीं था लेकिन आंशिक तौर पर सही भी था। राजनीतिक कारणों से मेरा जन्म हुआ और मैंने उम्मीद कि की अब मेरी सभी समस्यायें दूर हो जाएगी। मैं जंगलो से भरा, प्राकृतिक जल धाराओं की ध्वनि से प्रफुफलित होता, वन्य जीवों के साथ उद्योग का सामंजस्य वैठाये आर्थिक रुप से एक संपन्न राज्य था। मेरा बजट लाभ कारी था। पूरे देश ही नहीं विश्व का ध्यान मेरी संसाधनों पर था और मैं भी सीना ताने देश के अन्य राज्यों के तरह विकसित राज्य कहलाना चाहता था। आखिर हमारे बच्चें भी उच्च स्तरीय शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ राष्ट्रीय अतंरराष्ट्रीय पटल पर छाने की योग्यता रखते हैं। चाहे वह हॉकी की टीम हो या तीरदांजी की, चाहे क्रिकेट हो या फुटबाल खेल भावना और मेघा हमारे रक्त में भरा है। हमारा चरित्र सरलता और सहजता के साथ अदभुत संतोषभाव से जुड़ा है जिसकी आज की दुनिया को आवश्यकता है। मैं कभी पलायन कभी नक्सलीहिंसा से प्रभावित था लेकिन अब सहज हो रहा हूं। मेरा स्वभाव ही नहीं है कि किसी अतिरेक क्रिया के प्रतिप्रतिक्रिया से जबाव दूं।

हमारे शहरों और कस्बों को ध्यान से देखिये हर शहर देश ही नहीं दुनिया को आकर्षित करने की खासियत रखता है। रांची, धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो, हजारीबाग, देवघर,मेदिनीनगर, दुमका,सरायकेला-खरसांवा, सिमडेगा,गुमला सहित हर छोटे-बड़ें स्थानों से राष्ट्रीय और अतंरराष्ट्रीय हस्ताक्षर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। बेतला के दुनिया के पहले टाईगर प्रोजेक्ट से चैतन्य महाप्रभु और आदि शंकराचार्य के मलूटी और छिन्न मस्तिका तक हमारा हर कोना अपनी खास्यित से आपको खींचता है। नेतरहाट और लोध जल प्रपात जैसे सुरम्य स्थल हमारी संपूर्णता को चार चांद लगाते हैं।

मैं अपने साढ़ें तीन करोड़ कर्मठ जनों के साथ बढ़ रहा हूं। मेरा स्वभाव है निर्मल इसलिये कभी किसी से शिकायत नहीं करता। मैं अपनी संस्कृति और विरासतों के साथ संपन्न नहीं होना चाता मैं समृद्ध होना चाहता हूं अपने उन मानवीय मूल्यों के साथ जिसे बिरसा मुंडा सहित हमारे महान आदि पूर्वजों से सवांरा है। मेरी आलोचना का जबाव मैं

भक्ति का मर्म

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

सभी लोग महात्मा हो जायेंगे तो क्या होगा? यह प्रश्न बार-बार पूछा जाता है और स्वतः मन में भी उठता है। सवाल यह है कि अगर सभी लोग डाक्टर हो जाये तो क्या होगा? सभी लोग वकील हो जाये तो क्या होगा? यह प्रश्न ही गलत है। प्रकृति ने संसार की रचना ही इतने अच्छे ढंग से की है कि सब कोई -सब कुछ नहीं हो जाता है। महात्मा दर्शनानंद जी इस बात की व्याख्या बहुत अच्छे ढंग से कहते रहे। भक्ति में प्राथमिक स्थिति से विश्वविद्यालय तक की स्थिति बनती है। सभी को इस दिशा में प्रयास करना चाहिए कि वह यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करें। भक्ति जिस प्रकार की जाए वह अच्छा है। चरण चलने का सूचक है

बंदऊँ गुरू पद पदुम परागा
सुरूचि सुबास सरस अनुरागा॥

आखिर कौन सा कारण है कि तुलसीदास ने गुरू चरण की वंदना की है, उनके शरीर के बाकी अंग जैसे नाक, कान, मुंह, मस्तक आदि की वंदना नहीं की है। गुरूचरण की वंदना करने का कारण यह है कि गुरू जिस रास्ते पर चले हैं अथवा वे जिस रास्ते का अनुसरण किये है भक्तगण को उसी रास्ते पर चलना चाहिए। गुरू के रास्ते का अनुसरण करना चाहिए। गुरू ने जिस तरीके से ज्ञान भक्ति तथा वैराग्य ारण किया है तरीके को जानकर उसे अपनाना चाहिए। जीवन में धार्मिक ग्रंथों का बड़ा महत्व है, निम्नलिखित दर्शन धार्मिक ग्रंथ में पाये जाते हैं-

1. वेदांत दर्शन, 2. न्याय दर्शन 3. योग दर्शन 4. सांख्य दर्शन 5. वैशेषिक दर्शन 6. मीमांसा दर्शन। सांख्य दर्शन के प्रतिपादक कपिल मुनि है। सांख्य शब्द संस्कृत के शब्द साक्ष्य से बना है। साक्ष्य का शाब्दिक अर्थ प्रमाण है। सांख्य में अनुसार ब्रह्म ज्ञान का द्योतक है। सांख्य का मतलब ब्रह्म ज्ञान का प्रमाण होता है। सांख्य दर्शन में ब्रह्म ज्ञान का वर्णन है। यह दर्शन साना मार्ग वालों की है। आसन, प्राणायाम, यम नियम, इत्यादि से

ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति इस दर्शन से होता है एक बार राजा जनक ने यह अनुष्ठान किया था। उस यज्ञ में मुख्य पुरोहित याज्ञवल्क्य जी थे। चारों तरपफ से विद्वान तथा पंडित आये थे। उन्हीं विद्वानों में पांचाल क्षेत्रा की भार्गी थी। बहुत विद्वानों ने याज्ञवल्य जी से प्रश्न पूछे वृहदारण्यक उपनिषद उन्हीं प्रश्नों का संग्रह है। याज्ञवल्य जी से पूछा गया-पृथ्वी किससे आच्छादित है, उत्तर था जल। जल पृथ्वी के कण-कण में समाया है, बिना जल के पृथ्वी टूट जाएगी। जल किससे आच्छादित है उत्तर था अग्नि, क्योंकि अग्नि में जल समाहित हो जाती है। अग्नि वायु से आच्छादित है, वायु आकाश से आच्छादित है। आकाश मन से आच्छादित है। जब तक मन की गति है आकाश है। जब मनुष्य सुषुप्त अवस्था में होता है तो आकाश का आभाष नहीं होता है। मन ब्रह्म में आच्छादित है, पर ब्रह्म किसी में आच्छादित नहीं है। यह पूछना अतिवाद है। ब्रह्म किसी से आच्छादित नहीं है, यह सर्वोच्च है। ब्रह्म का भाव ही ज्ञान है। शिवगुरू से संबंति लोग कहते है ब्रह्म का आनंद तुम्हारे अंदर है, तुम्हें कहीं और जाने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन अपने अंदर मनुष्य ;जीवद्ध किस तरह जाये यह नहीं बताते है।

श्रीमदभागवतगीता में लिखा है कि यज्ञों में जप-यज्ञ महान है। जपयज्ञ करने से मनुष्य भवसागर से जल्दी ही पार हो जाते हैं और किसी भी यज्ञ में यह शक्ति नहीं है कि मनुष्य भवसागर को पार हो जाये। *सो अनन्य जाकें असि मति न टरइ हनुमन्त ।*

मैं सेवक सचराचर रूप स्वामी भगवंत।।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका

शुभम करोति कल्याणम् आरोग्यम धन सम्पदा। शत्रुबुद्धि विनाशाय दीप ज्योति नमोस्तुते

डॉ. मधुसूदन शर्मा

सनातन संस्कृति का सर्वाधिक लोकप्रिय पावन पर्व दीपोत्सव कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है। शीत ऋतु के आगमन के स्वागत में मनाया जाने वाले इस त्योहार में अमावस्या की रात को भारत के गांव-शहरों में असंख्य दीप प्रज्वलित हो उठते हैं। ये छोटे छोटे दिये अंधेरी रात को रोशन करते हुए मानवता को संदेश देते हैं ह्यतमसो मां ज्योतिर्गमयह्ल। हे प्रभु?! हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाओ। ये दीपक हमें प्रेरणा देते हैं कि जीवन में निराशा के अंधकार से डरो मत। एक छोटे से दीपक की पुरुषार्थ रूपी लौ निराशा रूपी अंधकार को आशा रूपी प्रकाश में बदल देती है।

पंच तत्वों का प्रतीक दीपक

हिंदू धर्म की मान्यता के अनुसार सृष्टि का सृजन पांच तत्वों से हुआ। इन पांचों तत्वों की उत्पत्ति ब्रह्मा से हुई। ब्रह्मा के मन से आकाश, आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल और जल से पृथ्वी की क्रमशः उत्पत्ति हुई। मिट्टी का दीपक इन्हीं पांच तत्वों का प्रतीक होता है। दीपक बनाने के लिए पहले मिट्टी को पानी में गलाया जाता है, जो क्रमशः पृथ्वी और जल तत्व के प्रतीक है, फिर उसे आकर देकर धूप और हवा से सुखाया जाता है जो आकाश तत्व और वायु तत्व के प्रतीक हैं फिर अग्नि तत्व ह्यआगह्ल में तपाया जाता है। इस प्रकार ये मिट्टी के दीपक पंच तत्वों के प्रतीक होते हैं। इसीलिए हिंदू धर्म में धार्मिक कार्यों अनुष्ठानों या मांगलिक कार्यों का शुभारंभ मिट्टी का दीपक प्रज्वलित कर किये जाने की परंपरा है।

ऊजार्वान वातावरण के लिए

एक मान्यता यह भी है- ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, दीपावली के समय सूर्य निम्न राशि का होता है और अग्नि तत्व अत्यंत क्षीण हो जाता है। दीपों को प्रज्वलित करने से अग्नि तत्व की

पूर्ति होती है, जिससे वातावरण ऊजार्वान होता है। दीपावाली की रात साल की सबसे काली अंधेरी रात होती है। ऐसे समय में दीपकों के प्रकाश से वातावरण जगमग हो उठता है।

ईश्वर का स्वरूप ज्योति

सनातन संस्कृति की मान्यता है कि प्रकाश ईश्वर स्वरूप है। श्री श्री परमहंस योगानंद जी ने भी प्रकाश को सृष्टि का आधार तत्व बताया है- ह्यजो योगी अखंड ध्यान द्वारा अपनी चेतना को परम चैतन्य में विलीन कर देता है, वह प्रकाश (प्राणिक स्पंदन) को सृष्टि के आधार तत्व के रूप में देखता है।ह्ल दीपक की ज्योति ईश्वर का स्वरूप माना जाता है। इसलिए ध्यान, साधना, पूजा-उपासना या दूसरे मांगलिक कार्यों में दीप प्रज्वलित कर ईश्वर का आह्वान किया जाता हैं। दीपक के प्रकाश के बारे में शास्त्रों में कहा भी गया है- ह्यदीपो ज्योति परं ब्रह्म दीपो ज्योतिर्जनार्दनह्ल अर्थात? दीप ज्योति परब्रह्म-प्रकाश स्वरूप है। दीप ज्योति विष्णुस्वरूप है। चूंकि दीपक का प्रकाश सतोगुणी स्वरूप होता है, इसलिए यह शुभ शक्तियों, दैवीय स्पंदनों को अपनी ओर आकर्षित करता है। जिससे पारलौकिक अनिष्टों और बाधाओं से मुक्ति मिलती है।

शुद्ध-सात्विक वातावरण

गाय के घी से प्रज्वलित दीपक प्रदूषण दूर करता है, जिससे वातावरण शुद्ध-सात्विक हो जाता है। दीपक की लौ के प्रकाश से प्रकाशाणु वातावरण में व्याप्त रोगाणुओं को समाप्त कर देते हैं। दीपक की खड़ी चमकदार लौ पर त्राटक करने से मानसिक एकाग्रता बढ़ती है, जिससे मस्तिष्क की कार्य-क्षमता में वृद्धि होती है। दीपों की आभा शुद्ध होती है जिससे वातावरण सकारात्मक हो जाता है। अंधकार अवसाद पैदा करता है, जबकि प्रकाश मन में आनंद और उत्साह पैदा करता है। दीपावली पर टिमटिमाते इन दीपकों के कारण मन आनंद और उत्साह से भर जाता है।

दीपदान महापुण्यदायक

दीप प्रज्वलन करते समय पहले निम्न मंत्र को दीपक की पूजा करते हुए उच्चारण किया जाता है :-शुभम? करोति कल्याणम? आरोग्यम? धन सम्पदा। शत्रुबुद्धि विनाशाय दीप ज्योति नमोस्तुते।ह्ल अर्थात? जो शुभ करता है, कल्याण करता है, आरोग्य रखता है, धन संपदा देता है और शत्रु बुद्धि का विनाश करता है, ऐसे दीप के प्रकाश को मैं नमस्कार करता हूं।

अग्निपुराण के 200वें अध्याय में कहा गया है :

दीपदानात्परं नास्ति न भूतं न भविष्यति। अर्थात् दीपदान से बढ़कर कोई व्रत नहीं है। इस ज्योतिपर्व की समग्र सार्थकता तभी है, जब यह पर्व केवल दीप प्रज्वलित करने तक ही सीमित न हो। बल्कि इस पर्व पर हमारे अंतस का अंधेरा मिटे। और हमारे अंदर ज्ञान और प्रेम की ज्योति जल उठे।

दिवारें मोटी होती गयी...

सुधीर शर्मा

मानेकलाल जी कपड़े के अच्छे व्यापारी थे, बीच बाजार में उनकी मानेकलाल एंड संस नाम की बड़ी दुकान थी और उसके ऊपर मकान।तीन लड़के थे सबसे बड़ा सोहन, मंझला मुरारी और सबसे छोटा दीपक।

बड़ा होने के कारण मानेकलाल सोहन को कपड़े खरीदने बाहर भी ले जाया करते थे। मुरारी ठहरा कॉमर्स का विद्यार्थी, सो पिता ने गल्ले की जिम्मेवारी दे दी थी।

वहीं दीपक दोनों भाइयों और पिता की हाथ बंटाता था।

तीनों की शादी की चिंता पिता को थी।सोहन के लिए लड़की वाले जो भी आते, सब यही पूछते कि लड़का का अपना क्या है?

मानेकलाल को बात चुभती भी, लेकिन अब पूछने वाले को कैसे रोक दें?

खैर सोहन और मुरारी की शादी हो गई, दीपक अभी कॉलेज ही जाता था। घर भरा भरा सा रहने लगा। बड़ी बहू बड़े शहर से आई थी, कहने लगी कि इस घर में प्राइवेसी नाम की चीज नहीं। सोहन भी पत्नी की बातों का मौन समर्थन कर देता।

मुरारी का मन भी अब दुकान में नहीं लगता, एक सीए के यहां नौकरी पकड़ ली।

कॉलेज से बचे समय में दीपक पिता और बड़े भाई का साथ देता।

समय बीतता गया और मानेकलाल का स्वास्थ्य गिरने लगा, पत्नी के नहीं रहने से कोई देखभाल भी करने वाला नहीं। बड़ी बहू अधिकतर समय अपने कमरे में बंद रहकर टीवी देखती। मुरारी दफ्तर जाता और दीपक कॉलेज।

दीपक ही अकेले पिता के दवाई वगैरह का ध्यान रखने लगा। उधर बड़ी बहू कहने लगी कि सब कमाएं ये और पैसा बंटे सब में?

रोज की किचकिच से पिता ने दुकान को 3 भाग में बांट दिया, सोहन ने ₹फैशन जंक्शन₹ के नाम से अलग दुकान कर ली। मुरारी ने मोबाइल की दुकान खोल ली।

दीपक ने भी पढ़ाई बीच में छोड़ दी और पुराने दुकान के फर्नीचर लेकर पिता के नाम पर मानेक वस्त्रालय खोल दी।

धीरे धीरे दोनों बहुओं के बीच रसोई और कमरे को लेकर किचकिच शुरू हुई।मानेकलाल ने इस झगड़े को शांत करने के लिए घर का भी बंटवारा कर दिया। आज मानेकलाल एंड संस के बीच में दीवारें मोटी हो गई और दुकान के साथ मकान भी पतली हो गई।

अब दीपक के रिश्ते के लिए जो लड़की वाले आते हैं यहीं पूछते हैं कि एक छोटी सी दुकान है और बूढ़े बाप को भी अकेला यही देखता है, हमें बेटी को नौकरानी नहीं बनाना है।

वहीं लोग कहते हैं कि देखो दोनों भाइयों ने कितना बढ़िया बिजनेस जमा लिया, दीपक ही निकम्मा निकला, ना पढ़ाई पूरी की न बिजनेस ही अच्छा कर पाया।

अब दीपक क्या करें?

अकेलापन से भी अपनापन...

सोनाली भट्टाचार्य

अकेलेपन का एहसास कुछ लोगों के लिए सजा जैसा है तो कुछ के लिए जिंदगी की जरूरत। ज्यादातर लोग अकेलेपन और बेचैनी से छुटकारा पाने के लिए भीड़ की तरफ भागते हैं और उनका रहा सहा सुकून भी कुछ पल की मस्ती के बाद गायब हो जाता है।

अकेले रहने के फायदे

-अकेलापन हमें रिश्तों को समझने की समझ देता है। जब हम लोगों के दूर खुद के साथ समय बिताते हैं तो उस दौरान हम खुद की जिंदगी का विश्लेषण कर पाते हैं। कौन हमारे लिए सही है और किसी वजह से हमारे जीवन में नकारात्मकता बढ़ रही है इस बात पर गहन विचार कर पाने की शक्ति और समय हमें अकेलेपन में ही मिल पाता है।

-अकेलेपन में समय बिताकर ही वास्तविकता में आप खुद के लिए जीना सीखते हैं। उस स्थिति में आप ये समझ पाते हैं कि हर हालात में आपको ही खुद को संभालना होगा, रोने के बाद खुद ही मुस्कुराना होगा, गैस की पाइप बदलने से लेकर बैंक और बाजार के सारे काम खुद से ही करने होंगे। अकेलापन आपको आत्म निर्भर बनाता है।

-अकेलापन आपको आपकी अहमियत से रूबरू कराता है। ये आपको खुद से प्यार करना भी सिखाता है। आप जीवन की इस सच्चाई को समझ पाते हैं कि अगर आप खुद के साथ नहीं खड़े हैं तो कोई और आप का साथ देने वाला नहीं है। आप खुद के लिए फैसले लेना और उन्हें अमल में लाना सीखते हैं।

-अकेले रहने पर आप अपने जीवन के उद्देश्य को तलाश पाते हैं। इस वक्त में आप ये चिंतन कर सकते हैं कि ऐसा क्या है जो आगे बढ़ने में आकी मदद करेगा। आप समझ पाते हैं कि ब्रह्मांड में आपका जन्म किसी विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिए हुआ है और आप अपने लक्ष्य को साधने का प्रयास करते हैं।

-अकेलापन दरअसल खुद को जानने और समझने के लिए काफी जरूरी है।

उर्सुलाइन की छात्राओं ने किया रामलीला

श्री राम की अयोध्या वापसी

संजय सर द्धारा लिखे नाटक श्री राम की अयोध्या वापसी का उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची की छात्राओं के द्धारा मंचन किया। दिवाली के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं ने लाजवाब अभिनय किया। कॉस्टयूम, डायलॉग, अभिनय -हर दृष्टिकोण से उनकी प्रस्तुति बहुत सराहनीय रही। इसकी 3 प्रस्तुतियां हुईं- साइंस, आर्ट्स, कॉमर्स की छात्राओं ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दीं और इसका आनंद कॉलेज की 5000 छात्राओं ने उठाया।

इस नाट्य मंचन के अवसर पर संजय सर ने बताया कि दिवाली वह अवसर है जब श्रीराम 14 साल के वनवास के बाद अयोध्या लौटे। राम भारत के कण-कण के प्राण है और विशेषकर आज के युवाओं को राम के चरित्र, व्यक्तित्व और त्याग से शिक्षा लेना चाहिए। संवाद हो या विचार हजारों साल से राम का चरित्र लोगों का आदर्श रहा है।

इस अवसर पर इंटर कॉलेज की प्राचार्या डॉ मेरी ग्रेस ओएसयू ने इस अवसर पर कहा कि हमें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने और जीवन में आगे बढ़ने के लिये राम के आदर्श और मूल्यों का चिंतन करना चाहिए। आज की विषम स्थिति में हमारा आचरण निश्चित तौर पर राम के जीवन और धर्य से प्रभावित हो।

व्यक्तित्व विकास में सोशल मीडिया की भूमिका

सोशल मीडिया आज की तारीख में दोधारी तलवार है। लेकिन इसके प्रभाव और दुप्प्रभाव पर विमर्श आवश्यक है। भूगर्भ शास्त्र के प्रो उदय कुमार ने कहा कि हम आज की तारीख में सोशल मीडिया को नकार भी नहीं सकते हैं। स्टूडेंट सर्किल के 26 वें वर्षगाठ के अवसर पर रेडियम रोड रांची स्थित संस्थान के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने इसके महत्व को रेखाकिंत किया। सोशल मीडिया पर मोती और कंकड़ दोनो हैं अब आपपर निर्भर करता है कि आप क्या चुनते हैं। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सोशल मीडिया पर सूचना प्रकाशित होने से हजारीबाग जिले में स्थित हिम युग का प्रतीक जो चैक डैम बनने से डूब रहा था उसे डूबने से बचा लिया गया। सूचना के प्रसार में और सूचना के प्रसार को लेकर हमारे मन में होती जिजिविषा को मुकाम तक पहुंचाने का काम भी सोशल मीडिया द्धारा बड़ें ही बेहतर तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने स्टूडेंट सर्किल को भी सोशल मीडिया का प्रतीक बताते हुए कहा कि कई लोगों की जमात की बुद्धिमता ने मिलकर जिस प्रकार लोगों के बीच अपने ज्ञान का प्रसार किया उससे प्रसारित करने वाले और इससे लाभ उठाने वाले दोनों का कल्याण हुआ। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी अरविंद लाल ने कहा कि आज संस्थान के हजारों युवा विभिन्न प्रशासनिक पदों पर हैं। ये एक सामाजिक और मानवीय सोच के साथ काम कर रहें है जहां युवाओं का कल्याण समाज में समरसता और समाज के एक बड़ें वर्ग की उम्मीद पर खरे उतरे हैं। आर्थिक लाभ के बजाए सामाजिक सेवा और समाज के उत्तरोतर विकास को ध्यान में रखकर पूरी टीम ने काम किया। इस अवसर पर संस्थान की निदेशिका रश्मि सिन्हा, खान सर, मुरलीधर,आनंद सर सहित कई लोगों ने विचार रखें। संस्थान आने वाले दिनों में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिये युवाओं का मार्गदर्शन जारी रखेगा।

कैसी वैश्विक मानसिकता?



संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

दीपावली के अवसर पर गुरुनानक पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता

रामगढ़ । श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में शनिवार को इस वर्ष भी दीपावली को लेकर छात्रों के बीच रंगोली और सजावट प्रतियोगिता हुआ। बच्चों ने रंगोली, दीया सजावट, तोरण और रंग बिरंगी कार्ड भी बनाएं। प्रतियोगिता में कक्षा 3 से लेकर 12वीं तक के बच्चें शामिल हुए। बच्चों ने तरह-तरह की रंगोली बनाई,कार्ड बनाया,तोरण बनाया और मिट्टी के दीयों को सजाया और एक अलग ही रूप उसे दिया। ऐसा लग रहा था की न जाने कितनी कलाकृतियां उनके अंदर समाहित है। भारतीय मान्यताओं के अनुसार लोग घर में देवी देवताओं के स्वागत के लिए रंगोली बनाते हैं एवं घर को रोशनियों से जगमगाते हैं। विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने कहा की रंगोली शब्द प्राचीन दृष्टिकोण से संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ रंगों के जरिए भाव को दर्शना होता है। प्राचार्य ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ हमारी संस्कृति, हमारी सभ्यता के बारे में भी जानना बच्चों के लिए बहुत जरूरी है। बच्चे जानेंगे तो ही इनके महत्व को समझ पाएंगे।

डीएवी स्कूल में बच्चों ने निकाली झांकी

रजरप्पा। रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित डीएवी स्कूल में दीपावली पर बच्चों ने भगवान श्री राम के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। बालक बालिकाओं ने छठ पर्व की झाँकी निकालकर इस महान व्रत को जीवंत बना दिया। बच्चों की वेशभूषा अत्यंत आकर्षक लग रही थी। छठ व्रत के नियमानुसार तीन दिनों तक चलने वाले कठिन व्रत की सारी प्रक्रियाएँ छठ गीत के साथ बच्चों ने पूरी की। ऐसा लग रहा था मानो किसी नदी- सरोवर के किनारे छठ व्रतियों को पूजा पाठ करते देख रहे हैं। बच्चों द्वारा दोनों प्रस्तुति ने सबको भाव विभोर कर दिया। विद्यालय प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा 14 नवंबर की जगह 10 नवंबर को ही बच्चों को बाल दिवस की अग्रिम शुभकामनाएँ दी गईं।

सभी वार्डों में चला सफाई अभियान

रामगढ़ । शहर के वार्ड नंबर 2 सहित सभी 8 वार्डों में दीपावली को ध्यान में रखकर छावनी परिषद द्वारा शनिवार को सफाई अभियान चलाया गया. इस मौके पर छावनी परिषद कर्मियों ने वार्ड नंबर 2 के सभी गल्ली मुहल्लों में जमा कचरों को वाहन के माध्यम से हटाया. वहीं, दीपावली पर छावनी परिषद की इस पहल की वार्ड नंबर 2 सहित सभी शहर वासियों ने सराहना की है। लोगों ने कहा की दीपावली पर इस पहल के लिए छावनी परिषद के अधिकारी और कर्मी प्रशंसा के पत्र हैं।

बीडीओ ने किया सड़क का शिलान्यास

रजरप्पा । चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के बड़कीपोना पंचायत में 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत कल्याण टोला में पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास बीडीओ ज्ञानमनी एक्का एवं मुखिया अरविंद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से विधिवत पूजा अर्चना व नारियल फोड़कर किया। मुखिया ने कहा कि यह सड़क 15वें वित्त आयोग से राशि के अंतर्गत निर्माण की जाएगी। इसकी लागत लगभग दो लाख 19 हजार 500 रुपए होगी। सड़क सेवालाल महतो के घर से चेतन महतो के घर तक निर्माण किया जाएगा। बीडीओ ने कहा कि गांव की सड़क निर्माण से गांव का विकास होता है। उन्होंने कहा कि इस सड़क निर्माण को लेकर इस स्थान में रहने वाले ग्रामीणों से सहमति ली गई। मुखिया ने कहा कि पंचायत क्षेत्र की जो भी समस्या जैसे बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, सड़क इन सभी समस्या के लिए प्रयासरत रहा हूं और आगे भी रहूंगा। ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया श्री सिंह का सड़क निर्माण को लेकर धन्यवाद किया।

मुख्यमंत्री पशुधन को लेकर बैठक

रामगढ़। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। जिला पशुपालन पदाधिकारी कमलेश कुमार ने बताया कि वर्तमान में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत प्रखंड स्तरीय समिति द्वारा बकरा विकास योजना के तहत 1068, सुकर विकास योजना के तहत 206, 400 बैकयार्ड लेयर कुक्कुट (लो इनपुट लेयर को कुक्कुट पालन) के तहत 111, 500 ब्रायलर कुक्कुट विकास योजना के तहत 200 एवं 15 बत्तख चूजा वितरण योजना के तहत 1749 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

बरकट्ठा डिवाइन पब्लिक स्कूल में रंगोली व दीप सज्जा प्रतियोगिता

बरकट्ठा । गंगपाचो स्तिथ डिवाइन पब्लिक स्कूल (डीपीएस) में दीपावली के अवसर पर रंगोली व दीप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया। छात्रों ने आकर्षक रंगोली निर्माण और दीप सज्जा किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल निदेशक इंद्रदेव प्रसाद भारती और प्राचार्या स्वाती ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर निदेशक ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ रंगोली समेत अन्य तरह की प्रतियोगिता बच्चों में छिपी प्रतिभाओ को निखारने का अवसर देता है। प्राचार्या स्वाती ने कहा कि दीपावली त्योहार रोशनी और स्वच्छता का पर्व है। सुख, शांति और ऐश्वर्य के प्रतीक रंग बिरंगे रंगोलियों से सजा कर ही दिवाली मनाई जाती है। बच्चों ने दिवाली पर पटाखे नहीं जलाने का शपथ लिया। प्रतियोगिता में कक्षा चौथी से 12 वीं तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। छात्रों ने रोली, मौली, गुलाल, फूल, स्पार्कल,दीपक, बुरादा, चावल, आटा का उपयोग कर आकर्षक रंगोली बनाया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

जनसेवा में जुटे जायसवाल

सदर विधायक मनीष जायसवाल ने छठ महाव्रतियों को दिया साड़ी

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। शनिवार को छत्तीसगढ़ प्रवास से लौटते ही हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र और सदर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से छठ महाव्रतियों के बीच पूजन साड़ी वितरण किया। इस दौरान विधायक मनीष जायसवाल ने दिनभर क्षेत्र का सघन दौरा किया और सैकड़ों साड़ी का वितरण किया। उन्होंने अपने इस अभियान की शुरूआत हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 01 स्थित मंडई कला अवस्थित दुर्गा मंडप प्रांगण से करीब डेढ़ दर्जन छठ महाव्रतियों के बीच पूजन साड़ी वितरण कर की। जिसके बाद ग्राम पंचायत मंडई खुर्द स्थित कुशवाहा भवन सभागार में 118 महाव्रतियों माता- बहनों के बीच पूजन साड़ी का वितरण किया। तत्पश्चात ग्राम पंचायत बहेरी में घर घर पहुंचकर और डमर चौक में वितरण शिविर लगाकर करीब 65 छठ महाव्रतियों के बीच पूजन साड़ी भेंट किया गया। जायसवाल ने बताया कि पिछले साल से हमने एक प्रयास किया है की महापर्व छठ के अवसर पर क्षेत्र के जरूरतमंद छठ महाव्रतियों को नवीन साड़ी पूजन हेतू प्रदान किया जाए। यह उसी का एक छोटा सा प्रयास है। मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद थे।

अबुआ आवास को ले डीसी ने की बैठक, दिये कई निर्देश

रामगढ़। समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को अबुआ आवास योजना को लेकर बैठक हुई। उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने उपायुक्त एवं अन्य को पीपीटी के माध्यम से अबुआ आवास योजना की विस्तार से जानकारी दी।उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को अबुआ आवास योजना के तहत आने वाले आवेदनों की बारीकी से जांच करने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने बिना आवास बने पैसे की निकासी ना हो इस बात पर भी ध्यान देने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को अबुआ आवास योजना के मापदंडों का चेक लिस्ट तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही योजना के तहत प्राप्त होने वाले आवेदनों की प्रतीक्षा सूची तैयार करने का भी निर्देश दिया। वहीं उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को सर्वे हेतु पंचायत स्तरीय चार सदस्ययी समिति का गठन करने एवं प्रखंड स्तर पर अबुआ आवास योजना से संबंधित कार्यशाला आयोजित करने का निर्देश दिया।

बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारीयों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

अंबेडकर फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न

कटकमसांडी । पंचायत लुपुंग के अंतर्गत असधिर में सूर्या क्लब की ओर से फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया गया था । इस टूनामेंट में प्रखंड कटकमसांडी के आधा दर्जन से अधिक गांवों से पंहुची कुल 32 टीमें शामिल हुई थी जिसमें फाइनल में पबरा बनाम लुपुंग की टीम पंहुची। फाइनल मैच का उद्घाटन कटकमसांडी भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष जीवन प्रसाद मेहता एवं हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा , दीपक मेहता ु टबॉल में किक मारकर शुभारंग किया। दोनों टीमों के बीच संघर्षपूर्ण और रोमांचक मुकाबला हुआ। लेकिन पबरा की टीम ने जिसमें लुपुंग की टीम 1-0 से विजेता बनीं।

आईलेक्स पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता

बरही। प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल समेत विद्यालय के अन्य शाखाएं जैसे गौरियाकरमा, बड़कागांव और गिरीडीह में दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय निदेशक शैलेश कुमार ने सभी बच्चों और शिक्षकों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। सभी क्लास के कक्षा एक से कक्षा 10 तक के सभी बच्चों ने हिस्सा लिया। 15 नवंबर को आयोजित होने वाले झारखंड स्थापना दिवस के लिए बच्चों ने एक संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसका विषय था अगर एक दिन के लिए मुख्यमंत्री बन जाऊं। इस पर भी बच्चों ने अपने विचार रखे। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं में खुशी कुमारी, आयुष कुमार, अनुराग कुमार, प्रिया कुमारी, पायल, नेहा, उमंग राज, अंजलि, पवन, ज्योति, अनुप्रिया, अशफाक, अर्श, समीर, बादल, सुधा, सूरज, करण, अमर आदि शामिल है।

बीएम मेमोरियल स्कूल में रिजल्ट जारी

बड़कागांव। बी.एम. मेमोरियल स्कूल में 2023-24 का अर्ध वार्षिक परीक्षा फल जारी किया गया जिसमें विद्यालय का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा।जिसमें कक्षा 8 में पढ़ने वाले नरेश नवीन कुमार 94.86% लाकर विद्यालय का प्रथम टॉपर बना।वही दूसरे विद्यालय टॉपर कक्षा 10 के छात्रा शालू कुमारी 92% अंक प्राप्त की एंव तीसरे टॉपर कक्षा 7 की छात्रा समृद्धि कुमारी 91.57% लाकर अपने विद्यालय और अपने परिवार वालों का नाम रोशन किया है।

बैंड प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पदमा को मिला प्रथम स्थान

पदमा। पदमा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पदमा ने खेलो झारखंड के तहत बैंड वादन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाया। विद्यालय को बैंड प्रतियोगिता में प्रथम अंक 25 मिले, खेलो झारखंड के तहत जिले के अन्य विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बड़कागांव , कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय केरेडारी, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय इचाक, माउंट कार्मल हाई स्कूल हजारीबाग, संत रोबोट बालिका हाई स्कूल हजारीबाग सहित अन्य विद्यालय इस बैंडप्रतियोगिता में भाग लिया। बैंड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आने से विद्यालय के सभी छात्राएं व शिक्षकों में भारी हर्ष की माहौल है। बैंड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने पर जे पी ए हजारीबाग के सुरेंद्र राम, विशाल करमाली, संजय कुमार सहित शिक्षा के अधिकारियों ने बधाइयां दी।

डपोक स्कूल में बच्चों को मिला पोशाक

बरही। राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय डपोक में सभी छात्र छात्राओं को निःशुल्क पोशाक, जूता, मौजा व स्वेटर वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें डपोक पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रमजान अंसारी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य उमेश यादव, सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडेय, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य राजकुमार पासवान, रूबी देवी, महेंद्र रविदास, विकास पांडेय, संजय पाण्डेय, मुकेश सोनी, नंदकिशोर यादव, विद्यालय के प्रधानाध्यापक भीखू दास एवं विद्यालय के शिक्षक अर्जून पासवान, रामनारायण कुमार, बीरेंद्र कुमार यादव, प्रमिला कुमारी, इंद्रदेव यादव आदि उपस्थित रहे।

रेन्बो स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता

बरही। शिवपुर गड़लाही स्थित रेन्बो स्कूल में दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से दसवीं तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में पहले ग्रुप में प्रथम स्थान पर कक्षा आठवीं, द्वितीय स्थान पर कक्षा नवमी एवं तृतीय स्थान पर कक्षा सातवीं के बच्चें रहें। वही दूसरे ग्रुप ने प्रथम स्थान पर कक्षा चतुर्थ, द्वितीय स्थान पर कक्षा पांचवी एवं तृतीय स्थान पर कक्षा तीसरी, तीसरे ग्रुप में प्रथम स्थान पर यूकेजी एवं दूसरे स्थान पर एलकेजी के बच्चें रहें। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने सभी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए दीपावली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि प्रतियोगिताओं से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा बाहर आती है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में सोनम कुमारी, रानी कुमारी, भावना कुमारी, सुलेखा कुमारी, पूजा कुमारी, स्वेता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, राखी कुमारी, पूनम कुमारी, वंशिका कुमारी, शबनूर प्रवीण आदि शामिल रहे।

रोशन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में भी कार्यक्रम

बरही। बरही पानी टंकी के पास संचालित रोशन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में दीपावली के पूर्व संध्या में रंगोली प्रतियोगिता हुआ, संस्थान के दर्जनों बच्चों ने प्राकृतिक रंगोली बनाकर प्रदूषण रहित दीवाली का संदेश दिया। प्रतियोगिता की विशेषता के अनुसार रंगोली आकर्षक फूलो से बनाया गया था। जिसमे कलर या अबीर का प्रयोग नहीं किया गया।जिससे रंगोली बिलकुल प्राकृतिक रूप से उकेरा गया था।इस बाबत संस्थान के निदेशक राकेश रोशन ने बताया की दीपावली खुशियों का त्योहार है, बच्चे आकर्षक रंगोली बनाकर खुशियां बाटने का कार्य करते है। साथ ही उनके द्वारा भारतीय संस्कृति का परिचय देने के लिए फूलो की रंगोली बनाएं है जो काफी आकर्षक है। प्रतियोगिता में राखी कुमारी, साक्षी राज, सोनाली कुमारी, रितिका कुमारी, वैशाली कुमारी, उषा कुमारी, अंशिका श्रीवास्तव, प्राची चौधरी, भूमि कुमारी, रानी कुमारी, अलका केसरी, विवेक मालाकार, हैरी कुमार आदि ने भाग लिया।

रॉंची समाहरणालय, रॉंची।
(जिला योजना)

(E-mail : ranchi.dpo@gmail.com)

अति अल्पकालीन आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि DMFT रॉंची अन्तर्गत उपयोगी योजनाओं के चयन एवं ग्राम सभा से अनुमोदन हेतु DMFT अन्तर्गत आच्छादित रॉंची जिला के कुल-239 ग्रामों में दिनांक-16.11.2023 से 30.11.2023 के बीच ग्राम सभा का आयोजन किया गया है। ग्रामवार ग्राम सभा आयोजन की तिथि विवरणी निम्नवत् है:-

प्रखंड	तिथि पंचायत एवं ग्राम की सूचना											
	16.11.2023		17.11.2023		18.11.2023		19.11.2023		21.11.2023		22.11.2023	
	पंचायत	ग्राम	पंचायत	ग्राम	पंचायत	ग्राम	पंचायत	ग्राम	पंचायत	ग्राम	पंचायत	ग्राम
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
नामकुम	टाटी पूर्वी	टाटी	सिल्वे	सिल्वे	सिदरौल	पालण्डु	–	–	सिदरौल	गड़के	रामपुर	हरबुल
	टाटी पश्चिमी	टाटी	महिलौंग	होरहाप	लाली	कुदागड़ा	–	–	रामपुर	जरैया	कुटियातु	मालती
	आरा	आरा	खिजरी	तुम्बागुटु	रामपुर	जामचुआ	–	–	हुवांगहातु	हुवांगहातु	हहाप	उलीडीह
	बड़ाम	बड़ाम	सिदरौल	कवाली	हुवांगहातु	ककड़ा	–	–	कुटियातु	तेतरी	लालखटंगा	खरसीदाग
	बरगांवा	बरगांवा	लाली	हेसला टोली	हहाप	सरबल	–	–	चंदाघासी	टोनको	बंधुवा	तंजू
	राजाउलातु	राजाउलातु	रामपुर	रामपुर	सिठियो	हुलहुन्डू	–	–	चंदाघासी	लोधमा	बंधुवा	कोलाद
	सिल्वे	हरातु	हुवांगहातु	उलातु	लालखटंगा	मानूबाध	–	–	चंदाघासी	नरियातु	हरदग	चांद
	महिलौंग	महिलौंग	कुटियातु	कुटियातु	चंदाघासी	ओबरिया	–	–	सोदाग	हठेडहू	हरदग	हरदाग
	खिजरी	खिजरी	हहाप	हहाप	चंदाघासी	पुट्टू	–	–	सोदाग	गरसूल	हरदग	बारगुटू
	सिदरौल	सिदरौल	हुड़वा	सिरी	सोदाग	उपरडहू	–	–	सोदाग	हुड़िंगदाग	डुंगरी	सोढ़ा
	लाली	लली	कुटियातु	सहेरा	सिठियो	जोजोसिरिंग	–	–	सोदाग	बण्डा	डुंगरी	जारटोली
	रामपुर	बेंगे	हहाप	सपारोम	लालखटंगा	कोचबोंग	–	–	बंधुवा	नचलदाग	हुड़वा	हजाम
	हुवांगहातु	सिंगरसराय	सिठियो	पिण्डारकोम	चंदाघासी	ईठे	–	–	बंधुवा	बंधुवा	हुड़वा	डुमरू
	कुटियातु	पिण्डारकोम	लालखटंगा	गढ़खटंगा	सोदाग	पुटिया	–	–	हरदग	चिटिर	–	–
	हहाप	कोयरीबेड़ा	चंदाघासी	चंदाघासी	बंधुवा	बुतियो	–	–	हरदग	दुन्दु	–	–
	सिठियो	सिठियो	सोदाग	जमगाई	हरदाग	दर्जीतोसर	–	–	डुंगरी	कोनजारी	–	–
	लालखटंगा	लालखटंगा	बंधुवा	बुण्डूबेड़ा	डुंगरी	किसकी	–	–	डुंगरी	तोसर	–	–
	चंदाघासी	कुटेटोली	हरदाग	सिलादोन	हुड़वा	मेढ़ा	–	–	हुड़वा	डुण्डीगढ़ा	–	–
	सोदाग	सोदाग	डुंगरी	गुन्दू	–	–	–	–	हुड़वा	सहेदा	–	–
	बंधुवा	रूदूमकोचा	हुड़वा	करकटटा	–	–	–	–	–	–	–	–
	हरदाग	सुकरहुटू	हुड़वा	निवितपुर	–	–	–	–	–	–	–	–
	डुंगरी	डुंगरी	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
	हुड़वा	हुड़वा	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
	हुड़वा	देवगाई	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
[illegible]	–	–	लुंगटू	लुंगटू	परासी	परासी	–	–	–	–	रड़गांव	लोधमा
खलारी	बमने	दुण्डू	बमने	मनातु	–	–	–	–	बमने	बमने	चुरी मध्य	चुरी मध्य
	बिश्रामपुर	बिश्रामपुर	चुरी उत्तरी	चुरी उत्तरी	–	–	–	–	खलारी	खलारी	लपरा	महुलीया
	बुकबुका	बुकबुका	चुरी दक्षिणी	होयर	–	–	–	–	लपरा	हेसालौंग	मायापुर	कोनका
	चुरी पूर्वी	चुरी पूर्वी	चुरी पश्चिमी	चुरी पश्चिमी	–	–	–	–	मायापुर	हरहु	–	–
	चुरी दक्षिणी	चुरी दक्षिणी	हुटाप	हुटाप	–	–	–	–	–	–	–	–
	लपरा	लपरा	लपरा	नावाडीह	–	–	–	–	–	–	–	–
	मायापुर	मायापुर	मायापुर	दुल्ली	–	–	–	–	–	–	–	–
	राय	राय	तुमांग	तुमांग	–	–	–	–	–	–	–	–
	तुमांग	करकट्टा			–	–	–	–	–	–	–	–
[illegible]	–	–	सापुकेरा	लापुंग	देवगांव	सरसा	–	–	–	–	–	–
नगड़ी	चेटे	सिंहपुर	चेटे	चेटे	चेटे	सिंहपुर	चेटे	सिंहपुर	–	–	चेटे	सेम्बो
	लालगुटुवा	गुटुवा	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
	बालालौंग	बालालौंग										
[illegible]	कारूहातु	गोमेयाडीह	कारूहातु	माझाडीह	–	–	–	–	–	–	हारिण	बारेडीह
	तेतला	सालसूद	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
[illegible]	–	–	कांसी	हेठ कांसी	रेलाडीह	रेलाडीह	–	–	सतकनादु	सतकनादु	उपरकोनकी	मुरेठा
कांके	मालश्रृंग	सिरांगो	चन्दवे	चन्दवे	बोड़ेया	बोड़ेया	–	–	मालश्रृंग	मनहा	–	–
	सतकनादु	बतकनादु	डुमरदगा	डुमरदगा	उपरकोनकी	मुरेठा	–	–	–	–	–	–
	उरूगुटू	पतरातु	गागी	चामगुरू	बाढ़ू	पतागाई	–	–	–	–	–	–
	–	–	होचर	होचर	बोड़ेया	बोड़ेया	–	–	–	–	–	–
	–	–	मालश्रृंग	करकटटा	चन्दवे	दुबलिया	–	–	–	–	–	–
	–	–	मनातु	मनातु	गागी	गागी	–	–	–	–	–	–
	–	–	सतकनादु	कोल्याकानादु	होचर	मुरूम	–	–	–	–	–	–
	–	–	उरूगुटू	बनदा	कांके	कांके	–	–	–	–	–	–
	–	–	उरूगुटू	बेती	मालश्रृंग	मालश्रृंग	–	–	–	–	–	–
	–	–	–	–	मनातु	टेम्बर	–	–	–	–	–	–
	–	–	–	–	सतकनादु	कुम्हरिया	–	–	–	–	–	–
	–	–	–	–	उरूगुटू	मेढ़ी	–	–	–	–	–	–
रातू	पाली	पाली	पाली	चितरकोटा	तारूप	उषामातु	–	–	–	–	तारूप	कन्नौज
	तारूप	तारूप	तारूप	पूर्वी पश्चिमी तारूप	–	–	–	–	–	–	–	–
बुढ़मू	बाड़े	डड़िया	–	–	बाड़े	नाउज	–	–	बाड़े	कुलेंग	–	–
	सारले	अकनान	–	–	सारले	कोयजम	–	–	चकमे	आरा	–	–
	–	–	–	–	–	–	–	–	सारले	टारीद	–	–
	–	–	–	–	–	–	–	–	खखरा	बसरी	–	–
	–	–	–	–	–	–	–	–	बुढ़मू	मुरवे	–	–
	–	–	–	–	–	–	–	–	मक्का	ईचापीरी	–	–
	–	–	–	–	–	–	–	–	गुरगांई	इटेहे	–	–
	–	–	–	–	–	–	–	–	उमेडण्डा	उमेडण्डा	–	–
	–	–	–	–	–	–	–	–	हेसलपीरी	मनातु	–	–
	–	–	–	–	–	–	–	–	मुरूपीरी	मुरूपीरी	–	–
चान्हो	रोल	बलियो	ताला	हुटरी	ताला	हुटरी	–	–	चटवल	चटवल	तरंगा	तरंगा
	रोल	गुटुवा	–	–	चटवल	मसमानो	–	–	चोरेया	नून्दू	–	–
	रोल	माहथाटोली	–	–	–	–	–	–	रघुनाथपुर	रघुनाथपुर	–	–
	–	–	–	–	–	–	–	–	तरंगा	सोपारम	–	–
[illegible]	डोकाद	डोकाद	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
	नवाडीह	नवाडीह	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
[illegible]	–	–	हलमाद	हलमाद	बन्ता हजार उत्तरी	बासुडीह	–	–	–	–	मुरी पूर्वी	छोटा मुरी
अनगड़ा	गेतलसूद	बनादाग	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
	हरातु	ईद	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
	हेसातु	हेसातु मैलघोंसा	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
	सिरका	महेशपुर	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
	हेसल	हेसल	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
	चिलदाग	चिलदाग, सिम्बलिया	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
	बोंगाईबेड़ा	बानपुर	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
[illegible]	–	–	दुदुपालू	खीराबेड़ा	जयडीहा	जयडीहा	–	–	–	–	–	–
	–	–	चारू	हेन्देबिली	ईचादाग	डुम्बे	–	–	–	–	–	–
इटकी	इटकी	चांद	गढ़गांव	गढ़गांव	–	–	–	–	–	–	–	–
	चिनारोपुरियो	सुगवा	कुंदी	कुंदी	–	–	–	–	–	–	–	–
मांडर	सरवा	झिंझपुर	सरवा	पचपदा	–	–	–	–	–	–	–	–
	नगड़ा	गोरे	झिंझरी	सकरपदा	–	–	–	–	–	–	–	–
	–	–	मंदरो	मंदरो	–	–	–	–	–	–	–	–
	–	–	नगड़ा	नगड़ा	–	–	–	–	–	–	–	–
बेड़ो	–	–	बेड़ो	बारिडीह	तुतलो	ईटा	–	–	टेरा	महुगांव	मुरतो	मंदरो दानी
	–	–	मुरतो	मुरतो	खुखरा	खुखरा	–	–	हरिहरपुर जामटोली	जहानाबाज	–	–

प्रखंड	तिथि पंचायत एवं ग्राम की सूचना													
	23.11.2023		24.11.2023		25.11.2023		26.11.2023		28.11.2023		29.11.2023		30.11.2023	
	पंचायत	ग्राम	पंचायत	ग्राम	पंचायत	ग्राम	पंचायत	ग्राम	पंचायत	ग्राम	पंचायत	ग्राम	पंचायत	ग्राम
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
बेड़ो	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
खलारी	मायापुर	केंदल	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
लापुंग	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	मालगो	जातालोया	–	–
नगड़ी	बालालौंग	बालालौंग	–	–	नगड़ी	पिस्का नगड़ी	चेटे	कंधया	–	–	लालगुटुवा	गुटुवा	–	–
	–	–	–	–	चेटे	चेटे	–	–	–	–	–	–	–	–
सोनाहातु	बारेन्दा	जिन्तुडीह	जामुदाग	जामुदाग	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
बुण्डू	सुमनडीह	बुढ़ाडीह	–	–	–	–	सुमनडीह	सुटीलौंग	–	–	–	–	–	–
रातू	तारूप	पतराटोली	तारूप	मुरचू	तारूप	कोकदेटांड	–	–	–	–	–	–	–	–
बुढ़मू	चकमे	चकमे	चकमे	टुंगरी टोला	सारले	कंडेर	–	–	सारले	महुवासुरा	–	–	–	–
	सारले	महुडर	सारले	सुमू	खखरा	हिसरी	–	–	–	–	–	–	–	–
	उमेडण्डा	एरूद	उमेडण्डा	सोसई	चैनगड़ा	चैनगड़ा	–	–	–	–	–	–	–	–
	हेसलपीरी	तुरमूली	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
	कोइझासाडम	साडम	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
	छापर	छापर	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
	गिजो ठाकुरगांव	गिजो ठाकुरगांव	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
	मुरूपीरी	चामा	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
चान्हो	तरंगा	लेपसर	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
	चामा	चामा	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
सिल्ली	–	–	बिसरिया	कुटाम	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
अनगड़ा	जोन्हा	जोन्हा	–	–	–	–	कुच्चू	बदरी	–	–	–	–	–	–
	–	–	–	–	–	–	सुरसू	सिगारी	–	–	–	–	–	–
	–	–	–	–	–	–	सालहन	सालहन, बेड़वारी	–	–	–	–	–	–
	–	–	–	–	–	–	लुपुंग	लुपुंग	–	–	–	–	–	–
	–	–	–	–	–	–	अनगड़ा	जाभुम	–	–	–	–	–	–
ओरमांझी	ईचादाग	ईचादाग	हेन्देबिली	तिरला	ईचादाग	पिस्का	ओरमांझी	उकरिद	ओरमांझी	झिरी	गगारी	चपराकोचा	–	–
	हेन्दबिली	मन्दरो	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–

उक्त ग्रामों में आयोजित होने वाले ग्राम सभाओं में संबंधित ग्राम के सभी ग्रामीण संबंधित पंचायती राज व्यवस्था के माननीय जनप्रतिनिधि संबंधित माननीय सांसद एवं विधायक के प्रतिनिधि एवं समाजसेवी आमंत्रित है, ताकि आपकी उपस्थिति में पूर्ण पारदर्शिता के साथ ग्राम सभाओं में DMFT के मार्गदर्शिका एवं जिला स्तर से पत्रांक-565 दिनांक-28.10.2023 द्वारा निर्गत निदेश के आलोक में सर्वाधिक उपयोगी विकास कार्यो का चयन एवं प्राथमिकता निर्धारण हो सकें।

उप निदेशक-सह-
जिला योजना पदाधिकारी, रॉंची।

उप विकास आयुक्त-सह-सदस्य सचिव,
जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, रॉंची।

PR 311271 (District) 23-24 (D)

स्पीड न्यूज

विभिन्न स्थानों में बन रहे पूजा पंडाल

गुमला। शहर के विभिन्न स्थानों पर पंडाल निर्माण कर व प्रतिमा स्थापित कर मां लक्ष्मी, भगवान गणेश व मां काली की पूजा अर्चना की जाती है। पूजा को लेकर पंडालों का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। शहर के शक्ति संघ मंदिर, महामाया संघ डीएसपी रोड व लोहरदगा रोड स्थित मां भवानी संघ में मां काली की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाती है। वहीं पालकोट रोड लक्ष्मी मंदिर व देवीगुड़ी मंदिर में मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित की जाती है। पूजा समितियां मां के दर्शन के लिए पहुंचने वाले भक्तों के लिए विशेष प्रसाद की भी व्यवस्था की जाती है।

रंगोली-दीया बनाओ प्रतियोगिता संपन्न

घाघरा। प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में शनिवार को दीपावली पर रंगोली और दीया बनाओ प्रतियोगिता हुई। गोपाल साहू पब्लिक स्कूल घाघरा में बच्चों ने रंगोली व दीया बनाये। वहीं मोंटेसरी पैराडाइज स्कूल जग बगीचा में बच्चों ने आर्ट, क्राफ्ट व रंगोली बनायी। वहीं चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल रन्हे में रंगोली बच्चों ने बनायी। भास्कर एजुकेशनल एकेडमी घाघरा के छात्रों ने भी रंगोली बनायी। वहीं सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी मकरा में छात्र श्रीराम लक्ष्मण सीता के रूप में शामिल हुए। दीप जलाकर अयोध्या नगरी में बसे राम लक्ष्मण सीता के दृश्य का नाट्य मंच भी किया व रंगोली भी बनायी। मौके पर प्राचार्य चंद्रकांत पाठक, नितेश रंजन भास्कर, नीरज साहू, विजय साहू, संजय भगत सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

आंगनबाड़ी कर्मियों की बैठक संपन्न

घाघरा। प्रखंड कार्यालय परिसर के चबूतरा के समीप भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले आंगनबाड़ी सहायिका कर्मियों की बैठक शनिवार को की गयी। बैठक में 11 दिसंबर को सेविका सहायिका को दिल्ली जंतर-मंतर मैदान में धरना कार्यक्रम में शामिल होने पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ की जिला मंत्री नोरबेता एक्का ने कहा कि 5 सूत्री मांग को लेकर उक्त कार्यक्रम में शामिल होना है। जिसमें आंगनबाड़ी कर्मचारी को राज्य कर्मचारी घोषित करने अवकाश, महंगाई भत्ता भुगतान समेत कई मांगें शामिल हैं। जिसे लेकर धरना प्रदर्शन की जायेगी। मौके पर सावित्री कुजूर, पूनम देवी, सीमा किंडो, अनिता देवी, शिला देवी, रुक्मणि देवी सहित कई सहायिका कर्मी उपस्थित थी।

एसपी ने जानी विमरला पिकेट की हकीकत

घाघरा। एसपी हरविंदर सिंह शनिवार को बिमरला पिकेट पहुंच जवानों से मिले और कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। यहां बता दें कि 15 नवंबर तक जारी माओवादी बंदी को लेकर एसपी हरविंदर सिंह घाघरा प्रखंड के अति उग्रवाद प्रभावित इलाका बिमरला पिकेट पहुंचे थे। इस दौरान पिकेट में रह रहे जवान जो लकड़ी में खाना बना रहे थे उन्हें गैस में खाना बनाने का निर्देश दिया। कहा कि सीएसआर की बैठक में हिंडाल्को को निर्देश दिया जायेगा कि जवानों को खाना बनाने के लिए गैस की व्यवस्था करे। वहीं शौचालय बनाने को कहा।

नये कपड़े पाकर बच्चों के खिल उठे चेहरे

लोहरदगा। शहर के समाजसेवी व झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के संयोजक जयप्रकाश शर्मा ने दीपावली को लेकर बस्तियों में जाकर गरीब बच्चों के बीच मिठाई के डिब्बे, नये कपड़े, फल और पटाखों का स्नेहपूर्ण वितरण किया। सभी बच्चे उपहार पाकर बड़े खुश हुए। जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रत्येक होली और दिवाली के त्योहार पर विशेष रूप से गरीब बच्चों के बीच जाकर खुशियां बांटते रहे हैं, उनका मानना है कि ऐसा कर उन्हें आत्मा संतुष्टि मिलती है, जब भी किसी मासूम चेहरे पर उनके कारण मुस्कान आती है तो एक अलग ही खुशी मिलती है।

एमबी डीएवी में हुई कई प्रतियोगिताएं

लोहरदगा। एमबी डीएवी विद्यालय में प्राचार्य जीपी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रो, शितेश पाठक व आरती कुमारी ने पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत विविध प्रतियोगिताएं करायी गयी। कहा गया कि दीपावली यानी प्रकाश का पर्व। दीपावली अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। दिवाली हिंदुओं का सबसे बड़ा त्योहार है। इसे मनाने के पीछे प्रमुख मान्यता भगवान राम के वनवास से अयोध्या आगमन की प्रसन्नता प्रकट करना है।

वाहन जांच में दो ओवरलोड बॉक्साइड ट्रक जब्त

सेन्हा-लोहरदगा। वाहन जांच के दौरान सेन्हा थाना के समीप दो ओवरलोडेड बॉक्साइड ट्रक को पुलिस ने जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु खनन विभाग को सूचना दी। सेन्हा थाना के समीप देर शाम एसपी हरीश बिन जामां के निर्देश पर थाना प्रभारी अभिनव कुमार के नेतृत्व में आगामी त्योहार को लेकर थाना के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। वाहन जांच में बाइक, कार एवं मालवाहक ट्रक की जांच की गयी। जांच के दौरान ट्रक (जेएच 08 ई 6458) में ओवरलोडेड बॉक्साइड पत्थर का संदेह था।

दीपावली पर्व की तैयारी पूरी, अंतिम दिन जमकर लोगों ने की खरीदारी

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। प्रकाश का पर्व दीपावली की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई। साथ ही मां लक्ष्मी व मां काली की पूजा की तैयारी भी पूरी कर ली गई है। दीपावली को लेकर अंतिम दिन जमकर लोगों ने समानों की खरीदारी की। सजावट के समानों की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ लगी हुई थी।

घरों को आकर्षक ढंग से सजाने के लिए लोगों ने कई तरह के आकर्षक सामग्रियों की खरीदारी की। वहीं लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा की भी जमकर बिक्री हुई। बाजार में पचास रुपये से लेकर चार सौ रूपये तक के लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा बिक रही थी।

मिट्टी के दीया और खिलौनों की खरीदारी करते लोग।

पटाखों के दुकानों में भी ग्राहकों की भीड़ उमड़ी थी। लोग अपने सामर्थय के अनुसार पटाखों की खरीददारी करते देखे गये। करंज तेल की भी जमकर ब्रिकी हुई।

बाजार में 110 रूपये लीटर करंज तेल बेची जा रही है। घरों को भी सजाने में लोग कोई कसर नहीं छोड़ रहे थे। दीपावली का पर्व लोगों को अपने अंदर छुपे बुराई को त्यागने का संदेश देते ही। क्योंकि यह उजाले का पर्व है।

विभागीय कार्यों में अनियमितता कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे : डॉ रामेश्वर उरांव

- वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने लोहरदगा जिला अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर विभिन्न योजनाओं का किया औचक निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। स्थानीय विधायक सह वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने जिले के प्रखंड कैरो, कूडू के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर सरकार द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का औचक निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने पीएचडी विभाग की हर घर नल योजना में अनियमितता पायी, जिसमें कनेक्शन पाइप की क्वालिटी, गैलवेनाइस स्टैंड की क्वालिटी एवं बोरिंग प्वाइंट आदि में त्रुटि पायी और

योजना का निरीक्षण करते मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव।

संबंधित पदाधिकारियों में कार्रवाई का निर्देश दिया। कैरो प्रखंड के हनहट टोंगरी टोला पहुंच जिप की पेयजल आपूर्ति योजना में काफी गड़बड़ी पायी। कनीय अभियंता को फटकार लगाते हुए कहा- जल्द इसे दुरुस्त करें अन्यथा सभी पर कार्रवाई की जायेगी। जांच के दौरान मंत्री सख्त नजर आये। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को दायित्व निर्वहन के साथ ईमानदारी से कार्य करने को कहा। कहा कि योजना में अनियमितता बर्दाश्त नहीं करेंगे।

उद्योग विभाग और सीएसआर मामलों को लेकर हुई समीक्षा बैठक

स्वास्थ्य सुविधा में सुधार को बहाल करें डॉक्टर-नर्स : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता शनिवार को उद्योग विभाग एवं सीएसआर मामलों को लेकर कंपनी तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने पदाधिकारियों द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर सीएसआर कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मुख्य रूप से सीएसआर हिंडालको कंपनी अंतर्गत आने वाले

बैठक में निर्देश देते उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी व अन्य।

क्षेत्रों के विकास करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया। प्रबंधक (सीएसआर) हिंडाल्को कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023 -24 में शिक्षा , स्वास्थ्य, विभिन्न संरचनाओं के निर्माण आदि क्षेत्रों में कार्य किया गया है। इसके अलावा टीबी मरीजो बांस कारीगरों के बीच टूल किट वितरण, एंबुलेंस संचालन, स्कूल बस संचलन जैसे कार्य भी सीएसआर मद से किए जा रहें हैं। इसके अलावा हिंडाल्को द्वारा सीएसआर मद से कुएं बनाने का भी कार्य किया जा रहा है। जिससे पानी की समस्या से लंबे समय तक ग्रामीणों को मुक्ति मिल सके।

खास बातें : उपायुक्त ने हिंडाल्को प्रबंधकों से उनके द्वारा सीएसआर क्षेत्र में दिये जाने वाले स्वास्थ्य संबंधित सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। डॉक्टर्स की नियुक्ति सहित अन्य मुख्य बिंदुओं की जानकारी ली। उपायुक्त ने खास कर पाट क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा को दुरुस्त करने हेतु वहां के स्वास्थ्य उपकेंद्रों के लिए कंपनी द्वारा डॉक्टर्स, एएनएम, जीएनएम एवं ने कर्मियों की नियुक्ति करते हुए स्वास्थ्य उपकेंद्रों के संचालन व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

भाकपा माओवादी का एक नक्सली को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

- 2 साल पहले किया था सरेंडर, सरकारी लाभ के तहत एक लाख रुपया भी मिला था इस नक्सली को

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। जिले के पेशरार थाना और सेरेंगदाग थाना क्षेत्र में कई नक्सली वारदात को अंजाम देने वाला नक्सली को लोहरदगा पुलिस ने पेशरार थाना प्रभारी अख्तर अली के नेतृत्व में रांची रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार नक्सली की पहचान रविंद्र गंझु के दस्ते के सदस्य आकाश नागेसिया के रूप में हुई है।

लोहरदगा एसपी हारीश बीन जमां ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार नक्सली भाकपा माओवादी के हार्डकोर नक्सली रविंद्र गंझू के

गिरफ्तार नक्सली के साथ एसपी व अन्य।

दस्ता का सदस्य है और रविंद्र गंझु के इशारे पर क्षेत्र में नक्सली वारदात को अंजाम देता था। गिरफ्तार भाकपा माओवादी नक्सली आकाश नागेसिया वर्ष 2021 में झारखंड सरकार की सरेंडर पॉलिसी के तहत आत्मसमर्पण कर चुका था वही जेल से निकलने के बाद आकाश फिर से नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के गतिविधि में शामिल होकर नक्सली वारदात को अंजाम देने लगा। जेल से निकलने के बाद नक्सली आकाश नागेसिया के खिलाफ पेशरार थाना और सेरेंगदाग थाना में आधा दर्जन मामले नक्सली घटनाएं की दर्ज गयी। जिसमें गोलीकांड, निर्माण कार्य में आगजनी, अवैध लेवी वसूली, चोरी, धमकी सहित कई मामले दर्ज हैं जिसमे नक्सली फरार चल रहा था।

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लगेगा हर विभाग का स्टॉल, कर्मी तैयारी कर लें : बीडीओ

>> आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण को ले समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

जारी। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण को लेकर शनिवार को जारी प्रखंड सभागार में तैयारी बैठक बीडीओ रेशमा रेखा मिंज की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बताया गया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार आगामी 15 नवंबर से लेकर 29 दिसंबर 2023 तक आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा अभियान संचालित किया जाना है। बैठक में बताया गया कि कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तर पर शिविर का आयोजन कर राज्य सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का आधिकाधिक लाभ आमजनों को दिया जायेगा। साथ ही अर्हता प्राप्त सभी व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं के लाभ से आच्छादित किया जाना है। वहीं बैठक में उपस्थित बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने प्रखंड कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिविर में हर विभाग का स्टॉल लगेगा।

सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी में हुई रंगोली और दीया मेकिंग प्रतियोगिता

फोटो कैप्शन4 भारतीय टीम को शुभकामना देते हुए बनाया गया रंगोली

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता और दीया मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ हमारे विद्यालय के प्राचार्य के संबोधन से हुआ।

विद्यालय के प्राचार्य अभिनव भारती ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकल फॉर वोकल स्थानीय व्यवसायों, उत्पादों और उद्योगों को बढ़ावा देने और समर्थन करने का एक आह्वान है। यह आयातित या बड़े पैमाने पर उत्पादित विकल्पों पर स्थानीय रूप से प्राप्त और स्थानीय रूप से उत्पादित वस्तुओं को प्राथमिकता देने के महत्व पर जोर देता है। यह विचार हमारे राष्ट्र की आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय भलाई के लिए बहुत महत्व रखता है। दीपावली प्रकाश का त्यौहार है, इसमें हम अपने घर तथा उसके

पांच जुआरियों को सेन्हा थाना पुलिस ने भेजा जेल

सेन्हा-लोहरदगा। लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र में दीपावली त्योहार को देख एसपी हारीश बिन जमां के निर्देश पर सेन्हा थाना क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री और जुआरी की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापामारी अभियान चलाया। इसी दौरान देर रात थाना क्षेत्र भ्रमण के दौरान गुप्त सूचना पर थाना प्रभारी शस्त्र बल के सहयोग से कल्हेपाट से 5 जुआरियों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। छापामारी अभियान थाना प्रभारी अभिनव कुमार के नेतृत्व में अरु पंचायत के कल्हेपाट डीपाटोली में किया गया। जहां से 5 जुआरी के साथ 2460 रुपये तथा ताश बरामद किया है। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि 5 जुआरी को गिरफ्तार कर जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पाइप लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

चैनपुर। थाना अंतर्गत रेंटोली के पास शनिवार दोपहर 12 बजे के करीब पाइप लेकर जा रही ट्रक (बीआर 01 जीई 6518) अनियंत्रित होकर बीच सड़क में पलट गयी। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीं ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी अनुसार ट्रक में सिर्फ चालक था। सड़क के गड्ढों के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गयी। वहीं ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची चैनपुर पुलिस ने जेसीबी मशीन से ट्रक को सड़क से किनारे कराया, जिसके बाद आवागमन सुचारू रूप से होने लगी। प्र जानकारी अनुसार यह ट्रक रांची से नल जल योजना का पाइप लेकर डुमरी जा रहा था।

पैनल अधिवक्ता के रूप में 2023 का उत्कृष्ट अधिवक्ता घोषित करने पर संघ ने दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। जिला अधिवक्ता संघ लोहरदगा ने विधिक सेवा दिवस पर विधिक सेवा प्राधिकार से जुड़े अधिवक्ता लाल धर्मेंद्र देव एवं सीपी पाठक को उत्कृष्ट कार्य करने वाले पैनल अधिवक्ता के रूप में वर्ष 2023 का उत्कृष्ट अधिवक्ता घोषित किये जाने पर उन्हें जिला अधिवक्ता संघ ने बधाई दी है। संघ के अध्यक्ष डॉ प्रमोद पुजारी, उपाध्यक्ष अमिंद्र सिंह, महासचिव लाल दीपक नाथ सहदेव, सह सचिव विक्रम कुमार, सह कोषाध्यक्ष

पवन कुमार, कार्यकारिणी सदस्य फुन्नी साहू, नरेंद्र मिंज, विनय साहू, अजय लकड़ा, राधा कृष्ण शर्मा, विपीन दुबे, सुमन भगत, मुनींद्र प्रसाद, नसीम अंसारी, हेमंत सिन्हा, राखा साहू, दीपक कुमार, तरूण देवघरिया, अजीत सिंह, राज ललित प्रसाद, अनिल पांडे, अनुप रॉय, नवल अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, निखिल अग्रवाल आदि भी थे।

दिवाली को ले मिठाइयों की जमकर हुई बिक्री

गुमला। दीपावली त्योहार को लेकर शहर के कई मिष्ठान दुकानों में आकर्षक स्टॉल लगाकर मिठाइयां बेची जा रही है। पालकोट रोड स्थित हिंदुस्तान मिष्ठान भंडार, सुरैश कैंटीन, विनोद होटल, मेन रोड में होटल राज, लोहरदगा रोड में फन फूड, सिसई रोड में प्रकाश होटल सहित अन्य मिष्ठान भंडारो में मिठाई खरीदने लोगों की भीड़ लगी रही। लड्डू 200 से 400 रुपये, काजू बर्फी साढ़े आठ सौ रुपये, जबकि अन्य विभिन्न आकर्षक मिठाइयों का दर 250 से लेकर एक हजार रुपये प्रति किलो तक बिक्री की जा रही है।

आपका जीवन खुशियों और सफलता से पूर्ण हो : रमाकांत

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। दीपावली के शुभ अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने रामलीला का मंचन कर पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। कक्षा यूकेजी के बच्चों ने मेरे घर राम आए हैं गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया तो विद्यार्थियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। वहीं भगवान सूर्य की उपासना के पर्व छठ के मंचन ने छठ की महिमा को दर्शाया।

बचपन स्कूल में बच्चों का सोशल सर्विस कैंपेन

गुमला। लोहरदगा रोड ओल्ड डीएवी कैम्पस स्थित बचपन व प्राइमरी स्कूल के बच्चों ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दीपावली में सोशल सर्विस के तहत जरूरतमंदों के लिए मिठाइयां और पटाखे डोनेट किये। जिसे सिलम स्थित ऑफर्नेज के बच्चों के साथ शेयर किया। उसके बाद बच्चों ने सरना टोली स्लम एरिया के बच्चों के साथ मिठाइयां और पटाखे शेयर किये। बचपन स्कूल गुमला के द्वारा सिलम स्थित ऑफार्नेज से दो बच्चियों को भी पढ़ाई के लिए चुना गया। पहले से भी बचपन स्कूल के द्वारा बहुत से अभाव ग्रस्त ऑफर्नेज की बच्चियों को सारी सुविधाओं के साथ विद्यालय में शिक्षा दी जाती रही है। इसी कड़ी में इस वर्ष दो बच्चियों का नामांकन किया गया।

जिला स्तरीय 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन

बाल वैज्ञानिकों में से ही कोई भविष्य का डॉ कलाम निकलेगा : सुभाष दत्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। राजकीय कृत मध्य विद्यालय नवाडीपाड़ा के सभागार में जिला स्तरीय 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला निबंधन पदाधिकारी सुभाष दत्ता, हिंडालको सी एस आर प्रभारी नीरज कुमार, समिति के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि सुभाष गुप्ता ने

संबोधित करते अतिथि व उपस्थित अन्य।

विभिन्न प्रखंडों से आये बाल वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप में से ही कोई आने वाला भविष्य का डॉक्टर कलाम हो सकता है। लोहरदगा जिला आबादी क्षेत्रफल में भले ही छोटा हो लेकिन प्रतिभा में सबसे आगे है। साइंस फॉर सोसाइटी निश्चित ही धन्यवाद के पात्र हैं, जिन्होंने लोहरदगा जिला के बाल वैज्ञानिकों को इतना बड़ा मंच प्रदान कर रहे हैं। हिंडाल्को के नीरज कुमार ने कहा कि समय-समय पर साइंस फॉर सोसायटी सामाजिक कार्यों में अग्रसर रहती है और मैं आशा करता हूं कि समिति के सदस्य अपना योगदान इसी तरह देते रहेंगे।

खास बातें : महान वैज्ञानिकों ने अभाव में भी बड़े-बड़े आविष्कार किये हैं। निश्चित ही हमारे बाल वैज्ञानिक का परियोजना किसी नये रिसर्च का आधार बनेगा। समिति के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद ने कहा कि सोसाइटी विगत 30 वर्षो से बाल वैज्ञानिकों को नये शोध के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा तथा मंच प्रदान कर रही है।

झारखंड को बचाना है तो आजसू पार्टी को सरकार में लाना होगा : दिलीप साहू

- डुमरी प्रखंड में आजसू का प्रखण्ड स्तरीय सम्मेलन संपन्न, प्रखंड कमेटी का हुआ गठन
- सम्मेलन में झामुमो, भाजपा व कांग्रेस के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने थामा आजसू पार्टी का दामन

खबर मन्त्र संवाददाता

डुमरी। प्रखंड में शनिवार को आजसू पार्टी का प्रखंड स्तरीय सम्मेलन का अयोजन केंद्रीय सदस्य सह डुमरी प्रखंड प्रभारी बोनिफास कुजूर की अध्यक्षता में हुआ। जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू ने कहा कि अगर झारखंड को बचाना है तो आजसू पार्टी की सरकार को बनाना होगा। अभी की वर्तमान हेमंत सरकार लूट खसौट और भ्रष्टाचार में लिप्त है।

वहीं आजसू पार्टी के जिला

सम्मेलन में शामिल प्रखंड व जिला कमेटी के पदाधिकारी व सदस्य।

प्रवक्ता मिन्हाज खान ने कहा कि सुदेश महतो की सोच पढ़ाई, दवाई और कमाई की सोच को मुखर के साथ झारखंड में लाना है। साथ ही केंद्रीय सचिव गोपीनाथ सिंह ने कहा कि आजसू पार्टी आदिवासियों की हित की बात करने वाली पार्टी है। इस दौरान डुमरी प्रखंड समिति का विस्तार किया गया।

जिसमें प्रखंड अध्यक्ष रॉबर्ट एक्का, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज टोप्पो, महासचिव एडविन टोप्पो, प्रवक्ता प्रह्लाद साहू, सचिव राजेश यादव, संगठन सचिव विकास लकड़ा, उप सचिव राजकमल केशरी, कोषाध्यक्ष मकबूल आलम, उपाध्यक्ष निर्दोष बड़ा, हरिओम यादव, सोहन यादव, महिला कार्यकारी अध्यक्ष प्रिंसी कुजूर, सचिव नीली कुसुम कुजूर, उपाध्यक्ष विमला कुजूर को बनाया गया।

स्पीड न्यूज

डीपीएस पितीज में हुई रंगोली प्रतियोगिता

इटखोरी। दिल्ली पब्लिक स्कूल, पितीज में शनिवार को दीपावली के अवसर पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम प्रतियोगिता रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में कक्षा 01 से लेकर 09 तक के बिरसा मुंडा हाउस, सिधू कान्हू हाउस, महात्मा गाँधी हाउस, सुभाष चन्द्र हाउस,समूह में किया गया। वहीं सभी हाउस के प्रथम, द्वितीय ,तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थी को समानित किया गया। प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थी ने अपनी कल्पना को उजागर करते हुए सुंदर रंगोली का चित्र प्रस्तुत किया। इन चित्रों देवी देवताओं एवं कई चित्र का रंगोली प्रस्तुत किया गया। सभी कक्षा के छात्राओं की रंगोली एक से बढ़कर एक थी। प्रतियोगिता समापन के अवसर पर प्रिंसिपल ऊनि के कृष्णन ने प्राचीन सभ्यता संस्कृति और आधुनिक सभ्यता संस्कृति पर छात्रों के बीच प्रकाश डाले एवं छात्र छात्राओं कि उज्जवल भविष्य का कामना किया। उन्होंने दीपावली, चित्रगुप्त, भैया दूज एवं छठ पूजा कि बधाई दिये।

हाई स्कूल मैदान का हुआ सुंदरीकरण

टंडवा (चतरा)। हाई स्कूल मैदान काफी दिनों से खराब पडा.हुआ था बच्चे खेल नहीं पा रहे थे बूढ़े बुजुर्ग सुबह की सैर भी करने में असमर्थ थे तभी बसंत कुमार अपने सहयोगियों के साथ विधायक आवास पहुंच कर खेल मैदान बनाने को लेकर आवेदन दिया फिर विधायक ने तुरंत संज्ञान में लेते हुए मैदान का मुआयना किया और आज सुबह विधायक जी अपनी उपस्थिति में हाई स्कूल मैदान का सुंदरीकरण किया गया अब मैदान में बच्चे खेल भी सकेंगे और युवा, बुजुर्ग सुबह शाम की सैर कर पायेगें इस काम के लिए विधायक किशुन कुमार दास जी को दिल से आभार मैदान में मौजूद राम प्रसाद साहू,नथू गुप्ता,मिथलेश गुप्ता, रंजीत गुप्ता,शशि चौरसिया,मनोज नायक,अंकित नायक, दीपक गुप्ता, राकेश नायक, सुधीर नायक, अभिमन्यु गुप्ता, सुबोध गुप्ता, दीपक आदि ने अंत तक सहयोग किया।

अपर समाहर्त्ता ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी

चतरा। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई। उक्त जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पेयजलापूर्ति, आवास समेत अन्य मामले शामिल थे। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार/शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

मवेशी लदे ट्रक को पुलिस ने किया जब्त

चतरा। सदर थाना प्रभारी शिव प्रकाश कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम मवेशी लदा ट्रक जब्त किया गया। जबकि मौके से दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ट्रक की जब्ती चतरा - जोरी मुख्य मार्ग के संघरी घाटी से हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ मवेशी तस्कर एक ट्रक में मवेशी लेकर जा रहे थे। सूचना के आलोक में छापेमारी की गई थी। जिसके बाद ट्रक पर 28 मवेशी लदा पाया गया। जिसे जब्त कर थाना ले आई है।

जुआ खेलते 14 जुआरी गिरफ्तार, 43 हजार नगद समेत 9 मोटरसाइकिल जप्त

कोडरमा। पुलिस ने एसपी अनुदीप सिंह के निर्देश पर विभिन्न जगहों पर छापामारी अभियान चलाकर जुआ खेलते 14 जुआरियों को गिरफ्तार किया। इन जुआरियों के पास से 43 हजार नगद, ताश के पत्ते समेत 9 मोटरसाइकिल को जप्त किया गया। मिली जानकारी के अनुसार एसपी के निर्देश पर कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बीते रात्रि इंदरवा, पूतो, छतरबर आदि जगहों पर छापामारी किया। इस दौरान 14 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया।

जुआ खेलते झामुमो जिला उपाध्यक्ष समेत एक दर्जन लोग भेजे गए जेल

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत महतो आहर गझंडी रोड स्थित बालाजी स्टील फैक्ट्री के समीप सचिन सिंह के दुकान के पीछे बने रूम में जुआ खेलते झामुमो जिला उपाध्यक्ष कामेश्वर महतो समेत एक दर्जन लोग को तिलैया पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को इसकी सूचना लगातार मिल रही थी। इसके बाद एसपी के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया। जहां पुलिस के छापामारी में एक दर्जन लोगों को जुआ खेलते धर दबोचा।

हत्या या आत्महत्या दोनों बिंदुओं पर पुलिस कर रही जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

घटना की जानकारी देते मृतक के परिजन

गढ़वा। थाना क्षेत्र के लगमा गांव निवासी श्रवण ठाकुर उर्फ रमेश ठाकुर के पुत्र सोनू ठाकुर 16 वर्ष की संदिग्धावस्था में मौत हो गई। गांव के एक बांध के पास युवक घायल अवस्था में पाया गया था। तत्काल उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। यह मामला हत्या है या आत्महत्या पुलिस दोनों बिंदुओं पर जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव का अंत्यपरीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया। घटना के संबंध में परिजनो ने बताया कि शनिवार की सुबह सोनू घर से बाहर निकाला था। करीब एक घंटे बाद गांव के ही एक व्यक्ति बांध की ओर शौच करने के लिए गया हुआ था। जहां उस व्यक्ति ने सोनू को घायल अवस्था में पड़ा हुआ देखा। इसके बाद गांव के लोगों को सूचना दिया। सूचना के तत्काल बाद आसपास के लोगों ने पुलिस के सहयोग से घायल अवस्था में उसे उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि सोनू की किसी ने गोली मार कर हत्या कर दी है और आत्महत्या का रूप देने के नियत से पिस्टल भी वही छोड़कर फरार हो गया है। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार युवक को गर्दन से जबड़े के पास गोली लगी है। मृतक सोनू ठाकुर का लगमा स्टैंड में स्टेशनरी व शादी कार्ड की छपाई की दुकान था। सोनू और उसके पिता उस दुकान को चलाते थे। घर वालों ने सोचा कि सोनू सुबह जागने के बाद दुकान की ओर गया होगा। लेकिन कुछ देर के बाद परिजनों को सोनू की गोली लगने की खबर मिली। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लक्ष्मी पूजा की तैयारी चल रही थी। गांव में लक्ष्मी गणेश की मूर्ति स्थापित की जाती है। जिसे लेकर गांव के लोग सुबह चंदा कलेक्शन और उसकी तैयारी कर रहे थे। इस बीच अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी। लेकिन लोगों ने सोचा कि दीपावली होने के कारण बच्चे आसपास के पटाखे छोड़ रहे होंगे। किसी ने उसे पर ध्यान नहीं दिया। कुछ देर के बाद अचानक एक व्यक्ति ने उसे घायल अवस्था में पड़ा हुआ देखा। इसके बाद गांव में सनसनी फैल गई। इस संबंध में पुलिस के पदाधिकारी ने बताया कि लगमा गांव में एक युवक के घायल अवस्था में पड़ा हुआ मिला था। इसके बाद पुलिस ने तत्काल ग्रामीणों के सहयोग से उसे उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के पदाधिकारी ने बताया की गोली लगने से उसकी मौत हुई है। लेकिन यह आत्महत्या है या हत्या पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

बाल विवाह बच्चों के लिए एक अभिशाप: सुरजमुनि

खबर मन्त्र संवाददाता

इटखोरी(चतरा)। जिला प्रशासन, समाज कल्याण के तत्वाधान में विभागीय निर्देश के आलोक में बाल विवाह, महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने के उद्देश्य से इटखोरी प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को सुरक्षित बचपन, सुखी जीवन के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि सुरजमुनि कुमारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, धनंजय तिवारी अध्यक्ष बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी), सोमनाथ बंकिरा बीडीओ, अनिल डुंगडुंग डीपीएम जेएसएलपीएस, अंकित कुमार यूनिसेफ व विभिन्न धर्मों के धर्म गुरुओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष श्री तिवारी व संचालन बीडीओ श्री बंकिरा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएसडब्ल्यूओ ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के लिए एक अभिशाप है। लोग बच्चों की पढ़ाई छुड़वाकर शादी करवा देते है जिससे बच्चों का भविष्य खराब होता है। बाल विवाह रोकने के लिए सरकार द्वारा सावित्री बाई फूले बालिका समृद्धि योजना, स्पॉन्सरशिप, छत्रवीर्ति सहित कई योजनाएं चलाई जा रही है। साथ ही इससे होने वाले दुष्प्रभाव की भी जानकारी दिया गया। वही अध्यक्ष धंजय तिवारी सीडब्ल्यूसी द्वारा बाल विवाह तथा उसे रोकने के लिए बने कानून, बच्चों के साथ होने वाले हिंसा व शोषण तथा पोक्सो कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। चर्चा के दौरान कहा गया कि बाल विवाह कानून अपराध तथा सामाजिक विकास में बाधक है। कानून के अनुसार बाल विवाह में शामिल दोषियों के लिए सजा एवं जुमार्ना का प्रावधान किया गया है। बाल विवाह, महिला एवं बच्चों के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए सभी लोगो को आगे आकर अपनी अपनी भूमिका सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। बाल विवाह एव बाल शोषण को रोकने के लिए 112 या 100 नंबर पर कॉल करे। यूनिसेफ के अंकित कुमार ने बाल विवाह एवं बाल शोषण को रोकने के लिए गांव स्तर से लेकर जिला स्तर तक बाल संरक्षण समिति का गठन और पदाधिकारियों की नियुक्ति आदि से संबंधित जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी। बीडीओ ने सभी से बाल विवाह से संबंधित जानकारी देते हुवे बाल विवाह की सूचना देने की बात कही। कार्यक्रम में पंचायती राज के प्रतिनिधि, धर्म गुरु, महिला पर्यवेक्षक, पंचायत सचिव, जेएसएलपीएस से जुड़े पदाधिकारी, कर्मी आदि ने भाग लिया।

बीआर इंटरनेशनल स्कूल में दीपोत्सव का आयोजन

कोडरमा। चाराडीह स्थित बीआर इंटरनेशनल स्कूल में दीपोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर अतिथि के रूप में शिव तारा विद्या मंदिर के प्राचार्य रमेश उपाया एवं समाजसेविका जूही दास गुप्ता उपस्थित रहे। वहीं विद्यालय के छात्रों के बीच कक्षा सह क्लास रूम डेकोरेशन एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को तीन समूह में बांटा गया, सीनियर वर्ग में वर्ग सप्तम से बारहवीं एवं जूनियर वर्ग में चतुर्थ से षष्ट एवं सब जूनियर में वर्ग प्रथम से तृतीय के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ग्रुप से बच्चों ने अपनी प्रतिभा को दिखाते हुए क्लास रूम की बेहतर सजावट किये, जिसमे बच्चों के द्वारा स्वयं बनाये गए एक से एक क्राफ्ट का उपयोग किया गया। वहीं रंगोली में भी बच्चों से समाज को संदेश देते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत भ्रूण हत्या बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चंद्रयान3 जैसे अनेक थीम का रंगोली बनाकर लोगों का मन मोह लिया।

जिला परिषद से जिले के 26 स्थानों पर लगाया जाएगा सोलर स्ट्रीट लाइट

ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास को लेकर बोर्ड गम्भीर है : रामान यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। जिला परिषद बोर्ड की बैठक अध्यक्ष रामान यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर स्वीकृति प्रदान की गई। इसके पूर्व विभिन्न विभागों से संचालित/क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा कर कई आवश्यक निर्देश देते हुए लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने को कहा गया। बैठक के बाबत जानकारी देते हुए जिप अध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए बोर्ड पूरी गम्भीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि बोर्ड की बैठक में सर्वसम्मति से कई योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर स्वीकृति प्रदान की गई है, इसके तहत जिले के 26 प्रमुख स्थानों पर सोलर स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन की स्वीकृति प्रदान की गई है, कचरा प्रबंधन के तहत प्लास्टिक प्रोसेसिंग यूनिट की योजना को 15वें वित्त टाइड मद से लिए जाने की स्वीकृति दी गयी, इसके अलावे पंचायत भवन मरम्मती एवं बाउन्ड्रीवाल के अवशेष कार्य की घटनोतर स्वीकृति, परिसम्पत्ति निर्माण मद से निर्मित हाट बाजार को बंदोबस्त करने के प्रस्ताव को पारित किया गया। बैठक में स्व आय से योजनाओं को क्रियान्वित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति देने के अलावे विद्युत और मत्स्य विभाग से सम्बंधित मामले की जांच के लिए कमिटी के गठन करने का निर्देश दिया। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, उपाध्यक्ष निर्मला देवी, जिप सदस्य शांति प्रिया, गुड़िया देवी, रीता देवी, महादेव राम, नीतू यादव, केदारनाथ यादव, प्रीति कुमारी, महेंद्र यादव, लक्ष्मण यादव, नीतू कुमारी, प्रमुख सुषमा देवी, अंजू देवी, सत्यनारायण यादव, मंजू देवी, ललिता देवी, विजय कुमार सिंह के अलावे विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

झामुमो ने किया जन आक्रोश सभा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

संबोधित करते पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव

भवनाथपुर। झामुमो द्वारा अपने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत शनिवार को स्थानीय पहाड़ी शिव मंदिर के प्रांगण में जन आक्रोश सभा का आयोजन किया गया। जन आक्रोश सभा में बतौर मुख्य अतिथि भवनाथपुर विस के पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव, झामुमो नेता ताहिर अंसारी, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर व केंद्रीय समिति सदस्य जिपस के शंभु चंद्रवंशी शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही खुद को क्षेत्र का बेटा कहते चलते है। जब इस क्षेत्र की एक बेटी जिपस रंजनी शर्मा के प्रयास से अस्पताल में डिजिटल एक्स-रे लाया गया तो वे अपना श्रेय लूटने के लिए एक्स-रे मशीन का उद्घाटन कर दिए। महिला जिप सदस्य जब इसका विरोध की तो उन्हें जान से मारने की धमकी दिलाया गया जो निंदनीय है। भानु प्रताप शाही ने एक महिला नहीं उन्होंने पूरे विस के महिलाओं के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि उनका नवजवान संघर्ष मोर्चा ही नक्सल का उपज थी, जिसे वे आज तक ढोते चल रहे है। राज्य सरकार द्वारा कराई जा रही विकास कार्यों को वें अपना श्रेय बताते चल रहे है। सभा को झामुमो नेता ताहिर अंसारी, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, मेराल प्रमुख दीपमाला कुमारी, शोभा देवी, दीपक प्रताप देव, धर्मराज पासवान, दीपक वर्मा, गोपाल उरांव, सुरेश गुप्ता, विशंभर राम, हिफाजत अंसारी, ब्रजेश सिंह, सुदेश्वर राम, मुक्तेश्वर पांडेय आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव व संचालन जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम ने की।

ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में रंगोली प्रतियोगिता का अयोजन

कोडरमा। ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वाशन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में हाउस वाइज एवं एकल रंगोली प्रतियोगिता का अयोजन किया गया, जिसमें बीएड सत्र 2022-24 एवं 2023-25 के प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग लिया। प्रशिक्षुओं द्वारा एक से बढ़कर एक कलात्मक एवं मनविभोर करने वाली कला का प्रदर्शन किया गया। हाउस वाइज में प्रथम स्थान-विवेकानंद हाउस, द्वितीय स्थान-एरिस्टोटल हाउस, तृतीय स्थान-रूसो हाउस एवं एकल प्रतियोगित में प्रथम स्थान-ज्योति प्रसाद (22-24), द्वितीय स्थान-मनीषा कुमारी (22-24), तृतीय स्थान-अनामिका कुमारी (23-25) ने प्राप्त किया। वहीं महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ.संजीता कुमारी ने सभी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि कला हमारी आंतरिक गुणों का विकास करती है, हमें कला को हमेशा आत्मसात करनी चाहिए। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या डॉ. मृदुला भगत ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

कोडरमा। चेचाई चाराडीह स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में दिवाली के शुभ अवसर पर बच्चों के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के तीनों हाउस भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव हाउस के बच्चों ने भाग लिया। सभी हाउस के बच्चों ने अपने निर्धारित समय में सामाजिक व आयात्मिक थीम पर एक से बढ़कर एक रंगोली बनाकर लोगों को संदेश दिया। वहीं भगत सिंह हाउस के बच्चों ने भगवान राम और सीता माता के चित्र को रंगोली में उकेरा। वहीं राजगुरु हाउस ने राधा-कृष्ण के रूप को रंगोली में सजाया एवं सुखदेव हाउस ने भारत का मानचित्र, चंद्रयान का मॉडल, राम मंदिर व गणपति जी का चित्र को अपने रंगोली में बनाया।

एक नजर में

पेशेवर जुआरी लगा रहे लाखों रुपये दांव पर, जुआ के अड्डे हैं गुलजार

मुकेश बर्णवाल

मरकच्चो (कोडरमा)। दीपावली करीब आते ही मरकच्चो थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में जगह-जगह जुए की महफिल सज गई है। पेशेवर जुआरी लाखों रुपये दांव पर लगा रहे हैं। वहीं दीपावली पर शौकीन लोग भी ताश के पत्ते फेंट रहे हैं, इससे जुआ के अड्डे गुलजार हैं। दोपहर होते ही जुआरियों का अड्डा जमा हो जाता है। थाना क्षेत्र के दरदाही के पंदना जंगल डुमरडीहा का चांदनी मैदान, देवीपूर के खेशमी, कादोडीह रोड स्थित मेदवापहरी व मां चोलखो पहाड़ी, मरकच्चो के आस पास सहित कई जगहों पर जुआ अड्डा लग रहा है। पंदना जंगल डुमरडीहा आदि जगहों में चल रहे जुआ अड्डा सुरक्षा के दृष्टिकोण से सही नहीं है। सूत्र बताता है कि जुआ खेलने को लेकर लोग काफी रकम लेकर आते है, ऐसे में उन जगहों पर अप्रिय घटना घटने से भी इंकार नहीं किया जा सकता। लेकिन इन बातों से अभी तक प्रशासन बेखबर है। जुआड़ियों की खुफिया तंत्र इतनी मजबूत होती है कि पुलिस की छापेमारी से पहले उसे पता भी चल जाता है। दिलचस्प बात यह है कि जुआ अड्डा पर जुआरियों के लिए खाने पीने की भी तमाम सुविधा संचालकों द्वारा मुहैया की जाती है। लजीज व्यंजन, शराब, पानी आदि के साथ-साथ गुटका, सिगरेट आदि की भी व्यवस्था किया जाता है, गली-मुहल्लों में जहां हजार-दो हजार के तो होटलों और बाजार में लाखों के दांव लगाए जा रहे हैं। पुलिस को सभी चीजों का ज्ञात होने के बावजूद चुपी सो हुवे है। वहीं कुछ लोगों ने बताया कि जुआड़ियों के द्वारा तकरीबन उक्त जगहों पर 10-15 लाख रुपए के दांव लगाए जा रहे हैं जो घने जंगलों के बीच में बैठकर 52 पत्तों का खेल खेला व खेलाया जा रहा है। जहां कभी भी जंगली जानवरों के द्वारा हमला भी किया जा सकता। सुरक्षा के दृष्टिकोण से उक्त जगह सेफ जोन नही है। लोगों ने यह भी बताया कि पन्दना जंगल तथा डूमरडीहा के चांदनी मैदान में जुआ खेलाने वालों के नियम सख्त है। पन्दना जंगल व डूमरडीह के चांदनी मैदान में जुआ के अड्डों के लिए नियम तय किए गए हैं, ताकि जंगल के अंदर का पूरा खेल बाहर कोई न जान पाए। बाहरी लोगों की इंट्री तभी होती है, जब सिंडिकेट का सदस्य उस पर हामी भरता है। मोबाइल अड्डे से बाहर रखना या बिना मोबाइल आना पहली शर्त है, जुआ खेलने वालों को अपने साथ सिर्फ पैसे लेकर आने की छूट है। क्षेत्र में हर वर्ष दीपावली से पहले जुआ माफियाओं के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करती थी, लेकिन इस बार पुलिस ने अभी तक कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की है। कई जुआ माफियाओं की जानकारी पुलिस को है, मगर चढ़ावा के आगे आंखें बंद कर रखी हैं।

सर्पदंश से युवक गंभीर

खबर मन्त्र संवाददाता

मरकच्चो (कोडरमा)। नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत विंडोमोह गांव में शनिवार की देर शाम खेत से गाय लेकर आने के दौरान एक युवक को सांप ने डस लिया और युवक की हालत बिगडने लगी। वहीं परिजनों ने तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। वहीं युवक की पहचान 25 वर्षीय विकास पासवान पिता बाजो पासवान चौबे निवासी है। मिली जानकारी के अनुसार यवक अपने मामा डोमन पासवान बिंडोमोह निवासी के घर में बचपन से रहकर पढ़ाई-लिखाई का कार्य कर रहा था। उक्त युवक अपने गाय को खेत से लेकर आ रहा था, इसी दौरान खेत में सांप ने डस लिया। जिसके बाद उक्त युवक के परिजनों ने अनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गये।

सदर अस्पताल चिकित्सक के निजी क्लिनिक कर्मी ने की मरीज से रूपये की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। सदर अस्पताल में ऑपरेशन करने के एवज में चिकित्सक के द्वारा पैसे लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। बताते चले कि 45 वर्षीय मो. मुस्तकीम अंसारी पिता जुमंन मियां पुरनाडीह डोमचांच निवासी को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया जाता है। उक्त घटना में मो. मुस्तकीम अंसारी दोनों हाथ में गंभीर चोट आई थी, जिसका ऑपरेशन हड्डी रोग चिकित्सक डॉ. नंजय कुमार के द्वारा किया जाता है और फिर अस्पताल से छुट्टी दे दी जाती है।

घायल मरीज के परिजन शमशाद अंसारी के द्वारा जानकारी दिया गया कि हाथ के ऑपरेशन के एवज में डॉ.नंजय कुमार के पमपम नामक स्टाफ के द्वारा लगातार पैसे की मांग की जा रही थी। उनका कहना था कि सदर अस्पताल में व्यवस्था नहीं है, इसलिए कुछ सामान बाहर से लाना पड़ेगा, जिसके लिए आपको 12 हजार रूपये देना होगा। मैं गिड़गिड़ाया बहुत मिन्तें की हाथ जोड़ा तो 5 हजार में बात तय हुई और फिर मंगलवार की दोपहर बताए गए पे-फोन नंबर पर 5 हजार रुपये भेज कर उक्त स्टाफ को स्क्रीनशॉट भेज दिया। जिसके बाद शाम करीब 5:00 बजे ऑपरेशन किया गया।

मरीज के परिजनों से पैसे मांगते पकड़ा गया पमपम : गुरुवार को ही अस्पताल प्रबांन को डॉ.नंजय कुमार के निजी क्लिनिक के स्टाफ पमपम के द्वारा ऑपरेशन के एवज में मरीज के परिजन से पैसे मांगने की बात पता चली। जिसके बाद अस्पताल में मौजूद गार्ड के द्वारा उक्त स्टाफ को पकड़ लिया जाता है और फिर उसे कोडरमा पुलिस के हवाले कर दिया जाता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाने को किसी प्रकार की शिकायत नहीं मिलने पर स्टाफ पमपम को कोडरमा थाने से छोड़ दिया जाता है। जो कि डॉ. नंजय कुमार के निजी क्लीनिक का स्टाफ था और अवैा वसूली का काम सदर अस्पताल में बराबर कर रहा था।

क्या कहते हैं डॉ. धनंजय कुमार : डॉ. धनंजय कुमार का कहना है कि पमपम नामक व्यक्ति जो कि करीब 20 दिनों से मेरे निजी क्लीनिक में कार्य कर रहा था, जिसके द्वारा पे-फोन पर पैसा मंगाया गया था और वह पैसा पमपम ले चुका है।

उन्होंने बताया कि पैसे मांगने की बात सामने आई थी। जिसके बाद अस्पताल प्रबांन के द्वारा उसे पुलिस को भी सुपूर्द किया गया था और मैंने भी उसे अपने क्लीनिक से निकाल दिया।

डीएस ने क्या कहा : सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. रंजीत कुमार का कहना है कि पैसे की लेनदेन का मामला सामने आने पर एक व्यक्ति को पकड़ा गया था और उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया था। जब उनसे 5 हज़ार रुपये ऑपरेशन के एवज़ में लिये जाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि इसकी जांच की जा रही है।

स्पीड न्यूज

ग्रीन फील्ड प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मना दीप उत्सव

दीप जलाते बच्चें।

चंदवा। स्थानीय ग्रीन फील्ड एकेडमी प्रांगण में शनिवार को दीपावली के अवसर पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों के द्वारा भगवान श्रीराम चन्द्र के अयोध्या आगमन प्रसंग को लघु नाटक के रूप में प्रस्तुत कर लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर नृत्य-संगीत के साथ रंगोली, दीया सजावट किया जो लोगो को खूब पसंद आया। विद्यालय के प्राचार्य उदय नारायण कपूर ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को दीपावली की बधाई दी व अंधेरे पर प्रकाश के विजय के महत्व को बताया साथ ही पटाखे और फुलझड़ियां जलाकर बच्चों के साथ दीपावली भी मनाई। विद्यालय के चेयरमैन आनंदी सोरेंग व अनुराधा सिंह ने सभी को सुरक्षित तरीके से दीपावली मनाने की भी बात कही। मौके पर विद्यालय परिवार के शिक्षक समेत सैकड़ो की संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

हिंडाल्को टोरी के सहयोग से छठ घाट पर चला सफाई अभियान

चंदवा। आगामी लोक आस्था का महापर्व छठ की तैयारी को लेकर श्रद्धालु समिति पूजा समितियां तैयारियों को तेज कर दिया है। शनिवार को पूजा समितियों के द्वारा चंदवा के देवनद तट पर हिंडाल्को टोरी साइडिंग के सहयोग से सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान पेलोडर वाहन की मदद से नदी में जमे गंदगी एवं आसपास की साफ सफाई की गई। बता दें कि छठ महापर्व के दौरान छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को सुविधा मुहैया करने को लेकर छठ पूजा समिति, विवेकानंद किशोर संस्थान, युवा भारत समेत कई संस्थान तन्मयता के साथ लगा हुआ है।

सोहराई जतरा मेला व नागपुरी कार्यक्रम का सफल संचालन को लेकर हुई बैठक

बैठक में उपस्थित लोग।

बारियातू। प्रखंड अंतर्गत फुलबसिया अमरवाडीह में दीपावली के अवसर पर सोहराई जतरा एवं संस्कृति कार्यक्रम को लेकर सोमनाथ गँझू की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमे 13 नवंबर को जतरा मेला व आधुनिक नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम को सफल संचालन के लिए कमिटी का भी चयन किया गया। जिसमे अध्यक्ष महेन्द्र उरांव, उपाध्यक्ष सोमनाथ गंझु, धाधु गंझु सचिव त्रिवेणी गंझु, कोषाध्यक्ष प्रभु गंझू उपसचिव अशिश ठाकुर बिजय उरांव, उपकोषाध्यक्ष उमेश उरांव चमन गंझू कार्यकारिणी सदस्य राजेन्द्र उरांव,खुशियाल गंझु, बिनोद उरांव,धानेशर गंझू, गंगाधर गंझू, रामकुमार उरांव, सुदर्शन उरांव गोलु गंझू गनेश गंझू बनाए गए। वहीं नागपुरी कार्यक्रम के लिए झारखण्ड के जानेमाने कलाकार स्वेना कच्छप सहित अन्य टीम 13 नवंबर को दो-दो बजे से रंगारंग कार्यक्रम करेंगे।

सेरक में किसान को दिया गया 5 दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण

मौके पर मौजूद लोग।

चंदवा। प्रखण्ड के सेरक पंचायत में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग) द्वारा उद्यान विकास योजना अंतर्गत किसानों को 5 दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण दिया गया। जिसका समापन शनिवार को हो गया। प्रशिक्षण के दौरान बतौर प्रशिक्षक भूषण मुंडा, शुभम कुमार कुशवाहा, आदिल खान व अंकित कुमार ने दर्जनों किसानों को उद्यानिकी से संबंधित प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के उपरांत उद्यान विभाग के जिला उद्यान पदाधिकारी अमरितेश सिंह, विद्याघर सिंह मुंडा, मुखिया अनिता भगत व अन्य अतिथियों ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले किसान बसंत साव, एतवा उरांव, तीर्थनाथ भगत, रश्मि देवी, प्रियंका देवी, सिबेन उरांव, अणिमा उरांव व अन्य किसानों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में आदिवासी कृषक महिला कल्याण परिषद रांची ने भी सराहनीय योगदान दिया। मौके पर मुखिया पति महेश भगत, उप मुखिया शांति देवी, पडहा राजा धनलाल उरांव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

तेतरियाखाड़ कोलियरी में तीसरे दिन भी धरना जारी

बालूमाथ। सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखाड़ कोलियरी में प्रणाम नमन कंपनी द्वारा विस्थापितों को नौकरी से निकले जाने के बाद तीसरे दिन भी धरना जारी रहा। शनिवार को बसिया पंचायत के मुखिया विमला देवी एवं पंचायत समिति सदस्य रीना देवी धरना स्थल पर पहुंचकर विस्थापितों की मांग को जायज बताते हुए धरना का समर्थन किया। मुखिया विमला देवी ने कहा कि प्रणव नमन कंपनी वर्ष 2021 में कार्य शुरूआत करने से पहले लिखित समझौता किया था जिसमें 80 विस्थापितों को नौकरी देने एक ऐंबुलेंस व नियमित जल छिड़काव समेत कई आश्वासन दिया था। लेकिन कंपनी द्वारा रखे गए 20 से 25 लोगों को नौकरी से निकाल दिया गया है इसी को लेकर तीन दिनों से धरना जारी है।

आरोपी को संरक्षण देने का काम कर रही है पुलिस जल्द से जल्द जेल नहीं भेजा तो करेंगे सड़क जाम: मुनेश्वर सिंह

दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेजने को लेकर माले ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस

- बीते दिन पूर्व एसबीआई बैंक के फील्ड मैनेजर के द्वारा नाबालिक युवक के साथ दुष्कर्म करने का किया गया था प्रयास

खबर मन्त्र संवाददाता

प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित लोग।

मनिका। मनिका थाना क्षेत्र के प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा सहायता केंद्र में भाकपा माले के प्रखंड अध्यक्ष मुनेश्वर सिंह की अध्यक्षता में,दुष्कर्म करने के प्रयास के आरोपी को पुलिस के द्वारा जेल नहीं भेजने के विरोध में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जहां प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से मुनेश्वर सिंह ने कहा कि बीते दिन पूर्व मनिका थाना क्षेत्र के हाई स्कूल में पढ़ने वाले आदिवासी नाबालिक युवक के साथ भारतीय स्टेट बैंक शाखा मनिका में कार्यरत फील्ड मैनेजर रौनक शुक्ला के द्वारा जबरदस्ती दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया था। जिसके बाद पीड़ित के पिता, भाकपा माले प्रखंड कमेटी और सामाजिक कार्यकताओं के द्वारा 7 नवंबर दिन मंगलवार को मनिका थाना में मैनेजर के खिलाफ आवेदन देकर एफआईआर दर्ज करवाई गई थी। उन्होंने कहा कि लगभग 1 सप्ताह होने के बाद भी मनिका पुलिस के द्वारा आरोपी मैनेजर को जेल नहीं भेजा गया है पुलिस अपराधियों को संरक्षण देने का काम कर रही है मामले पर कार्रवाई करने की जगह पुलिस चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस अपने रवैया में सुधार नहीं करती है और सोमवार तक आरोपी को जेल नहीं भेजा जाता है तो हम लोग मंगलवार को प्रतिवाद मार्च करते हुए राष्ट्रीय मार्ग 39 को जाम कर देंगे और इसका जिम्मेवार थाना प्रभारी मनिका राणा भानु प्रताप सिंह होंगे। मौके पर किसान महासभा अध्यक्ष धनेश्वर सिंह, माले नेता अजय यादव, आर.वाई.के संजय सिंह, आइसा सचिव नागेंद्र राम, रामजीत सिंह, लाल सहाय उराँव, सुरेश उराँव, निलेश्वर उराँव, बालेश्वर उराँव, बुटन उराँव, करीमन मोची, रामदयाल सिंह, राम निहोरा सिंह, बिरबल सिंह, रामलाल सिंह, फनेश्वर सिंह, बालेश्वर सिंह, ग्राम स्वराज मजदूर संघ सचिव गुलाब सिंह, सदस्य पचाठी सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

गलत तरीके से नदी और सड़क की जमीन को कराया गया है बंदोबस्त : उप प्रमुख

नदी और सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग को लेकर सीओ को सौंपा मांगपत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

सीओ को मांगपत्र सौंपते ग्रामीण।

बरवाडीह। नदी और सड़क में किए गए अतिक्रमण पर रोक लगाने को लेकर शनिवार को खुरा पंचायत के लंका ग्राम के लोगों ने उप प्रमुख विरेंद्र जयसवाल के नेतृत्व में बरवाडीह अंचलाधिकारी राकेश सहाय को हस्ताक्षर युक्त आवेदन सौंपा है। दिए गए आवेदन में ग्रामीणों ने बताया है कि स्थानीय निवासी रामावतार राम, पिता स्वर्गीय रामवृक्ष राम के द्वारा गलत तरीके से जमीन को बंदोबस्त कराए गया है। उक्त जमीन पुराना खाता संख्या 23, प्लॉट संख्या 28 रखवा 3:30 एकड़ है। इसी प्लॉट में सड़क एवं नदी दोनों हैं, और इसी प्लॉट से होकर साई मंदिर जाने का रास्ता है, जो दो पंचायत को जोड़ता है। वर्तमान में रामअवतार राम के पुत्र वीरेंद्र राम के द्वारा जेसीबी के माध्यम से सड़क एवं नदी में पहाड़ जैसा मिट्टी डालकर पूरी तरह सड़क को अवरोध कर दिया गया है। ग्रामीणों की मांग है कि उक्त जमीन का बंदोबस्त खारिज कर सड़क को चालू किया जाए। जिससे आवागमन शुरू हो सके। आवेदन के माध्यम से उन्होंने वीरेंद्र राम पर धमकी देने का भी आरोप लगाया है। बताया कि पूरे मामले को लेकर शनिवार को स्थानीय विद्यालय परिसर में ग्रामीणों की बैठक की गई थी। जिसमें ग्रामीणों के द्वारा बुलाए जाने के बाद भी वह लोग बैठक में उपस्थित नहीं हुए। ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी से मामले की उचित जांच करते हुए कानूनी कार्रवाई करने के मांग की है।

जो पुराने पेंशन को बहाल करेगा, वही देश पर राज करेगा: ईसीआरकेयू

खबर मन्त्र संवाददाता

चंदवा। एकजुट आंदोलन से ही सफलता मिलती है। उक्त कथन टोरी प्लेटफार्म पर उपस्थित रेलकर्मियों को संबोधित करते हुए ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन ने कहीं। वे मुंबई में आयोजित एआईआरएफ के वार्षिक सम्मेलन में भाग लेकर पलामू एक्स्प्रेस ट्रेन द्वारा बरकाकाना वापस लौट रहे थे।टोरी आगमन पर टोरी क्षेत्र के रेलकर्मियों ने ईसीआरकेयू बरकाकाना शाखा के संगठन सचिव विकास कुमार के नेतृत्व में केन्द्रीय नेताओं का फूल मालाओं और इंकलाबी नारों से स्वागत किया। मौके पर उपस्थित रेलकर्मियों से मो ज्याऊद्दीन ने कहा कि फेडरेशन के नेतृत्व में संयुक्त फोरम का गठन किया गया है जो नये पेंशन प्रणाली को समाप्त कर पुराने सुनिश्चित पेंशन बहाली के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन कर रहा है। 10 अगस्त को दिल्ली के रामलीला मैदान में लाखों की संख्या में रेलकर्मियों सहित अन्य केन्द्रीय और राज्य के कर्मचारियों, शिक्षक संघों, रक्षा मंत्रालय के सिविल कर्मचारियों आदि ने उपस्थित होकर पुराने पेंशन की बहाली के लिए केन्द्र सरकार के समक्ष अपनी ताकत का जोरदार प्रदर्शन किया है। और इसके बाद भी सरकार की नींद नहीं टूटी है। अतः फेडरेशन के मुंबई सम्मेलन में यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि पेंशन बहाली के लिए रेलकर्मियों द्वारा फेडरेशन के नेतृत्व में रेल हड़ताल किया जाएगा। उन्होंने अपील की कि 21 और 22 नवंबर को आपके पास यह मौका है कि आप मतदान द्वारा इस हड़ताल का समर्थन करें। मौके पर एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओपी शर्मा ने कहा कि ईसीआरकेयू द्वारा ट्रैक मेन्टेनर, प्वाइंट मैन और रनिंग कर्मचारियों को बेहतर पदोन्नति और उच्चतम ग्रेड पे दिलाने, एल डी सी ई ओपन टू ऑल करने, जोखिम कार्य करने वाले रेलकर्मियों को जोखिम भत्ता दिलाने,बोनस की सिलिंग बढ़ाने सहित अन्य महत्वपूर्ण मांगों के लिए संघर्ष जारी है। मौके पर अकलेशवर महतो, धिरज कुमार, संतोष कुमार, द्ववारिका नाथ, गौतम मुनि, घनश्याम, टिंकू, कमलेश, सुशांत कुमार, अभिमन्यु सिंह मौजूद थे।

युथ क्लब बरछिया द्वारा आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ फाइनल

खबर मन्त्र संवाददाता

विजेता टीम को पुरस्कृत करती बीडीओ।

बारियातू। प्रखण्ड मुख्यालय के बरछिया स्थित खेल मैदान में युथ क्लब बरछिया द्वारा आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शुक्रवार को खेला गया फाइनल मुकाबला एसटी ब्रदर्स क्लब कल्याणपुर बनाम एसटी क्लब चेडरा के बीच खेला गया। मैच में मुख्य अतिथि स्वरूप बीडीओ प्रतिमा कुमारी, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य रमेश राम उपस्थित रहे। खेल शुरू होने से पहले अतिथियों द्वारा दोनों टीमों से परिचय प्राप्त कर राष्ट्रगान के साथ आरम्भ किया गया। दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला चला। दोनों टीमों ने मध्यांतर तक कोई गोल नहीं दाग पाया। दर्शकों द्वारा खेल को और भी रोमांचक बनाने के लिए पहले गोल डालने वाले टीम को आकर्षक इनाम देने का बार-बार अनाउंस किया जा रहा था। मध्यांतर के बाद खेल के अंतिम क्षणों में एसटी ब्रदर्स क्लब कल्याणपुर के टीम ने एक गोल डाल कर फाइनल मुकाबला अपने नाम कर लिया। कमिटी के द्वारा विजेता टीम एसटी ब्रदर्स क्लब कल्याणपुर को कप,एक बड़ा खस्सी के साथ 20 हजार नगद, उपविजेता टीम एसटी क्लब चेडरा को कप खस्सी और 15 हजार नकद, तृतीय स्थान पर रहने वाले टीम आजाद क्लब धमधमिया को कप खस्सी व 10 हजार नगद वहीं चौथा स्थान पर रहने वाले टीम डकरा क्लब डकरा को कप खस्सी व पांच हजार रुपए नगद देकर आये सभी अतिथियों व कमेटी के सदस्यों के हाथों पुरूस्कृत किया गया। वहीं जिला परिषद सदस्य रमेश राम ने खेल के प्रति लोगों को उत्साहित किया। टूर्नामेंट को सफल बनाने मे क्लब के अध्यक्षत जीतू उरांव, सचिव राजेश यादव, देवलाल उरांव, उपसचिव अनिल गुप्ता, अनिकेत उरांव, कोषाध्यक्ष-संतोष उरांव, दीपक यादव के अलावा पूरी टीम ने अपना पूरा योगदान दिया। वहीं मंच का संचालन राजेश यादव ने किया। इससे पूर्व सेमिफाइनल मुकाबला डकरा क्लब डकरा बनाम एसटी क्लब चेडरा व आजाद क्लब धमधमिया बनाम एसटी ब्रदर्स क्लब कल्याणपुर के बीच खेला गया। जिसमें एसटी ब्रदर्स क्लब कल्याणपुर व एसटी क्लब चेडरा ने अपने अपने विपक्षी टीम को एक एक गोल से हराकर कर फाइनल में अपना स्थान बनाया। जबकि आजाद क्लब धमधमिया के टीम ने डकरा क्लब डकरा को हरा कर तीसरे स्थान पर रहा। और डकरा क्लब डकरा के टीम ने चौथा स्थान प्राप्त किया। मौके पर सैकड़ों ग्रामीण एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे।

डीएवी पब्लिक स्कूल में अन्तरसदनीय खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

लातेहार। स्थानीय जलता स्थित भोला शरण डीएवी पब्लिक स्कूल लातेहार में शनिवार को अन्तरसदनीय खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। सी.सी.ए का पाठ्य सहगामी क्रिया कलाप कार्यक्रम के तहत एलकेजी, यूकेजी के छोटे बच्चों को अनेक प्रकार का एक्टिविटी गेम और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता करवाया गया। वहीं कक्षा एक से ऊपर के बच्चों के लिए इनडोर और आउटडोर खेल प्रतियोगिता कराया गया। जिसमें सैकड़ों विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में अपनी-अपनी प्रतिभा दिखाई।

इस खेल प्रतियोगिता का उद्घघाटन विद्यालय के प्रार्थना सभा प्रशाल में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने विद्यालय के सीसीए इंचार्ज सूरज कुमार मिश्रा, इवेंट मैनेजर राकेश रंजन तिवारी, अरुण कुमार पांडेय, विभिन्न खेलों के इवेंट कॉर्डिनेटर रवि प्रकाश तिवारी, बसंत कुमार, शकुंतला पाल, सुशील कुमार दुबे, रुक्मणि, आसिफ, कुंदन, के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। वहीं प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन, सी.सी.ए प्रभारी सूरज कुमार ने बच्चों को संबोधित किया। इस खेल प्रतियोगिता में कई खेलों का आयोजन किया गया। विभिन्न खेलों के प्रतियोगिता में बच्चों ने काफी सराहनीय प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मंच संचालन करते हुए शिक्षक अरुण कुमार पांडेय ने विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को और बच्चों को, अभिभावकों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद कहा।

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

बैठक में उपस्थित लोग।

बारियातू। प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार परिसर में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने किया। बैठक में बीस सुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, उप प्रमुख निशा शाहदेव, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, अंचलाधिकारी नंद कुमार राम मौजूद रहे। बैठक में 24 नवंबर से शुरू हो रही आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। साथ ही कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी मुखिया से अपनी सहभागिता को सुनिश्चित करने को कहा गया। इस दौरान बीडीओ कुमारी ने कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं लाभुकों को योजनाओं से आच्छादित करने की प्रक्रियाओं की जानकारी दी। बीस सुत्री अध्यक्ष गंझु ने बताया कि सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर आपकी योजना- आपकी सरकार, आपके द्वार 24 नवंबर से 23 दिसम्बर तक चलाया जाएगा। बैठक में उपस्थित प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधि, मुखिया, पंसस, सभी विभागों के कर्मियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को सभी आमजनों तक कैसे पहुंचे इसके लिए विभागीय कर्मियों के साथ प्रतिनिधियों का सामंजस्य ठीक से स्थापित हो इस पर चर्चा की गई। मौके पर मुखिया राजिव भगत, सुरेश उरांव, केदार गंझु, तेतरी देवी सहित कई पंचायत प्रतिनिधि के साथ-साथ प्रखंड व अंचल कर्मी उपस्थित थे।

बीडीओ राकेश सहाय ने एकलव्य विद्यालय का निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा

15 नवम्बर को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का होगा उदघाटन

- विद्यालय से जुड़ी आवश्यक संसाधनों को सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

विद्यालय का निरीक्षण करते बीडीओ राकेश सहाय।

बरवाडीह। बरवाडीह प्रखण्ड के मंगरा ग्राम में नवनिर्मित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में अब शीघ्र ही पढ़ाई प्रारंभ होने की संभावना है। 15 नवंबर को विद्यालय का ऑनलाइन उदघाटन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों किया जाना सुनिश्चित हुआ है। इधर उदघाटन समारोह की तैयारियों को पूर्ण कराने को लेकर प्रखण्ड प्रशासनिक महकमा पूरे जोर शोर से जुट गया है। जिसे लेकर शनिवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय और आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण ने नवनिर्मित एकलव्य आवासीय विद्यालय का जायजा लिया। विद्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद संवेदक को उदघाटन समारोह के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बीडीओ ने बताया कि आगामी 15 नवम्बर झारखण्ड स्थापना दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी झारखंड का दौरा करेंगे। इस दौरान वह राज्य के विभिन्न जिलों में बनाए गए लगभग 20 एकलव्य विद्यालय का ऑनलाइन उदघाटन करेंगे। इसलिए विद्यालय से जुड़ी आवश्यक संसाधनों को सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मसलन पानी, बिजली और फर्नीचर इत्यादि की उपलब्धता विद्यालय में होनी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मंगरा गांव में एकलव्य विद्यालय के खुलने से ग्रामीण इलाके के बच्चे काफी लाभान्वित होंगे। मौके पर कई प्रखण्ड कर्मी मौजूद थे।

एक नजर में

प्रशासन से छठ महापर्व के मद्देनजर सड़क पर बह रहे गन्दे पानी से निजात दिलाने का किया आग्रह

सड़क पर बहता पानी।

चंदवा। आगामी लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर तैयारी आरंभ हो गई है। इस पावन त्यौहार पर लोग शुद्धता का विशेष ख्याल रखते हैं। एक ओर लोग व्रतियों को आने जाने वाले रास्तों की साथ सफाई में जुटे हैं, वहीं दूसरी ओर शुक्रवार बाजारटांड़ हरैया से ठाकुरबाड़ी होते हुए मेंन रोड निकलने वाले पीसीसी सड़क पर घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रखंड प्रशासन से मांग किया है कि इस रास्ते में बह रहे गंदा पानी से निजात दिलाने की मांग की है। लोगो ने बताया कि कई लोग अपने सेप्टिक टैंक का पानी भी रात 10:00 बजे के बाद सड़क पर बहा देते हैं जिसके कारण लोगों को आम दिनों में भी पैदल चलने में काफी कठिनाई होती है। स्थानीय लोगों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक से मांग किया है कि उक्त सड़क का निरीक्षण कर दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई करें। सड़क पर पानी बहाने वालों को कई बार रोका गया, लेकिन वह मानते नहीं है, ऐसे में विवाद की स्थिति भी उत्पन्न होने की संभावना है।

तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को मारा धक्का रिम्स रेफर

बालूमाथ। बालूमाथ थाना चौक में शनिवार की अहले सुबह लगभग 6:30 बजे तेज रफ्तार ट्रक में महेंद्र साब 45 वर्ष पिता स्वर्गीय सुखाडी साब ग्राम तेली टोला बालूमाथ को धक्का मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से घायल महेंद्र साव को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर संजय सिद्धार्थ द्वारा प्राथमिक ईलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर ईलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। बताया जाता है कि ट्रक चालक तेज रफ्तार से बालूमाथ बस स्टैंड पार कर रहा था तथा चालक शराब के नशे में धुत होने के कारण वह अपना संतुलन वाहन से खो दिया और महेंद्र साव को धक्का मारते हुए एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दिया। जिससे मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गया और उसी रफ्तार में भागने लगा ट्रक ड्राइवर की चपेट में आने से वहा खड़े लगभग एक दर्जन लोग उसकी चपेट में आने से बच गए। घटना के बाद बालूमाथ पुलिस ट्रक को कब्जे में कर लिया है।

अज्ञात अपराधियों ने उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण में लगे मिक्सर मशीन को किया आग के हवाले

जला हुआ मिक्सर मशीन।

मनिका। मनिका थाना क्षेत्र के नामुदाग पंचायत स्थित मानिकडीह में दिन शुक्रवार की रात्रि में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य में लगे मिक्सर मशीन को अज्ञात अपराधियों के द्वारा आग लगा दिया गया। वहीं अपराधियों ने निमार्णाधीन भवन में भी तोड़फोड़ किया। उक्त भवन का निर्माण विभाग से कराया जा रहा है। वहीं अगल-बगल के लोगों से पूछे जाने पर कोई कुछ बताने से इनकार कर रहे हैं। वही एक ग्रामीण ने नाम नहीं बताने के शर्त पर बताया कि शुक्रवार की रात्रि में कुछ हथियारबंद लोग आकर घटना को अंजाम दिए हैं। घटना के बाद अगल-बगल के ग्रामीण के बीच दशक एवं डर का माहौल देखा जा रहा है। अगल-बगल के लोग घटना के बारे में आपस में चर्चा कर रहे हैं लेकिन मीडिया के समक्ष कुछ बोलने से परहेज कर रहे हैं। वही खबर लिखे जाने तक पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुंची थी।

स्पीड न्यूज

जरूरतमंदों के बीच दीया-बाती का वितरण

गढ़वा। जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में शहर के सरस्वती नदी के पुल पर पत्तल व दोना बेचने वाले गरीब महिलाओं, रिक्शा चालक, ठेला चालक एवं मजदूरों के बीच दिवाली के अवसर पर दिया, बाती, सरसो तेल, चॉकलेट एवं मोतीचूर लड्डू के पैकेट का वितरण गया। मौके पर पदाधिकारियो ने कहा कि जायंट्स त्यौहार में भी गरीबों, जरूरतमंदों की सुख-दुख का हिस्सेदार बनती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता ने की। मौके पर मुख्य रूप से विजय केशरी, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, मदन प्रसाद केशरी फेडरेशन 8 के वर्तमान उपाध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता, जायंट्स के पूर्व अध्यक्ष अशोक गुप्ता, जायंट्स सदस्य मनदीप प्रसाद, रविंद्र केशरी, सृजन आनंद, अनन्त दुबे आदि लोग उपस्थित थे।

किसानों के बीच सरसों बीज का वितरण

मझिआंव। प्रखंड क्षेत्र के रामपुर पंचायत स्थित जाहर सरई गांव में कृषक प्रक्षेत्र पाठशाला कार्यक्रम आयोजित कर किसानों के बीच सरसों बीज का वितरण किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीटीएम दयानंद पांडेय ने बताया कि इस कार्यक्रम में वैसे किसानों के बीच सरसों बीच का वितरण किया गया है,बीजो ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी में रजिस्टर्ड है। कहा कि रामपुर पंचायत कि मुखिया छाया कुमारी के प्रतिनिधि रमेश कुमार पासवान के द्वारा ब्लॉक चैन टेक्नोलॉजी में रजिस्टर्ड किसानों के बीच सरसों बीज का वितरण किया गया। इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि रमेश कुमार पासवान एवं वार्ड सदस्य रूपदेव चौधरी के अलावे काफी संख्या में रजिस्टर्ड किसान उपस्थित थे।

उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत शिक्षक की मौत

धुरकी। प्रखंड अन्तर्गत धुरकी सदर निवासी सेवानिवृत शिक्षक बृजमोहन कोरवा की मौत रांची के रिम्स अस्पताल में ब्रेन हेमरेज से हो गई। ज्ञात हो कि उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक बृजमोहन कोरवा का शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान था। उन्हें राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार भी माना जाता था। बृजमोहन कोरवा का निधन शिक्षकों के लिए अपूर्णीय क्षति है। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव धुरकी में किया जाएगा। शोक व्यक्त करने वालों में टूटू सिंह, मनोज कुमार सिंह, रामप्रवेश राम, युवा समाजसेवी महताब आलम, समाजसेवी मिट्टू जायसवाल, सेवानिवृत शिक्षक सह बीडीसी कृष्ण सिंह, मुन्ना भारती, एकबाल खान, भरदुल यादव, राजकुमार यादव, मो. एजाज अहमद, रामलाल चंद्रवंशी, उमेश्वर राम, अरविंद यादव, मो. आलम कादरी आदि का नाम शामिल है।

अबुल कलाम आजाद की 135वीं जयंती मनाई गई

चतरा। एएम सिद्दीकी पब्लिक स्कूल वादी इरफान चतरा में भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। मौलाना अबुल कलाम आजाद की उपलब्धियों पर एक सेमिनार भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पवित्र कुरान की तिलावत से हुई। मुख्य अतिथि निदेशक प्रोफेसर मोहम्मद उमर फारूक ने मौलाना आजाद के जीवन एवं उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए कहा कि मौलाना अपने आप में एक आंदोलन थे. उनका जन्म 11 नवंबर 1888 को मक्का में हुआ था। भारत की आजादी में मौलाना आजाद का कार्य अद्वितीय है। देश की आजादी में दिया गया बलिदान सदैव याद रखा जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मौलाना अब्दुल रशीद ने कहा कि मौलाना आजाद देश के पहले शिक्षा मंत्री बने और शिक्षा के क्षेत्र में उनकी अविस्मरणीय सेवाओं को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मौलाना के जीवन पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक मोहम्मद आरिफ, इजाज अहमद आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

बिहार में आरक्षण का दायरा बढ़ते ही तेज हुई अति पिछड़ा वोट बैंक की राजनीति

खबर मन्त्र संवाददाता

पटना। जातिगत गणना और आरक्षण का दायरा बढ़ाने के बाद बिहार में सबसे बड़ी जाति के तौर पर उभरे अति पिछड़ा को अपने पाले में करने की कवायद तेज हो गई है। वैसे तो तमाम पार्टियों की नजरें अति पिछड़ा वोट बैंक पर टिक गई हैं। लेकिन, बीजेपी और जेडीयू इस वोट बैंक को अपनी ओर खींचने के लिए सबसे अधिक जोर लगा रही है। दरअसल बिहार में जातिगत गणना रिपोर्ट आने के बाद नीतीश सरकार ने आरक्षण का दायरा बढ़ा देश की सियासत में हलचल तेज कर दी है। इसे लेकर बिहार की सियासत में भी सरगर्मी तेज है। लेकिन, इसी सियासी सरगर्मी के बीच बिहार में सबसे बड़ी आबादी के तौर पर उभरे अति पिछड़ा वोटरों पर तमाम सियासी दलों की निगाहें टिक गई है और इस वोट बैंक को अपने पाले में करने के लिए तमाम पार्टियों ने अपनी ताकत झोंकनी शुरू कर दी है। लेकिन सबसे आक्रामक है बीजेपी और जेडीयू। जदयू ने तो अपने पार्टी के अति पिछड़ा नेताओं को अति पिछड़ा समाज में भेजने की तैयारी भी शुरू कर दी है। जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा कहते हैं कि नीतीश कुमार ने ऐसे तो तमाम जातियों के लिए काम किया है। लेकिन, सबसे उन्होंने अति पिछड़ा समाज को सबसे अधिक बढ़ाया है। इस बार भी अति पिछड़ा समुदाय के लिए सबसे अधिक 25 प्रतिशत आरक्षण दिया है। इसीलिए जदयू ने तय किया है कि जदयू के अतिपिछड़ा नेता और कार्यकर्ता अतिपिछड़ा समाज में जाकर लोगों को बताएंगे कि नीतीश कुमार ने उनके लिए क्या किया है। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष के बात से साफ है कि बिहार में अति पिछड़ा वोट बैंक का क्या महत्व है। माना जाता है कि अति पिछड़ा वोट बैंक पर नीतीश कुमार की मजबूत पकड़ है और आरक्षण का दायरा बढ़ाने में सबसे ज्यादा ध्यान भी अति पिछड़ा समुदाय पर ही जदयू के तरफ से दिया गया है। यह वोट बैंक जदयू के साथ मजबूती से रहे पार्टी इसका पूरा ध्यान खने की कोशिश में है। वहीं बीजेपी भी लगातार अति पिछड़ा, वोट बैंक पर नजरें गड़ाए हुए है और इसे ऐसे समझा जा सकता है कि पहले जातिगत गणना में अति पिछड़ा की संख्या कम करने का आरोप लगाया। अब बीजेपी अति पिछड़ा के आरक्षण के दायरे को 25 से बढ़ाकर 30 प्रतिशत करने की इस वोट बैंक को मैसेज देने की तैयारी में है। सम्राट चौधरी प्रदेश अध्यक्ष बीजेपी कहते हैं कि जातिगत गणना के बाद जो आबादी अति पिछड़ा की आई है उसके बाद अति पिछड़ा के लिए जो बिहार सरकार ने आरक्षण का दायरा बढ़ाया है। 25 प्रतिशत वो सही नहीं है बल्कि अति पिछड़ा की आबादी जो 36 प्रतिशत है उसके हिसाब से आरक्षण का दायरा 30 प्रतिशत प्रतिशत होना चाहिए। ऐसे में जाहिर है कि इस बार अति पिछड़ा वोटर बेहद निर्णायक होने वाले हैं और दोनों पार्टियों जदयू और आरजेडी को पता है कि अति पिछड़ा ही वो वोट बैंक है जो आने वाले चुनाव मे बेड़ा पार लगा सकती है। इसी वजह से सदन की कार्रवाई खत्म होने के पहले बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने अति पिछड़ा का आरक्षण का दायरा बढ़ाने की बात कह बीजेपी की मंशा साफ कर दी है। वहीं जदयू भी अपना दावा कर रही है। लेकिन, अति पिछड़ा वोट पर आरजेडी की नजर भी है क्योंकि एक समय था जब इस वोट बैंक को लालू यादव का जिन्न कहा जाता था और इस जिन्न को जातिगत गणना और आरक्षण बढ़ाने के बाद आरजेडी अपने पाले में करने की कोशिश में लग गई है। शक्ति यादव, आरजेडी प्रवक्ता कहते हैं कि लालू यादव शुरू से ही अति पिछड़ा समाज को उचित प्रतिनिधित्व देते आए हैं और आने वाले समय में भी हमारी पार्टी अति पिछड़ा समाज की भूमिका समझती है और उनका उचित हक पार्टी जरूर देगी। इसमें किसी को कोई शंका नहीं होनी चाहिए। आरजेडी तमाम जातियों को लेकर चलती है और आगे भी हम इसी राह पर चलेंगे।

उपायुक्त ने खाद्य सामग्रियों का वितरण कराया

खबर मन्त्र संवाददाता

गोड्डा। जिले के सुंदरपहाड़ी प्रखंड के घटियारी पंचायत के तसरिया मैदान में उपायुक्त, गोड्डा जिशान कमर के द्वारा सुदूर गावों में रहने वाले पीवीटीजी परिवारों के बीच जाकर आजीविका बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही उनके बीच खाद्य समग्री का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में डीसी के द्वारा वर्तमान में पीवीटीजी परिवारों को मिलने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी ली गई ,उन्होंने सरकार के द्वारा चलाई जा रही सभी कल्याणकारी योजनाओं के संबंध मे पीवीटीजी परिवारों को अवगत कराते हुए कहा कि राशन कार्ड, पेयजल, आवास, शौचालय, बिजली सहित अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु आगामी ₹सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में किए जाएंगे। जिन किसी को भी किसी भी प्रकार की समस्याएं हैं वे आगामी शिविर में आकर अपनी समस्याओं को रख सकते हैं। 'आपकी योजना -आपकी सरकार -आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन 24 नवंबर से 26 दिसंबर 2023 तक आपके पंचायतों में आयोजित किए जाएंगे।

कांग्रेस ने की संगठन समीक्षात्मक बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

गोड्डा। जिला के पथरगामा प्रखंड में माँ योगिनी स्थान के भक्त गृह में पथरगामा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो जी की अध्यक्षता में पथरगामा प्रखंड के पंचायत स्तर से कांग्रेस कार्यकताओं का संगठन सशक्तिकरण समिक्षा बैठक बुलाई गई । जिसमें मुख्य रूप से झारखंड कांग्रेस विधायक दल के उपनेता सह पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव एवं गोड्डा जिला कांग्रेस प्रभारी अनुकूल मिश्रा के साथ में कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश यादव उपस्थित रहे। विधायक प्रदीप यादव ने मिशन 2024 चुनाव को लेकर प्रखंड स्तर से लेकर पंचायत स्तर और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर सभी कार्यकताओं को प्रेरित किया और कांग्रेस के केन्द्र से राज्य सरकार एवं कांग्रेस गठबंधन सरकारों के द्वारा सभी योजनाओं का विस्तारित जानकारी एक एक जन तक पहुंचाने को कहा, मौके पर जिला प्रभारी मिश्रा ने कहा कि गोड्डा लोक सभा सीट को जिताने के लिये मुझे प्रदेश से जो भी जिम्मेदारियां दी गई है उसे मैं हर सम्भव प्रयास करूंगा एवं गोड्डा लोकसभा सीट को कांग्रेस के झोली में देने का हर सम्भव प्रयास करूंगा, जिला अध्यक्ष ने सभी पंचायत से आये अध्यक्षों एवं कार्यकताओं का स्वागत किया और कहा की आप पंचायत स्तर के कार्यकर्ता पार्टी के सशक्त पिलर होते हैं आप जब पंचायत और बूथ को मजबूत करते हैं तब जाकर केन्द्र तक मजबूत होता है।

दुमका पुलिस ने चारपहिया वाहनों की चोरी करने वाला अंतरराज्जीय गिरोह का किया पदार्फाश

6 चारपहिया वाहन व एक टोटो समेत 6 अपराधियों को पुलिस धर दबोचने में रही सफल

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। दुमका पुलिस को बडी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चार पहिया वाहन चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार करते हुए 6 चारपहिया वाहन एवं एक टोटो बरामद करने में सफल रही। इसकी जानकारी शनिवार को समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने दी। एसपी श्री खेरवार बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी और वाहनों की बरामदगी दुमका और बिहार के विभिन्न जिलों से हुई है। एसपी ने बताया कि पुलिस को सूचना थी कि स्विफ्ट डिजायर से अपराधी दुमका में प्रवेश करता है और स्कार्पियो को चोरी कर फरार हो जाता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मुफस्सिल थाना के सुसनिया डंगाल में छापेमारी की। पुलिस टीम को सड़क किनारे खड़ी एक स्विफ्ट डिजायर में बैठे 4 लोग दिखे। जो पुलिस को देखते ही भागने का प्रयास किया। जिसे पुलिस हिरासत में लेने में सफल रही।पूछताछ एवं गाड़ी की तलाशी में पुलिस को चाभी का गुच्छा, वाहन चोरी करने में प्रयुक्त होने वाले मशीन, केबल, ड्रील मशीन और 2 नम्बर प्लेट मिला। जांच करने पर वाहन में लगे नम्बर प्लेट भी फर्जी निकला। कागजात मांगने पर कागजात भी अपराधी प्रस्तुत नहीं कर पाया। पुलिस ने वाहन सहित सभी सामान को जप्त करते हुए चारों चोर को हिरासत में लिया। सख्ती से पूछताछ पर बताया अंतरराज्जीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश हुआ। दुमका सहित राज्य के अन्य जिलों से वाहन चोरी कर बिहार ले जाने और फर्जी चेचिस व इंजन नम्बर पंच करवा कर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर कम मूल्य पर बेचने का कार्यों का खुलासा हुआ। गिरफ्तार चोरों के निशानदेही पर

पुलिस ने बिहार के विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर दो अन्य वाहन चोर को गिरफ्तार करते हुए पुलिस की टीम 4 स्कार्पियो वाहन एवं एक टोटो और बैट्री को बरामद की।एसपी ने बताया कि गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की गिरफ्तारी का प्रयास में पुलिस जगह-जगह छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार अपराधियों में दुमका जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मुखराली निवासी कमल पाल, असहना निवासी नवीन कुमार सिंह, गिरिडीह के नगीना सिंह रोड निवासी सुबोध कुमार, बिहार के समस्तीपुर निवासी मो रब्बान, बक्सर निवासी कमलेश सिंह यादव और सारण जिला निवासी सोनू कुमार सिंह को पुलिस गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दी है।

महिला सुरक्षा समेत विभिन्न अपराध पर लगाम लगाने को एसपी ने दिए निर्देश

दुमका। एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने जिले के एसडीपीओ, डीएसपी, इंस्पेक्टर एवं जिले के विभिन्न थाना के थाना प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा की बैठक किया। बैठक में एसपी ने सभी थाना प्रभारी को लंबे समय से लंबित चले आ रहे हैं कांडों को त्वरित गति से निष्पादन करने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर निर्देश दिया। एसपी ने विधि व्यवस्था संबंधित विषयों पर समीक्षा करते हुए सभी पुलिस पदाधिकारी को विशेष दिशा निर्देश दिए। वहीं वाहन चोरी की घटना को रोकने के लिए गश्ती पार्टियों को लगातार गश्ती करने का निर्देश दिया। विशेष कर महिला सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र के हाट बाजारों में दिवाली के शुभ अवसर पर सतत निगरानी बरतने को निर्देशित किया।

कार्यकर्ता सम्मेलन जिला मुख्यालय गोड्डा में कमिटी गठन और प्रचार प्रसार

खबर मन्त्र संवाददाता

गोड्डा। आज पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गोड्डा जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति की विस्तृत सम्मेलन जिला मुख्यालय के सरकंडा विवाह भवन में आयोजित किया गया। विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बासुदेव सोरेन जी के द्वारा करते हुवे संचालन भी किया।सम्मेलन में सभी प्रखंडों से प्रखंड अध्यक्ष/सचिव के साथ साथ पंचायत अध्यक्ष/सचिव ,पंचायत समिति सदस्य के साथ हजारों की संख्या में उपस्थित हुवे। सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष ने माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के द्वारा लागू सभी जनकल्याण योजनाओं के प्रचार प्रसार के साथ पंचायत कमिटी विस्तार एवं सदस्यता अभियान अभियान की गति पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत जानकारी दी।सम्मेलन में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मजबूत इरादों को बताते हुवे सर्वश्रेष्ठ मुख्यमंत्री बताया। साथ ही सरना धर्मकोड की विस्तृत जानकारी दी। पूर्व जिला अध्यक्ष सह केंद्रीय समिति सदस्य राजेश मंडल ने सभी प्रखंड अध्यक्ष/सचिव के कार्यों को संतोषप्रद बताते हुवे सम्मान पूर्वक संगठन के तरफ से जोहार करते हुवे चरणस्पर्श करने की बात कही।साथ ही केंद्र की भाजपा सरकार की हेमंत विरोधी कारनामों को उजागर करते हुवे कहा अगर माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को जिस तरह से तिरस्कृत करने का काम बीजेपी कर रही है वो बंद करे वर्ना झारखंड मुक्ति मोर्चा के सिपाही जेल भरो अभियान चला कर ,झारखंड के जेल को छोटा बना देगा।पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम नंदन मंडल, कयूम अंसारी अल्पसंख्य' मोर्चा अध्यक्ष ने भी जोरदार संबोधन किया।वही जिला उपध्यक्ष घनश्याम यादव,केंद्रीय समिति सदस्य कौशलेंद्र टुडू,सांसद प्रतिनिधि सुबल मंडल ने कार्यकर्ताओ को हेमंत विरोधी को गंगा पार करने की बात रक्खा। अन्य वक्ताओं में पोड़ैयाहाट प्रखंड अध्यक्ष अवध किशोर हंसदा, गोड्डा सदर प्रखंड अध्यक्ष बालमुकुंद महतो,बसंतराय प्रखंड अध्यक्ष सुलतान अहमद, महगामा प्रखंड अध्यक्ष मो.रहीम अंसारी,पथरगामा प्रखंड अध्यक्ष राजू हांसदा, बोआरीजर प्रखंड अध्यक्ष सुनील मरांडी,ठाकुर गंगती प्रखंड अध्यक्ष लंबोदर महतो, मेहरमां प्रखंड अध्यक्ष अकीदत अंसारी,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष चंदन हेंब्रम,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ललिता झा,छात्र मोर्चा अध्यक्ष देवराज कुमार,मीडिया सदस्य दिलीप ठाकुर,जिला कोषाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह,बोआरीजोर क्षेत्रीय अध्यक्ष ताला बाबू हंसदा, केंद्रीय समिति सदस्य मुन्ना खुर्शीद ने भी जोरदार संबोधन किया। अंत में जिला सचिव मो.अजीमुद्दीन जी पिछले 25 वर्षो में से ऐसा कार्यकर्ता सम्मेलन में हजारों कार्यकताओं की अभूतपूर्व उपस्थिति दर्ज होने की बात कहते हुवे सम्मेलन समाप्ति की घोषणा की।

एक नजर में

घर में देवी देवताओं का स्वागत करने का तरीका है रंगोली : एमपी केशरी

गढ़वा। शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में दीपावली के पूर्व संध्या पर रंगोली एवं दीप सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र- छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने रंग बिरंगे और मनमोहक रंगोली बनाकर अपनी कुशल कला और कौशल का प्रदर्शन किया। मौके पर निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि रंगोली भारत की प्राचीन एवं लोकप्रिय लोक कला है। लोग सौभाग्य लाने के लिए अपने घरों के प्रवेश द्वार पर रंगोली बनाते हैं। जिसमें रंगीन पाउडर, चावल, रेत या फूलों की परखुड़ियों का उपयोग करते हैं। रंगोली अक्सर दिवाली, पोंगल और ओणम जैसे त्योहारों के दौरान बनाई जाती है, जो उत्सवों में रंग और आनंद जोड़ता है।

जुआ खेलते 16 गिरफ्तार

डोमचांच (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत महथाडीह व तेतरियाडीह से 16 जुआड़ियों को अवैध रूप से जुआ खेलते गिरफ्तार किया गया। साथ ही नगद रुपये व मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की संध्या 7:30 बजे डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्ला खां को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गश्ती सह छापामारी के क्रम में ग्राम महथाडीह से 11 जुआरी पकड़े गए। जिनके पास से कुल 23 हजार 8 सौ 60 रूपये नगद, मोबाइल, ताश की गड्डी व एक बुलेट मोटरसाईकिल संख्या जेएच01सीपी/ 0751 भी जप्त किया गया। उपरोक्तलोगों के विरुद्ध डोमचांच थाना कांड संख्या 154/23, धारा 420/109/34 भाद्रवि. एवं बंगाल सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1867 के तहत दर्ज किया गया है।

रेलवे हाईटेंशन तार टूट कर गिरने से एक मजदूर एवं एक यात्री की मौत

कोडरमा। धनबाद रेल मंडल के परसाबाद रेलवे स्टेशन के समीप शनिवार को पुरुषोत्तम एक्सप्रेस ट्रेन के गुजरने के बाद हाईटेंशन तार टूट कर गिर गया। जिससे स्टेशन के पास काम कर रहे एक मजदूर कि मौत, एक यात्री गंभीर रूप से घायल एवं तीन मजदूर घायल हो गये। घटना की सुचना मिलते ही रेलवे के वरीय पदाधिकारी मौके पर पहुंच कर गंभीर रूप से घायल यात्री को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा, जहां इलाज के दौरान उक्त यात्री कि मौत हो गई। हेादसे के बाद परसाबाद रेलवे स्टेशन की अप और डाउन ओवर हेड वायर की बिजली बंद कर दी गई। जिस कारण अप और डाउन लाइन पर परिचालन ठप रही।

आदिवासियों के हक व अधिकार को लेकर जागरूकता सेमिनार का आयोजन

दुमका। जोहार मानव संसाधन विकास केंद्र में संविधान प्रदत आदिवासियों के हक अधिकार विषयक सामुदायिक नेताओ के लिए शनिवार को एक दिवसीय सेमिनार आयोजित हुई। साहिबगंज जिले के शहिद ग्राम भोगनाडीह स्थित एटीसीसी के डायरेक्टर मुख्य वक्ता सह रिसोर्स पर्सन फादर चाको ने सामुदायिक नेताओं को भारत का संविधान मे उल्लेख मौलिक आधिकार, मौलिक कर्तव्य, मानवाधिकार की सार्वभौमिक घोषणा के कुल 30अनुच्छेद के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। केंद्र के सुपीरियर सिविल कोर्ट अधिवक्ता फादर मनु बेसरा ने संवैधानिक प्रदत्त आदिवासियों के अधिकारों के संदर्भ में जानकारी दिया। उन्होंने वर्तमान भारत में अनुसूचित जाति एवं जनजातियों की स्थिति के बारे में बताया। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए भारत के संविधान में अनुच्छेद 366(24) एवं 366(25) की विस्तृत जानकारी दी।

पेज 1 का शेष

10 आइपीएस समेत...

दस आइपीएस समेत 2000 जवान तैनात : झारखंड के 23वें स्थापना दिवस पर पीएम मोदी के दौरे पर पीएमओ की मुहर लग गयी है। पीएम की सुरक्षा और कार्यक्रम स्थल समेत आसपास इलाका पुलिस छावनी में तब्दील रहेगा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से 10 आइपीएस, 35 डीएसपी बीडीएस व डॉक स्क्वॉयड की टीम समेत 2000 फोर्स सुरक्षा की कमान संभालेंगे। आगमन से लेकर प्रस्थान तक हेलीपैड के इंचार्ज आइपीएस स्तर के अधिकारी के जिम्मा होगा।

ट्रेन पर गिरा हाईटेंशन...

हालांकि देर शाम ट्रेनों का परिचालन शुरू कर दिया गया। घटना के दौरान रेलवे के पोल का एक हिस्सा पुरुषोत्तम एक्सप्रेस के जनरल बोगी में सफर कर रहे एक यात्री को लगा, जिससे उसकी मौत हो गयी। वहीं परसाबाद स्टेशन पर काम कर रहे तीन-चार मजदूरों को भी झटके लगे। इसमें एक मजदूर की गंभीर स्थिति देखते हुए उसे सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गयी। मृतकों में मजदूर मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल छवी शेख (26) और बिहार निवासी संजय मांझी (24) शामिल है। जनरल बोगी में संजय मांझी आंध्र प्रदेश से काम कर लौट रहा था। बाहर से एक रॉड बोगी को फाड़ कर उक्त युवक के पेट में घुस गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रेल इंजन को ओवरहेड तार से जोड़ने वाले उपकरण में कुछ खराबी के कारण तार उसमें फंस गया, जो पुरूषोत्तम एक्सप्रेस के ऊपर गिर गया। इस हादसे से सियालदह दुरंतो एक्सप्रेस कोडरमा में चार घंटे खड़ी रही। पुरुषोत्तम एक्सप्रेस परसाबाद स्टेशन पर तीन घंटे से अधिक समय तक खड़ी रही। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे के आला अधिकारी घटनास्थल पहुंचे।

मुंबई में मत चूको...

दूसरा सेमीफाइनल ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच गुरुवार (16 नवंबर) को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जायेगा। सेमीफाइनल जीतने वाली टीमों की भिड़ंत फाइनल में होगी। वर्ल्ड कप 2023 का फाइनल रविवार (19 नवंबर) को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जायेगा। पहले सेमीफाइनल मैच में भारत और न्यूजीलैंड की टीमें आमने-सामने होंगी, क्योंकि पहले स्थान पर भारत है और चौथे नंबर पर न्यूजीलैंड की टीम। न्यूजीलैंड ने अपने आखिरी लीग मैच में श्रीलंका को पांच विकेट से हराया और नौ मैच में पांच जीत के साथ 10 अंक हासिल करते हुए पॉइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर अपनी जगह बरकरार रखी। भारत सभी आठ मैच जीत कर 16 अंकों के साथ यहां पहुंची है। **कोहली का आज रिकार्ड संभव :** टीम इंडिया का अंतिम लीग मैच रविवार को बेंगलुरु में नीदरलैंड के खिलाफ होगा। इस मैच में सभी की निगाहें दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली पर टिकी होंगी। अगर विराट कोहली नीदरलैंड के खिलाफ शतक बना देते हैं तो वह महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के सर्वाधिक 49 वनडे शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ देंगे। इसके साथ ही वनडे क्रिकेट में सड़कों के लिहाज से एक नया अध्याय जुड़ जायेगा। ये मुकाबला रविवार दोपहर 2 बजे से होगा। **पाक बाहर :** शनिवार को पाकिस्तान की टीम को इंग्लैंड के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का मौका मिला, जिससे उसके हाथ से अपने नेटरन रेट को बढ़ाने का मौका फिसल गया। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 337 रन बनाये और पाकिस्तान को इसे 6.4 ओवर में हासिल करने की चुनौती मिली, जिसे पाकिस्तान नहीं हासिल कर सका। इस वजह से पाकिस्तान की टीम सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो गयी। वर्ल्ड कप 2023 पाकिस्तान के लिए बेहद खराब रहा।

भाजपा ही आदिवासियों की...

अब भाजपा इस राज्य को और अधिक विकसित बनायेगी। कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के अलावा कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व को भी निशाने पर लिया और कहा कि इन नेताओं को अपने बच्चों को राजनीति में स्थापित करने की चिंता है। ये लोग राज्य के लोगों का हित कैसे कर पायेंगे। परिवारवाद का बीज बोने वाली कांग्रेस का सफाया होगा। उन्होंने लोगों से कहा कि आपका एक वोट मध्य प्रदेश और देश का भविष्य तय करेगा।

स्पीड न्यूज

सायरा बानो से मिले प्रधानमंत्री मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुभवी अभिनेत्री सायरा बानो से मुलाकात की और कहा कि सिनेमा की दुनिया में उनके कामों की पीढ़ियों से सराहना की जाती है। पीएम मोदी ने एक्स पर मुलाकात की तस्वीरें साझा की। पहली तस्वीर में दोनों बैठे हुए हैं और बात कर रहे हैं। दूसरी तस्वीर में दो आइकन कैमरे के लिए पोज देते दिख रहे हैं।उन्होंने लिखा ि सायरा बानो जी से मिलना अद्भुत रहा। सिनेमा की दुनिया में उनके बेहतरीन काम ने कई पीढ़ियों को बहुत सिखाया है और सब उनकी तारीफ करते हैं। आज उनसे इस मुलाकात में कई अलग-अलग विषयों पर अच्छी बातचीत हुई।

पूर्व मंत्री रामगोपाल बैरवा भाजपा में शामिल

जयपुर। कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री रामगोपाल बैरवा और चाकसू से पार्टी के पूर्व विधायक अशोक तंवर सहित कई अन्य नेता शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए।. भाजपा के मीडिया सेंटर में यहां पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक नारायण पंचारिया ने इन नेताओं का पार्टी में स्वागत किया।

नोटबंदी दुनिया का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार : अखिलेश

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि भाजपा सरकार की नोटबंदी दुनिया का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार है। देश में जो 15 लाख करोड़ रुपये का फ्रॉड और नुकसान हुआ था उसी की भरपाई के लिए इस सरकार ने सोची समझी रणनीति के तहत नोटबंदी का फैसला लिया था। सरकार ने जनता का सारा पैसा बैंकों में जमा कराया। गरीबों का पैसा लेकर अमीरों की तिजोरी भरने का काम किया। प्रधानमंत्री ने कहा था कि नोटबंदी से भ्रष्टाचार और आतंकवाद खत्म हो जाएगा। महंगाई कम होगी। लेकिन उनका दावा झूठा साबित हुआ। नोटबंदी के बाद भी न भ्रष्टाचार कम हुआ, न महंगाई रुकी और नहीं आतंकवाद खत्म हुआ।

मंत्री के बेटे और पोते को उपद्रवियों ने पीटा

चेन्नई। तमिलनाडु के राजस्व मंत्री के .के .एस .एस .आर .रामचंद्र के बेटे और पोते की यहां के सिनेमाघर में हंगामे का विरोध करने पर उपद्रवियों के एक समूह ने कथित तौर पर पिटाई कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार की रात यहां टी नगर के एक सिनेमाघर में फिल्म देखने के दौरान अनुचित व्यवहार पर सवाल उठाने पर अनियंत्रित समूह ने राज्य के राजस्व मंत्री रामचंद्रन के बेटे और पोते के साथ झगड़ा किया और उसके बाद उपद्रवियों ने पीटा।

टीएमसी व कांग्रेस के 150 नेता भाजपा में शामिल

गुवाहाटी। असम में टीएमसी की राज्य इकाई के महासचिव और कांग्रेस के कई नेताओं सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के लगभग 150 सदस्य शनिवार को सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने इन नेताओं का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो राष्ट्रहित में काम करती है, और इसमें वंशवाद की राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है।

अयोध्या में पुष्पक विमान से पहुंचे राम, सीता और लक्ष्मण

मुख्यमंत्री योगी और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया स्वागत

एजेंसी

। प्रतीकात्मक भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण 14 वर्ष के वनवास के बाद पुष्पक विमान से शनिवार को अयोध्या पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल तथा उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने उनका स्वागत किया। शनिवार को भरत और शत्रुघ्न ने गले लगाकर भगवान राम और लक्ष्मण का स्वागत किया। हेलीपैड से भगवान राम, अपने तीनों भाई, माता जानकी, हनुमान और गुरु वशिष्ठ के साथ रथ पर सवार होकर रामकथा पार्क स्थित कार्यक्रम स्थल की ओर बढ़े। भगवान राम जिस रथ पर माता सीता और अपने भाइयों के साथ सवार थे, उसे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक खींच रहे थे। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि राज्यपाल और मुख्यमंत्री के अलावा मंत्री जयवीर सिंह, राकेश सचान, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने आरती उतारकर भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण, गुरु वशिष्ठ और हनुमान का अभिनंदन किया। इसके बाद, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान राम का प्रतीकात्मक राज्याभिषेक भी किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में शामिल हुए साधु संतों का भी स्वागत किया।

उन्होंने महंत नृत्य गोपाल दास को शॉल ओढ़ाकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अयोध्या के दीपोत्सव पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया।

बीआरएस और कांग्रेस से रहें सावधान : मोदी

एजेंसी

- **प्रधानमंत्री बोले-केसीआर ने दस साल में मडिगा समुदाय समेत सभी को धोखा दिया**
- **कांग्रेस का इतिहास भी दलित और पिछड़ा विरोधी**

हैदराबाद । भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि तेलंगाना की जनता को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और कांग्रेस से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बीआरएस की तरह ही कांग्रेस का इतिहास भी दलितों और पिछड़ों से नफरत का रहा है। दस वर्षों में, तेलंगाना सरकार ने मडिगा समुदाय सहित सभी को धोखा दिया। मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार में भी कांग्रेस और बीआरएस एक जैसे हैं। बीआरएस सरकार ने भ्रष्टाचार में दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार के साथ गठबंधन किया। वे शराब घोटाले में शामिल हैं। वे काम में नहीं बल्कि भ्रष्टाचार में सहयोग करते हैं। प्रधानमंत्री तेलंगाना में सिकंदराबाद के परेड ग्राउंड में मडिगा आरक्षण संघर्ष समिति (एमआरपीएस) द्वारा आयोजित एक सार्वजनिक रैली को किया। मडिगा सामुदायिक संगठन तेलुगु राज्यों में अनुसूचित जाति के सबसे बड़े घटकों में से एक है। मोदी के साथ मंच पर मौजूद समिति के संस्थापक अध्यक्ष मंदा कृष्णा मडिगा के आंसू छलक पड़े। मोदी ने उनका कंधा थपथपा कर सांत्वना दी और उन्हें सहयोग का विश्वास दिलाया। मोदी ने कहा कि बीआरएस की तरह ही कांग्रेस का इतिहास भी दलितों और पिछड़ों से नफरत का रहा है। उन्होंने कहा कि बाबू जगजीवन राम को कांग्रेस के अपमान का सामना करना पड़ा। मोदी ने कहा कि बीआरएस ने नया संविधान मांगकर बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भाजपा ने रामनाथ कोविंद को राष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाया, तो कांग्रेस ने उन्हें हराने के लिए पूरी ताकत लगा दी। इसी प्रकार जब एक आदिवासी महिला को भारत का पहला आदिवासी राष्ट्रपति बनाने का प्रस्ताव रखा तो कांग्रेस ने द्रौपदी मुर्मू का भी विरोध किया। जब दलित सरकारी अफसर हीरालाल सामरिया को चीफ इन्फॉर्मेशन कमिश्नर बनाया गया तो कांग्रेस ने उनके शपथ समारोह का भी विरोध किया।

भाजपा ही आदिवासियों की सच्ची हितैषी : शाह

मनावर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा ही आदिवासियों की सच्ची हितैषी पार्टी है और इसने आदिवासियों के हित में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। श्री शाह ने मध्यप्रदेश के पश्चिमी हिस्से में स्थित धार जिले के मनावर में शनिवार को चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कई दशकों तक सत्ता में रहने वाली कांग्रेस ने आदिवासियों का उपयोग सिर्फ वोट बैंक के रूप में किया और उनके हित में कदम नहीं उठाए। आदिवासियों के हित में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने नौ वर्षों के दौरान किए। यहां तक कि भाजपा ने इसी वर्ग से आने वाली महिला को राष्ट्रपति बनवाने का मार्ग भी प्रशस्त किया। श्री शाह ने इस अवसर पर आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा का स्मरण करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने ही 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जयंती गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है ।

एक नजर में

15 नवंबर को मिलेंगे बाइडेन और जिनपिंग

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 15 नवंबर को मुलाकात होगी। यहां व्हाइट हाउस ने इसकी घोषणा की है। मीडिया रिपोर्ट्स में व्हाइट हाउस के हवाले से कहा गया है कि राष्ट्रपति बाइडेन बुधवार (15 नवंबर) को एक साल में पहली बार चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से आमने-सामने मिलेंगे। इस मुलाकात को दुनिया की दो महाशक्तियों के बीच तनाव को कम करने के उद्देश्य से उच्च-स्तरीय कूटनीति का हिस्सा माना जा रहा है। दोनों के बीच यह मुलाकात सैन फ्रांसिस्को के खाड़ी क्षेत्र में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) शिखर सम्मेलन पर होनी है। इस मुलाकात में बीजिंग और वाशिंगटन के अधिकारियों के भी शामिल होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले इससे पहले बाइडेन और जिनपिंग पिछले साल 13 नवंबर को इंडोनेशिया के बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले मिले थे।

विश्व की जनसंख्या आठ अरब के पार

वाशिंगटन। अमेरिकी जनगणना ब्यूरो का अनुमान है कि वैश्विक जनसंख्या आठ अरब से अधिक हो चुकी है। हालांकि यह सीमा 10 माह पहले 26 सितंबर 2022 को पार कर ली थी। वहीं विश्व जनसंख्या वृद्धि में धीमी गति की दीर्घकालिक प्रवृत्ति जारी है। अमेरिकी जनगणना ब्यूरो ने एक बयान में कहा है कि वैसे तो संयुक्त राष्ट्र ने अनुमान लगाया था कि यह संख्या 10 महीने पहले पार हो गई थी और 22 नवंबर, 2022 को आठ अरब जनसंख्या का दिनङ्क घोषित किया गया था। ब्यूरो के अनुसार यह विसंगति देशों द्वारा जनगणना की अलग-अलग पद्धति के कारण या बिल्कुल गणना नहीं करने के कारण हो सकती है। इसके अनुसार, कई देशों में जन्म और मृत्यु दर्ज करने की प्रणाली का अभाव है। ब्यूरो के अनुसार, भारत और नाइजीरिया जैसे कुछ सबसे अधिक आबादी वाले देशों ने एक दशक से अधिक समय से जनगणना नहीं की है। विश्व जनसंख्या वृद्धि की दर 1960 और 2000 के बीच दोगुनी होने के बाद से धीमी हो गई है। कनाडा जैसे देशों में वृद्धावस्था मृत्यु दर में कमी आ रही है, जबकि नाइजीरिया जैसे देशों में पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर में कमी देखी गई है।

पाक में सिख पर्यटकों के लिए पोर्टल लॉन्च

लाहौर। भारत और दुनिया के अन्य हिस्सों से पाकिस्तान की यात्रा करने वाले सिखों की सुविधा के लिए पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने पोर्टल लॉन्च किया है। पंजाब प्रांत के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी ने सिख यात्रा बुकिंग पोर्टल को अभूतपूर्व धार्मिक पर्यटन कार्यक्रम की संज्ञा दी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में इस तरह का यह पहला मामला है। पीएम काकर सिख तीर्थयात्रियों को प्रदान की जा रही वीजा सुविधाओं की समीक्षा के लिए बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, काकर ने कहा कि अपने पवित्र स्थानों के दर्शन के लिए देश में आने वाले सिख तीर्थयात्री पाकिस्तान में मेहमान हैं। मुख्यमंत्री नकवी ने कहा कि दुनिया भर के सिख तीर्थयात्री अब पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन होटल बुकिंग कर सकते हैं।

लालू और तेजस्वी के करीबी कात्याल गिरफ्तार

एजेंसी

नौकरी के बदले जमीन घोटाला

नयी दिल्ली। नौकरी के बदले जमीन घोटाले मामले में ईडी ने राजद के प्रमुख लालू प्रसाद और उनके बेटे तेजस्वी यादव के सहयोगी बताए जा रहे अमित कात्याल को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कात्याल को शुक्रवार को हिरासत में लिया और फिर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि कात्याल को अदालत में पेश किए जाने की संभावना है, जहां ईडी पूछताछ के लिए उसकी हिरासत की मांग करेगी। कात्याल करीब दो महीने से ईडी के समन की अनदेखी कर रहा था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल में इस मामले में उसके खिलाफ जारी ईडी के समन को रद्द करने के अनुरोध वाली उसकी याचिका खारिज कर दी थी। ईडी ने इस साल मार्च में जब लालू, तेजस्वी, उनकी बहनों और अन्य के परिसरों पर छापे मारे थे, तब कात्याल से जुड़े ठिकानों की भी तलाशी ली गई थी। कात्याल राजद सुप्रीमो का करीबी सहयोगी होने के साथ-साथ ए के इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड का पूर्व निदेशक भी है। एके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड इस मामले में एक लाभार्थी कंपनी है और इसका पंजीकृत पता दक्षिणी दिल्ली की न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित एक आवासीय भवन है, जिसका इस्तेमाल तेजस्वी कर रहे थे।कथित घोटाला उस समय का है, जब लालू केंद्र में संयुक्त संप्रग की पहली सरकार में रेल मंत्री थे।

सुरत से बिहार जा रही ट्रेन में भगदड़, एक की मौत और दो घायल

सूरत। छठ के लिए बिहार जाने वाली विशेष ट्रेन में शनिवार को सवार होने के दौरान गुजरात के सूरत रेलवे स्टेशन पर मची अफरा-तफरी के एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। ताप्ती गंगा एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ने के लिए दौड़े, जिससे अफरा-तफरी मच गई और कुछ लोग बेहोश हो गए। मृतक पहचान वीरेंद्र सिंह के रूप में की है।

हमास के 150 आतंकी ढेर

तेल अवीव/यरुशलम। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने शनिवार को कहा कि उसने उत्तरी गाजा में फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के सभी गढ़ों पर नियंत्रण हासिल कर लिया। इस दौरान एयर स्ट्राइक कर गढ़ों में बनाई गई मजबूत सुरंगों को ध्वस्त कर उनमें छुपे हमास के 150 आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स में आईडीएफ के हवाले से कहा गया है कि 401वीं ब्रिगेड ने लगभग 150 आतंकवादियों का सफाया कर दिया है और उत्तरी

इजराइली सेना ने उत्तरी गाजा में हमास के गढ़ों पर किया कब्जा

गाजा में हमास के आतंकवादियों के सभी गढ़ों पर नियंत्रण हासिल कर लिया है। गाजा में रातभर लड़ाई जारी रही। आज सुबह गाजा सीमा पर इजराइल के किबुत्ज में खतरे के सायरन बजे हैं। उधर, अमेरिका के न्यूयॉर्क में फिलिस्तीन समर्थकों ने इजराइल का झंडा जलाया है। गाजा के वर्तमान हालात से चिंतित अरब देशों ने सऊदी अरब के परामर्श के बाद आज संयुक्त अरब इस्लामी शिखर सम्मेलन आहूत किया है।

अनन्या पांडे ने खरीदा नया घर



मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस और एक्टर चंकी पांडे की बेटी अनन्या पांडे ने मुंबई में अपना घर खरीदा है। इस बात की जानकारी उन्होंने फोटो शेयर करते हुए दी। उन्होंने अपने नए घर में धनतेरस के मौके पर पूजा की। महज 25 साल की उम्र में अनन्या ने मुंबई में अपना खुद का घर खरीदा है। अनन्या ने इंस्टाग्राम पर पूजा करते हुए अपनी एक फोटो और वीडियो शेयर किया है। पीली ड्रेस में अनन्या बेहद खूबसूरत लग रही हैं। मेरा अपना घर!! एक नई शुरूआत के लिए आप सभी के प्यार और शुभकामनाओं की जरूरत है!!!

वहीं, अनन्या पांडे के काम की बात करें तो उनकी फिल्म ड्रीमगर्ल 2 अगस्त में रिलीज हुई थी। इसमें उन्होंने आयुष्मान खुराना के साथ काम किया था। फिल्म को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। फिल्म हिट रही। फिलहाल वह अपनी पर्सनल लाइफ के कारण सुर्खियों में हैं। वह एक्टर आदित्य रॉय कपूर को डेट कर रही हैं।

सरल पूजा विधान से खुश होंगी लक्ष्मी

दीपावली हिंदू धर्म सर्वाधिक महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व है। दीपावली शब्द की उत्पत्ति 2 शब्दों से मिलकर हुई है दीप+आवली=दीपावली। दीप का मतलब दिया और आवली का मतलब श्रृंखला है। इस पर्व को प्रकाश उत्सव पर्व भी कहा जाता है। दीपावली की शाम को यानि प्रदोषकाल के शुभ मुहूर्त में माता लक्ष्मी,भगवान गणेश के साथ माता सरस्वती, धन के देवता कुबेर और मां काली की पूजा होती है। दिवाली की रात में पूजा में कोई कमी न रह जाए इसके लिए हम आपको पूजा की सरल और आसान विधि बता रहे हैं।

कैसे करे पूजा?

■ स्नान करके पवित्र आसन पर बैठकर आचमन करें। फिर गणेशजी का स्मरण कर, अपने दाहिने हाथ में गन्ध, अक्षत, पुष्प, दूर्वा, धन और जल आदि लेकर दीपावली महोत्सव के निमित्त गणेश, अम्बिका, महालक्ष्मी, महासरस्वती, महाकाली, कुबेर आदि देवी-देवताओं के पूजनार्थ संकल्प करें। संकल्प मंत्र को बोलते हुए संकल्प कीजिए, 'मैं अमुक व्यक्ति अमुक स्थान और समय पर अमुक देवी-देवता की पूजा करने जा रहा हूं जिससे मुझे शास्त्रोक्त फल प्राप्त हो'।

■ सबसे पहले गणेश जी और गौरी का पूजन करिए। फिर कलश स्थापन, षोडशमातृका पूजन और नवग्रह पूजन करके महालक्ष्मी आदि देवी-देवताओं का पूजन करें। हाथ में थोड़ा- सा जल ले लें और भगवान का ध्यान करते हुए पूजा सामग्री चढ़ाएं।

■ हाथ में अक्षत और पुष्प ले लें। नवीन बही खातों पुस्तकों पर केसर युक्त चंदन से या फिर लाल कुमकुम से स्वास्तिक का चिह्न बनाना चाहिए। इसके बाद इनके ऊपर श्री गणेशाय नमः लिखना चाहिए।

■ इसके साथ ही एक नई थैली लेकर उसमें हल्दी की पांच गांठे, कमलगट्टा, अक्षत, दूर्वा व दक्षिणा रखकर, थैली में भी स्वास्तिक का चिन्ह लगाकर सरस्वती मां का स्मरण करना चाहिए।

■ जहां पर नवग्रह यंत्र बनाया गया है, वहां पर रुपया, सोना या चांदी का सिक्का, लक्ष्मी जी की मूर्ति या मिट्टी के बने हुए लक्ष्मी-गणेश, सरस्वती जी की मूर्तियां सजायें। कोई धातु की मूर्ति हो तो उसे साक्षात रूप मानकर दूध, दही ओर गंगाजल से स्नान कराकर अक्षत, चंदन का श्रृंगार करके फूल आदि से सजाएं।

■ दीपावली का विधिवत-पूजन करने के बाद घी का दीपक जलाकर महालक्ष्मी जी की आरती की जाती है। आरती के लिए एक थाली में रोली से स्वास्तिक बनाएं। उसमें कुछ अक्षत और पुष्प डालें, गाय के घी का चार मुखी दीपक चलायें और मां लक्ष्मी की शंख, घंटी, डमरू आदि से आरती उतारें। दीपावली की रात कर लें यह उपाय, पूरे साल रहेगी महालक्ष्मी की कृपा - इसके ही दाहिने और एक पंचमुखी दीपक अवश्य जलायें, जिसमें घी या तिल का तेल प्रयोग किया जाता है।

धन्वंतरि के सर्वप्रथम उल्लेख महाभारत एवं पुराणों में मिलते हैं। विष्णु पुराण में भी बताया गया है कि समुद्र मंथन के बाद भगवान धन्वंतरि अमृत से भरा कलश धारण किए हुए निकले हैं। भगवत पुराण में ही धन्वंतरि को भगवान विष्णु का बारहवां अवतार बताया गया है। सुश्रुत संहिता दिवोदास धन्वन्तरि ने सुश्रुत आदि ऋषियों को उपदेश देते हुए बताया है कि मैं ही आदिदेव धन्वंतरि हूं और पृथ्वी पर आयुर्वेद के उपदेश के लिए अवतरित हुआ हूं। महाकाली की मूल प्रतिष्ठा औषधियों में मानी गई है। तंत्र शास्त्र में इसका वर्णन है।

जानें किस दीये को जलाने से शनिदेव समेत 9 ग्रह होंगे प्रसन्न

दीपावली दीपों का महापर्व है। इस पावन पर्व पर रूठे ग्रहों को सिर्फ मंत्रों से ही नहीं बल्कि दीये से भी मना सकते हैं। कुंडली में उनके दोष को दूर करके उनकी शुभता प्राप्त कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि ग्रहों को बलिष्ठ करने हेतु किस ग्रह के लिए कौन सा दीया जलाया जाए –

सूर्य - यदि आपकी राशि में सूर्य कमजोर है, तो सूर्य को प्रसन्न कर सकारात्मक रूप से बली करने के लिए आटे का दीया प्रज्वलित करना चाहिए। आटे का दीपक बनाकर, उसके चारों ओर मौली लपेटकर, उसमे शुद्ध घी डालकर दीप प्रज्जवलित करना चाहिए। तांबे का दीप प्रज्वलित करने से भी सूर्यदेव प्रसन्न होते हैं।

चन्द्रमा - कुंडली में यदि चंद्र नीच अवस्था में हैं और आपके लिए अशुभ हैं, तो उसे शुभ करने हेतु चांदी के दीपक में दीप प्रज्जवलित करना चाहिए। इससे चंद्र बलिष्ठ होता है और शुभ फलदायी होता है।

मंगल - मंगल ग्रह की शांति हेतु जातक को चुकंदर को दीपक के आकार में काट कर उसमे शुद्ध घी की बत्ती जलाने से मंगल ग्रह सकारात्मक रूप से बलिष्ठ होता है। तांबे का दीप प्रज्ज्वलित करने से भी मंगल ग्रह शांत होता है।

बुध - जातक की कुंडली में बुध यदि शुभ नहीं है और हानि पहुंचा रहा है, तो जातक बुध को शुभ करने हेतु मिट्टी के दीपक में गाय का घी डालकर प्रज्वलित करे। ऐसा करने से बुध ग्रह की शुभता मिलती है और वह लाभप्रद हो जाता है। बुध व्यवसाय का कारक है, इसलिए यदि बिजनेस में लाभ नहीं मिल रहा तो मिट्टी के दीपों को प्रज्जवलित कर दीपदान करने से व्यापार में लाभ प्राप्त होगा।

गुरु - गुरु यदि नीच अवस्था में है और नकारात्मक रूप से सक्रिय है, तो उसके प्रभाव को कम करने हेतु जातक को पीतल के दीपक में शुद्ध घी डालकर प्रज्वलित करना चाहिए। गुरु शुभ फलदायी होंगे। यदि सक्षम हैं तो सोने का दीप भी प्रज्वलित कर सकते हैं।

शुक्र - शुक्र ग्रह की कृपा प्राप्त करने हेतु जातक को चावल के आटे का दीपक बनाकर, गाय के घी द्वारा दीप प्रज्वलित करना चाहिए। यदि किसी की कुंडली में शुक्र अशुभ फल दे रहा है, तो उन जातकों को नारियल के सख्त छिलके में गाय के घी द्वारा दीप प्रज्वलित करना चाहिए। ऐसा करने से जातक शुक्र ग्रह की पूर्ण कृपा का पात्र होता है।

शनि - शनिदेव जो कि न्यायाधीश हैं, यदि यह नकारात्मक रूप से सक्रिय हैं, तो उन्हें बली बनाने हेतु जातक को लोहे से बने दीपक में शुद्ध सरसों का तेल डालकर प्रज्वलित करना चाहिए। ध्यान रहे कि ऐसा ही एक दीया पीपल के पेड़ के नीचे भी रखना चाहिए। इससे शनि देव प्रसन्न होते हैं और जातक को शुभ फल देते हैं।

राहु - राहु ग्रह की शांति के लिए भी लोहे के दीपक में सरसों का तेल डालकर प्रज्वलित करना चाहिए।

केतु - केतु ग्रह मंगल की तरह आचरण करता है। अतः केतु के लिए मिश्रित धातु का दीप शुद्ध घी से प्रज्जवलित करना चाहिए।

मिट्टी का दिया प्रायः सभी देवताओं के लिए पूर्णतयः उपयुक्त माना जाता है। हालांकि ग्रह विशेष की शांति के लिए उपर्युक्त प्रकार से भी जातक दीपदान कर सकते हैं।

यदि आप विभिन्न प्रकार के रोगों से ग्रसित हैं, तो पीपल के पत्ते पर शुद्ध घी कि ज्योति जलाने से समस्त रोगों का नाश होता है। इसी तरह पान के पत्ते पर शुद्ध घी का दीप प्रज्वलित करने से समस्त विघ्नो का नाश होता है।

देवताओं और मनुष्यों का उत्सव माह दीपावली

देवताओं और मनुष्यों का उत्सव माह कार्तिक त्योहारों का महीना है। साल भर में सबसे ज्यादा त्योहार इसी महीने में आते हैं। इतने ज्यादा कि दिन के हिसाब से गिनती लगाएं, तो पूरे महीने में प्रतिदिन तीन त्योहार आते हैं। इनमें प्रमुख त्योहारों में धनतेरस या धन्वंतरी जयंती, श्री हनुमान जयंती, नरक चौदस, छोटी दीवाली, महालक्ष्मी पूजन, अन्नकूट महोत्सव, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, विश्वकर्मा जयंती, षष्ठी व्रत, अक्षय नवमी, देवोत्थानी एकादशी, तुलसी विवाह, भीष्म पंचक, बैकुंठ चतुर्दशी, कार्तिक पूर्णिमा, पुष्कर स्नान और श्री गुरुनानक देव जी की जयंती आदि हैं। प्रत्येक त्योहार का अपना दर्शन और संदेश है। दोनों को मिलाकर देखें, तो धर्म और अध्यात्म का व्यावहारिक संदेश या शिक्षण मिल जाता है। उसके अनुकरण की प्रेरणा खेल-खेल में नहीं उत्सव और उल्लास के माहौल में मिल जाती है।

स्कंद पुराण में लिखा है कि धर्म का आधार लेकर भी जो धन कमाते हैं, उसका दसवां हिस्सा पुण्य-परमार्थ व ईश्वरीय कार्य में लगाया जाए, तो ही शुद्ध होता है। कई लोग अपनी सुख-सुविधाओं और बच्चों के लिए लाखों रुपये व्यय करते हैं, परंतु धन का त्याग धर्म कार्य हेतु नहीं करते हैं। उनका वही धन दुर्घटना या रोग में स्वत? ही सूद के साथ व्यय हो जाता है। साधना का अर्थ है- तन, मन और धन का त्याग। कहने पर लोग तुरंत कह देते हैं कि तन और मन से क्या कर सकते हैं? जो व्यक्ति स्थूल धन का त्याग नहीं कर सकता, जो ईश्वर प्रदत्त है, वह सूक्ष्म मन, बुद्धि और अहंभाव का क्या त्याग करेंगे।

देव दिवाली

कार्तिक मास की पूर्णिमा को देव दिवाली और इससे पंद्रह दिन पहले, मनाई गई दिवाली को प्रायः सभी जानते हैं, लेकिन देव दिवाली का स्वरूप सामान्य होते हुए भी महत्व असाधारण और विशिष्ट है। लोग इसे त्रिपुरारी पूर्णिमा के नाम से भी जानते हैं। दिवाली के समय भगवान विष्णु निद्रा में लीन होते हैं, इसलिए लक्ष्मी की पूजा उनके बिना ही की जाती है। मान्यता है कि देवउठनी ग्यारस को भगवान विष्णु के उठने के बाद सभी देवों ने भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की आरती उतारी, इसलिए यही देव दिवाली है। इस दिन गुरु नानक जयंती भी होती है।

त्रिपुरारी पूर्णिमा

त्रिपुरारी पूर्णिमा के दिन ही भगवान शंकर ने त्रिपुरारी नामक राक्षस का संहार किया था। इस दिन भगवान शंकर को तुलसी और भगवान विष्णु को बेलपत्र अर्पित किया जाता है। इस दिन मंदिरों में दिये जलाए जाते है। देव दिवाली से चार दिन पहले देवोत्थान एकादशी कार्तिक, शुक्ल पक्ष की एकादशी को कहते हैं। दिवाली के बाद आने वाली एकादशी को ही देवोत्थान एकादशी अथवा देवउठान एकादशी या 'प्रबोधिनी एकादशी' कहा जाता है।

देवोत्थान (देव-उठनी) एकादशी

आषाढ, शुक्ल पक्ष की एकादशी की तिथि को देव शयन करते हैं और कार्तिक,शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन उठते हैं। इसीलिए इसे देवोत्थान (देव-उठनी) एकादशी कहा जाता है। कहा जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु, जो क्षीर सागर में सोए हुए थे, चार माह उपरांत जागे थे। विष्णु जी के शयन काल के चार मासों में विवाहादि मांगलिक कार्यों का आयोजन करना निषेध है। हरि के जागने के बाद ही इस एकादशी से सभी शुभ तथा मांगलिक कार्य शुरू किए जाते हैं। इस दिन तुलसी और शालिग्राम के विवाह का आयोजन होता है।

तुलसी-शालीग्राम विवाह

तुलसी की कथा सुनकर अक्सर लोग कुतर्क भी करने लगते हैं, लेकिन पौराणिक कथा में कई गहरे दर्शन निहित है। इन कथाओं का चिंतन-मनन करने से जो सार सामने आता है, वह जीवन जीने के तरीके सिखाता है। देवी तुलसी का सत्व महान था, जो उनके असुर पति को अजेय और अमर बनाए हुए था। तुलसी ने पति का साथ न देकर विष्णु का साथ दिया। विष्णु के साथ हास-परिहास भी उनके असुरपति को हार दिला सकता था, उन्होंने परिहास किया। जब वह उसके साथ भस्म हो गईं, तो कहते हैं कि उनके शरीर की भस्म से तुलसी का पौधा बना। यह पौधा भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय है। हर भोग को वह तुलसी पत्र के साथ ही स्वीकार करते हैं। उनका पहला नाता उसी से है, बाकी सब तो इस सृष्टि में आने के बाद बने। कभी भी ऐसा धर्म संकट खड़ा हो, तो बिना किसी संदेह के ईश्वर को ही चुने।

उल्लू देखना शुभ है

हिन्दू धर्म में दिवाली सबसे बड़ा त्यौहार है। ऐसी मान्यता है कि साल के इस दिन यानि कार्तिक अमावस्या पर माता लक्ष्मी घर आती हैं। इसी वजह से स्वागत के लिए महीने भर पहले से ही घरों में तैयारियां शुरू हो जाती हैं। लोग अपने घरों की विशेष रूप से साफ-सफाई और सजावट करते हैं। दीपावली को लेकर कुछ मान्यताएं प्रचलित है और ऐसा कहा जाता है कि दिवाली की रात जब मां लक्ष्मी का घर पर आगमन होता है तो व्यक्ति को कुछ संकेत भी मिलते हैं। जिसे बहुत ही शुभ माना जाता है। दिवाली की रात इन संकेतों के दिखने पर घर पर कभी भी आने वाले समय में पैसों की कोई कमी नहीं रहती। आइए जानते है उन संकेतों के बारे में...दीपावली की रात को अगर आपको उल्लू दिखे तो समझ जाएं कि आपकी किस्मत चमकने वाली है। उल्लू मां लक्ष्मी का वाहन माना जाता है। ऐसे में उल्लू का दिखना शुभ संकेत है।

दीपावली वाले दिन अगर बिल्ली घर में रखा दूध पी जाएं इसे शुभ संकेत माना जाता है। यह संकेत खुशहाली का संकेत है और माता लक्ष्मी साल भर आपके ऊपर कृपा बरसाने वाली है।दिवाली की रात को छछूंदर का दिखना शुभ माना जाता है। अगर आपको भी दीपावली की रात को घर में छछूंदर दिखता है तो इसका मतलब आपको धन की कमी नहीं होगी।दिवाली वाले दिन घर में छिपकली के दिखने का मतलब है कि आप के ऊपर मां लक्ष्मी की कृपा होने वाली है।

इन चीजों को घर से हटा दें

कार्तिक कृष्ण पक्ष अमावस्या तिथि को मनाया जाने वाला दिवाली का त्योहार विशेष रूप से माता लक्ष्मी की आराधना के लिए होता है। इस बार 7 नवंबर को दीपावली मनाई जाएगी। दीपावली आने से पहले ही इसकी तैयारी काफी दिनों पहले से होने लगती है। सुख-समृद्धि की कामना लिए प्रत्येक व्यक्ति हर साल दीपावली पर अपने घर की सफाई जरूर करता है, ताकि धन की देवी लक्ष्मी उनके घर में वास करे और उनकी आर्थिक परेशानी दूर हो। ऐसा माना जाता है कि मां लक्ष्मी ऐसे घर में नहीं जाती हैं जहां पर गंदगी और और अशुभ चीजें रहती है। मां लक्ष्मी को साफ-सफाई बहुत पसंद होती है। ज्योतिष और वास्तुशास्त्र के अनुसार दीपावली पर घर में टूटी-फूटी चीजें नहीं होनी चाहिए।खराब इलेक्ट्रिक समान

यदि आपके घर में कोई इलेक्ट्रिक समान खराब पड़े हैं तो उसे बनवाकर दोबारा इस्तेमाल में ले या फिर दिवाली से पहले घर से बाहर करना न भूलें। खराब पड़े ये बिजली के समान आपके सेहत और सौभाग्य दोनों के के लिए अशुभ साबित होते हैं।टूटे हुए शीशे की चीजें

यदि आपके घर के किसी भी कोने में टूटा हुआ शीशा रखा है या फिर आपकी खिड़की में टूटे हुए शीशे लगे हैं तो उसे तुरंत घर से बाहर करें और उसकी जगह नया शीशा लगवाएं। घर पर टूटा शीशा रखना अशुभ होता है।छत के हिस्से को रखें साफ-सुथरा

इस दिवाली के पहले घर की छत साफ करें और पहले से पड़े हुए कूड़ा-कबाड़ या प्रयोग में न लाया जाने वाले समान को घर से बाहर कर दें।खंडित मूर्तियां

कभी भूलकर भी किसी देवी-देवता की खंडित मूर्ति या तस्वीर की पूजा नहीं करनी चाहिए। दुर्भाग्य को दूर करने के लिए दिवाली से पहले ऐसी फोटो और मूर्तियों को जरूर किसी पवित्र स्थान में ले जाकर दबा दें।बंद पड़ी घड़ी को हटा दें

वास्तु अनुसार घड़ी आपके प्रगति का प्रतीक होती है। ऐसे में बंद घड़ी निश्चित रूप से आपके उन्नति में बाधक है। इसलिए यदि घर में खराब घड़ी है तो उसे दिवाली से पहले जरूर घर से निकाल बाहर करें।

दिवाली में क्या करें क्या न करें

पूरे देश में दिवाली की पर्व मनाया जाएगा। इस दिन सुख-समृद्धि और वैभव पाने के लिए माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा की जाती है। शास्त्रों में दिवाली के दिन कुछ कार्यों को करना विजत माना गया है। इसलिए दिवाली के दिन ऐसे कार्यों को नहीं करना चाहिए वरना पूरे साल गरीबी और परेशानियां आपका पीछा नहीं छोड़ेंगी। आइए जानते हैं दीपावली के दिन कौन-कौन से काम नहीं करना चाहिए। दिवाली के दिन कभी भी शाम के समय सोना नहीं चाहिए। इससे दरिद्रता आती है क्योंकि शाम के समय देवी लक्ष्मी घर आती हैं और घर के किसी भी सदस्य के बिस्तर पर सोने की स्थिति में देखने पर वापस लौट जाती हैं।दीपावली के शुभ दिन पर आप अपने घर के बड़े लोगों का सम्मान करें। भूलकर भी उनके लिए अपशब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से माता लक्ष्मी की कृपा दिवाली पर नहीं मिलती।अक्सर लोग दिवाली के दिन शराब और नशा आदि का सेवन करते हैं। इस दिन भूलकर भी ऐसा ना करें। इससे पूरे घर में गरीबी और दरिद्रता आती है।दीपावली के दिन भूलकर भी घर पर किसी सदस्य से लड़ाई-झगड़ा आदि नहीं करना चाहिए। जिस घर पर ऐसा होता है वहां पर माता लक्ष्मी का वास नहीं होता है।लक्ष्मी जी उसी घर पर सबसे पहले आती हैं जहां साफ सफाई रहती है। दीपावली पर आप घर की दीवारों से लेकर फर्श तक साफ रखें और घर के बाहर रंगोली जरूर बनाएं। साथ ही साथ फूल की मालाओं से भी घर को सजाएं।

दिवाली पर अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना चाहिए इस खास मौके पर किसी पर गुस्सा करके हानि नहीं पहुंचानी चाहिए। ऐसा करने से माता लक्ष्मी नाराज हो सकती है।